Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-197
रायपुर, रविवार 09 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


**क्विक न्यूज़**

### हमने हमेशा नारीशक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दीः नड्डा



**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कि जन संघ से लेकर भाजपा तक, हमने हमेशा नारीशक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और नारी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नड्डा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यहां आयोजित 'महिला दिवस कार्यक्रम' में अपने संबोधन में कहा कि समग्र राष्ट्र की मातृशक्ति का वंदन करता हूँ एवं उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का फोकस वीमेन लेड डेवलपमेंट पर है और वे नारीशक्ति के विकास से ही दुनिया का विकास संभव है।

### इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सरकार का फोकस क्षेत्र : वैष्णव



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सरकार के लिए एक फोकस क्षेत्र बना हुआ है और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के प्रचार और अपनाने के लिए सही बुनियादी ढाँचा और पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वैष्णव ने तेलंगाना के महबूबनगर जिले के दिवितिपल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर में चार विनिर्माण इकाइयों की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान अमरा राजा कंपनी की गीगा फैक्ट्री-1 के लिए आधारशिला रखी। लोहुम कंपनी के महत्वपूर्ण खनिजों के शोधन और बैटरी रीसाइक्लिंग के लिए भूमिपूजन किया।

### भारत-आयरलैंड ने संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना पर जतायी सहमति

**डबलिन।** भारत और आयरलैंड ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों के महत्व को स्वीकार करते हुए भारत-आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना पर सहमति व्यक्त की है। आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, व्यापार और रक्षा मंत्री साइमन हैरिस के निमंत्रण पर भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने 06-07 मार्च 2025 तक आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा के दौरान यह महत्वपूर्ण सहमति बनी। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर चर्चा की।

# छत्तीसगढ़ में विकसित हो रहा जुरासिक रॉक गार्डन, पर्यटन को मिलेगी नई दिशा

## एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म पार्क, 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्म मिले

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com





मनेंद्रगढ़ वनमंडल में स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहाँ 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्म मिले है। जानकारी अनुसार देश में ऐसे सिर्फ चार और जगह समुद्री जीवाश्म मिले है। लेकिन मनेंद्रगढ़ का मरीन फॉसिल पार्क इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्री जीवाश्म पार्क है। यह जीवाश्म हसदेव नदी के किनारे लगभग 1 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसे राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारक का दर्जा भी प्राप्त है। इसकी खोज 1954 में भूवैज्ञानिक एसके घोष ने कोयला खनन के दौरान की थी। यहां से द्विपटली (बायवेल्व) जीव, गैस्ट्रोपॉड, ब्रैकियोपॉड, क्रिनॉइड और ब्रायोजोआ जैसे प्राचीन समुद्री जीवों के जीवाश्म मिले हैं। इसके चलते यह देशभर के शोधार्थी और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी पुष्टि 2015 में बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ पैलेंटोलॉजी, लखनऊ के द्वारा भी की गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह क्षेत्र पर्मियन युग के समय समुद्र में डूबा हुआ था, ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ा, जिससे समुद्री जीव चट्टानों में दब गए और लाखों वर्षों में जीवाश्म के रूप में बदल गए, जो बाद में जलस्तर घटने से उभरकर उपर आ गए। यह पार्क गोंडवाना महाद्वीप के भूगर्भीय इतिहास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। तब से वनविभाग इस क्षेत्र को संरक्षित करते आ रहा है। वर्तमान में वनविभाग इस क्षेत्र को गुजरात और झारखंड के डायनासोर फॉसिल पार्क के तर्ज पे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रहा है। हसदेव नदी के किनारे प्राकृतिक हार्ड ग्रेनाइट रॉक्स को काट के प्राचीन जीवजंतुओ की कला कृतियाँ बनायी जा रही है जो लोगो को आकर्षित कर रही है। बड़े पत्थरों को तराश के ज़मीन, पानी और एम्फीबियन के अब तक 30 प्राचीन जानवरों की मूर्तियाँ बनायी जा चुकी है। इसको देख के पर्यटक समझ सकेंगे की पृथ्वी में पहले किस तरह के विशालकाय जानवर हुआ करते थे जहाँ इंसान का रह पाना संभव नहीं था। इस तरह का यह छत्तीसगढ़ में पहला रॉक गार्डन होगा। इसके अलावा इंटरप्रिटेशन सेंटर भी बनाया गया है जहाँ पर्यटक फॉसिल के पत्थर को देख सकेंगे और फॉसिल बनने की प्रक्रिया को भी पेंटिंग के माध्यम से जान सकेंगे। 450 करोड़ साल पहले पृथ्वी कैसे बना और अब तक उसमे क्या बदलाव हुए उसे भी जान सकेंगे। कैक्टस गार्डन और बम्बू सेटम भी विकसित किया जा रहा है। लोग हसदेव नदी में ही बम्बू राफ्टिंग का भी आनंद उठा सकेंगे। इस फॉसिल पार्क में नेचर ट्रेल का भी पर्यटक लुत्फ उठा सकेंगे।देश के दूसरे फॉसिल पार्क में अब तक इस तरह के फैसिलिटी नहीं है। सरगुजा संभाग में अब तक ज्यादातर पर्यटक मैनपाट को ही देखने आते है। वन विभाग और डीएफओ मनेन्द्रगढ़ का यह अभिनव पहल गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को छत्तीसगढ़ के बड़े पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलायेगा।



मनेन्द्रगढ़ वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप ने पायनियर संवाददाता को बताया कि जुरासिक रॉक गार्डन के विकसित होने से सरगुजा संभाग को पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। यह एरिया हसदेव नदी के किनारे लगभग 1 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। जो पर्यटको को लुभाने के साथ-साथ इतिहास को भी बताने का काम करेगा।

## ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है ग्रामीण भारत की आत्माः मोदी

एजेंसी < नवसारी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में कहा कि ग्रामीण भारत की आत्मा, ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है। मोदी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहां लखपति दीदियों को सम्मानित कर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात की महिलाओं का सामर्थ्य, गुजरात के उदाहरण किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। यहां पंचायत चुनावों में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। जब आपने मुझे प्रधानसेवक के तौर पर दिल्ली भेजा, तो उसी अनुभव को, उसी प्रतिबद्धता को मैं देश में लेकर के गया। जब देश को नई संसद मिली, तो हमने सबसे पहला बिल नारी शक्ति के लिए पास किया। यह संसद का जो भवन बना है, उसमें हमने पहला काम किया, बहनों के लिए और यही, माताओं और बहनों के प्रति मोदी की समर्पण भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आप जानती हैं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़ी हुई सबसे गर्व की बात क्या है। एक सामान्य पृष्ठभूमि, एक आदिवासी परिवार से आने वाली हमारी राष्ट्रपति जी ने इस बिल पर मुहर लगाई, मंजूरी दी है।

## गुजरात में जिम्मेदारी निभाने तक कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकती : राहुल गांधी

वार्ता < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि गुजरात कांग्रेस की रीढ़ रही है और उसने ही गांधीजी जैसा नेतृत्व देकर पार्टी को जीने और निडर होकर आगे बढ़ने का मंत्र दिया है, लेकिन कांग्रेस पिछले तीन दशक से गुजरात की सत्ता से बाहर है और वह जानते हैं हम जिम्मेदारी का जब तक निर्वहन नहीं करेंगे कांग्रेस राज्य में चुनाव नहीं जीत सकती है। गांधी ने कहा कि गुजरात ने कांग्रेस को ही देश को भी रास्ता दिखाया है और कांग्रेस के पांच बड़े नेताओं में से दो गुजरात से ही रहे हैं। सबसे आगे गांधीजी थे तो उनसे एक कदम पीछे सरदार पटेल थे। गुजरात में कांग्रेस 30 साल से सत्ता में नहीं है और आश्चर्य इस बात का है कि वह जब भी गुजरात आते हैं चर्चा चुनाव पर ही होती है लेकिन वह जानते हैं कि जब तक जिम्मेदारी पूरी नहीं होगी कांग्रेस गुजरात में चुनाव नहीं जीत सकती है। गुजरात की अपनी दो दिन की यात्रा के दूसरे दिन गांधी ने अहमदाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जो हमारी जिम्मेदारी है। उसको जब तक हम पूरा नहीं करेंगे, गुजरात की जनता हमें चुनाव नहीं जिताएगी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव न केवल प्रखर राष्ट्रवादी थे, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान के दृढ़ रक्षक भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन धर्म, संस्कृति और समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनके नेतृत्व में प्रारंभ हुआ 'घर वापसी' अभियान एक ऐतिहासिक सामाजिक आंदोलन बना, जिसने हजारों लोगों को उनकी मूल सनातन परंपरा से पुनः जोड़ने का कार्य किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जूदेव जल, जंगल, जमीन और जनजातीय अस्मिता के सशक्त प्रहरी थे। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में आदिवासी समाज को उनका गौरव और पहचान लौटाने के लिए उन्होंने अनवरत संघर्ष किया। उनके प्रयासों से समाज में राष्ट्रवादी चेतना का प्रसार हुआ और छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से और अधिक जुड़ने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में राष्ट्रवादी मूल्यों को आत्मसात कर समाजहित में कार्य किया। उनकी दृढ़ता, निडरता और ओजस्वी नेतृत्व आज भी हम सभी को प्रेरित करता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## महिला आरक्षण लागू करने की सरकार की नीयत नहीं, करेंगे विरोध प्रदर्शन : अलका

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने कहा है कि लोकसभा और राज्यसभा ने संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए विधेयक पारित कर दिया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीयत इसे लागू करने के बजाय महिलाओं के साथ धोखा करने की है जिसके खिलाफ सोमवार को यहां जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। लाम्बा ने शनिवार को यहां कांगेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला इस देश की 'आधी आबादी' है। जब भी देश में कोई महिला ये कहे कि मैं अबला हूं, बेचारी हूं, अन्याय-अत्याचार की शिकार हूं, मुझे न्याय चाहिए तो उसके मन में 'महिला कांग्रेस' का नाम आना चाहिए। जब इंदिरा जी ने महिला कांग्रेस की स्थापना की थी तो उनकी सोच महिलाओं को सिर्फ राजनीतिक तौर पर आगे बढ़ने की नहीं थी बल्कि उनकी सोच हासिए पर खड़ी बेटी और बहन को न्याय दिलाना था। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की 'आधी आबादी' के लिए जो शानदार काम किया है, वह पूरा देश जानता है। आज इस देश में 15 लाख बहनें ऐसी हैं, जो पंच, सरपंच, पार्षद, वार्ड अध्यक्ष और मेयर हैं। हमें इन 15 लाख बहनों तक पहुंचना होगा और यह बताना होगा कि उन्हें यह मुकाम दिलाने में राजीव गांधी जी का कितना बड़ा योगदान है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आज पूरा विश्व, पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। आज प्रदेश की सरकारें महिलाओं को सम्मानित कर रहीं हैं, जो कि अच्छी बात है।

## सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत 25 से ज्यादा लोग घायल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





कवर्धा में तेज रफ्तार के कारण बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। जिले के पलानी पाट में एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 25 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। जिसमें से पांच लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। उसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। मृतको के नाम 14 वर्षीय बालिका उर्वशी साहू और मुखीन बाई साहू है। बताया जा रहा है कि पिकअप में कुल 40 से ज्यादा लोग सवार थे। उर्वशी और मुखीन बाई के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लालजी सिन्हा अपने टीम और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजने का काम किया। जानकारी अनुसार यह हादसा शादी समारोह में जाने के दारौन हुआ। दरअसल हाथीडोब सिंघनपुरी के साहू परिवार के लोग अपनी नवविवाहित बेटी के ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी यह हादसा घटित हुआ। वाहन के ओवरलोड होने की वजह से यह हादसा होना बताया जा रहा है। दुर्घटना के शिकार लोग हाथीडोब सिंघनपुरी के रहने वाले हैं।

**महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है**

## आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी और सशक्त महिलाओं के बल पर ही भारत विकसित बन सकता हैः मुर्मु

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत को सभी का सपना बताते हुए कहा है कि आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त महिलाओं के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है, इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए खुद को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा, आज हम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के एक साधारण परिवार और पिछड़े क्षेत्र में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक की उनकी यात्रा भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और सामाजिक न्याय की कहानी है। राष्ट्रपति ने कहा, विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए, जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। मुर्मु ने कहा कि महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने कभी निराश नहीं किया है। संविधान सभा की सदस्य रहीं सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी और हंसाबेन मेहता जैसी विभूतियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है, बल्कि देश और समाज का मान भी बढ़ाया है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो या समाज सेवा हो- सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा के प्रति सम्मान जगाया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़नी चाहिए।

## 353 नवविवाहित जोड़ों को सीएम ने दिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < जशपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री वष्णु देव साय ने जशपुर जिले में कुनकुरी विकासखंड के सलियाटोली स्थित मिनी स्टेडियम में स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर 353 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री साय ने वैदिक रीति-रिवाज से विवाह मंडप की अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रत्येक जोड़े को उपहार भेंट कर सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री साय ने सभी विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर मंगलकामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे समाज में विवाह केवल दो व्यक्ति यों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है। उन्होंने सभी नवदम्पतियों को प्रेम, विश्वास और समर्पण को अपने वैवाहिक जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं और बहनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही महिलाओं को सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर भी एक महिला विराजमान हैं, खेल से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी शक्ति का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी बजट तैयार किया गया है, जिसमें जशपुर के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल की घोषणा के बाद अब मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना होगी।

## भाजपा की विपदा सरकार ने महिलाओं को नहीं दिए 2500 रुपए : आतिशी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आप ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली की लाखों महिलाएं अपने फोन में 2500 रुपए आने के मैसेज का इंतजार करती रह गईं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की विपदा सरकार ने पैसे नहीं दिए। आप की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया कि आठ मार्च दिल्ली की हर महिला के खाते में ढाई हजार रुपए की राशि आएगी। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं को सलाह दी कि आप अपने बैंक के खाते को अपने फोन से लिंक करा लीजिए, क्योंकि 08 मार्च को आपके पास मैसेज आएगा कि आपके खाते में ढाई हजार रुपए पहुंच गए। 08 मार्च है, दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं कि कब उनके खाते में 2500 रुपए डलेंगे और कब उनके फोन में मैसेज आएगा। आतिशी ने कहा कि आज भाजपा की दिल्ली सरकार ने यह साबित कर दिया कि वह मोदी की गारंटी नहीं थी, सिर्फ एक जुमला था। आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपए नहीं मिले और न तो उनको एक स्कीम ही मिली। यहां तक कि एक पंजीकरण का पोर्टल तक नहीं मिला, जिस पर जाकर महिलाएं अपने नाम भर दें, अपने खाते और अपने आधार कार्ड की डिटेल डाल दें। आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए की जगह एक चार सदस्य की कमेटी मिली। आतिशी ने कहा कि हिंदी में एक कहावत है कि खोदा पहाड़, निकली चूहिया। दिल्ली की महिलाओं के साथ भी ऐसा ही धोखा हो गया है कि महिलाओं के खाते में 2500 रुपए डालने का वादा किया था और मिली चार मंत्रियों की कमेटी, एक झुनझुना मिला।

# जम्मू में 16000 कनाल से ज्यादा जमीन पर अवैध कब्जा, आरटीआई से खुलासा

एजेंसी जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू स्थित आरटीआई कार्यकर्ता रमन शर्मा की ओर से दायर सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन के माध्यम से एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है कि जम्मू विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने आधिकारिक रूप से स्वीकार किया है कि इसकी 16000 कनाल से ज्यादा भूमि पर निजी पार्टियों और भू-माफियाओं का अवैध कब्जा है जो यह जेडीए की कुल भूमि का 20 प्रतिशत से अधिक है। ऑनलाइन आरटीआई आवेदन के जवाब में जेडीए के सचिव एवं जन सूचना अधिकारी विश्वजीत सिंह ने कहा कि जेडीए की कुल 80,976 कनाल और 10 मरला भूमि में से 16,467 कनाल और 10 मरला भूमि पर अतिक्रमणकारियों का अवैध कब्जा है और की तारीख में केवल 65,508 कनाल भूमि ही जेडीए के वास्तविक कब्जे में है, जिसका मतलब है कि जेडीए की 20.34 प्रतिशत भूमि अवैध कब्जा है। बयान के अनुसार यह भी पता चला कि जम्मू जिले में जेडीए के पास 68,992 कनाल और 11 मरला भूमि है, जबकि सांबा जिले में उसके पास 11,983 कनाल और 19 मरला भूमि है। जम्मू-कश्मीर सरकार और जेडीए के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए बड़े-बड़े दावों के विपरीत, आरटीआई में वर्ष 2015 से 2025 तक जेडीए द्वारा खाली की गई और वापस ली गई भूमि के कुल क्षेत्रफल के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया गया और जेडीए के जवाब में बस इतना कहा गया कि रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। विभिन्न न्यायालयों में जेडीए के खिलाफलंबित कानूनी मामलों की कुल संख्या से संबंधित प्रश्न के उत्तर में, जेडीए द्वारा दिए गए उत्तर से पता चला कि वर्तमान में, उसके खिलाफ कुल 635 मामले लंबित हैं, जिनमें अधीनस्थ न्यायालयों में 212, जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में 422 और शीर्ष न्यायालय में एक मामला लंबित है। आरटीआई कार्यकर्ता ने जेडीए की इतनी बड़ी भूमि पर अवैध कब्जे के खुलासे पर चिंता व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से आग्रह किया कि वे इस पर ध्यान दें।

# पशुओं की वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति पर कार्यशाला

एजेंसी भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पशुओं की वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 एवं 12 मार्च को होगा। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं मध्य प्रदेश राज्य पशु चिकित्सा परिषद के समन्वय से आयोजित इस कार्यशाला में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के विषय विशेषज्ञ अभय महाजन, प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, अध्यक्ष, वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया उमेश चंद्र शर्मा शामिल होंगे। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश के पशु चिकित्सकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसमें लगभग 110 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यशाला में वैकल्पिक पद्धति से पशुओं की चिकित्सा किए जाने संबंधी एक पॉलिसी बनाने का भी कार्य किया जाना है। इससे शासन द्वारा वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति को पशुओं की चिकित्सा के लिए प्रदेश में लागू किया जा सके । देश में आदिकाल से पारंपरिक एवं वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता था। इसे पुनः पशुओं की चिकित्सा में बढ़ावा देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह कार्य शाला आयोजित की जा रही है। वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण मनुष्यों एवं पशुओं में जीवाणु रोधी दवाइयाँ के प्रति प्रतिरोधकता का बढ़ना महामारी का रूप ले रहा है, जो एक भयानक वैश्विक खतरा बनता जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एवं एंटीबायोटिक के दुरुपयोग से इसका दुष्प्रभाव मनुष्य एवं पशुओं में देखा जा रहा है। इसके कारण एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस की वैश्विक समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे निपटने के लिये अल्टरनेट वेटरनरी प्रैक्टिस जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा इत्यादि का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है।

# भाजपा महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही है: विष्णुदत्त

एजेंसी भोपाल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के गरीबी हटाओ और महिला सशक्तीकरण सिर्फ नारे नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें इसे धरातल पर साकार कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में किस प्रकार लाया जाए और किस तरह से उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनाया जाए, इसके व्यवहारिक प्रयास अगर किसी ने किए हैं, तो वह मोदी ही हैं। भाजपा महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें तो अपनी योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर ही रही हैं, भाजपा के संगठन ने भी महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने के प्रयास किए हैं। इसी का परिणाम है कि पार्टी में जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष और बूथ समिति के अध्यक्ष पद पर भी बड़ी संख्या में महिलाएं चुनी गई हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण और विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। विकास के लिए जरूरी है कि पुरुष और महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर चलें, मिलकर प्रयास करें। हम सभी को इस दिशा में विचार करने की जरूरत है। इस अवसर पर मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति दुबे, पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा, जिलाध्यक्ष वंदना जाचक, सुषमा चौहान, नमिता देशवानी, शक्ति दुबे, शशि सिन्हो सहित मोर्चा की पदाधिकारी व बहनें उपस्थित थी।

# बिहार के 8387 पंचायतों में आयोजित होगा नि :शुल्क ग्रामीण कैंसर जांच कार्यक्रम

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने प्रदेश के 38 जिलों के लगभग लगभग 45 हजारों गांवों के 8387 पंचायतों के लिए निःशुल्क ग्रामीण कैंसर जांच कार्यक्रम का लोकार्पण डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के प्रांगण में किया। इस दौरान ग्रामीण कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के लिए समर्पित नए ऐप एवं बिहार का पहला स्लीप इंस्टीट्यूट के लोकार्पण के साथ ही ऑन को-मीट 2025 का भी उद्घाटन किया गया। अपने संबोधन में पांडेय ने कहा कि बिहार में कैंसर के खिलाफअभियान की सख्त जरूरत है। खासकर ग्रामीण एवं सुदूर इलाकों में बसने वाली आबादी पर फोकस जरुरी है। डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ प्रभात रंजन ने इस अभियान को निःशुल्क चलाने का निर्णय लिया है। इससे निश्चित तौर पर बिहार के सुदूर इलाकों में रह रहे लोगों को लाभ मिलेगा। यदि पहले ही कैंसर की जांच करके उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर ली जाए तो इलाज करना संभव है। पांडे ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां सर्वाइवल कैंसर के बचाव के लिए महिलाओं को टीके लगाए जाते हैं। प्रदेश में इस बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। हमारा लक्ष्य है कि महिलाओं में होने वाली इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए जन-जागरुकता में तेजी आए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। जिससे राज्य की जनता लाभान्वित हुई है। एक दौर था जब कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पाड़ता था लेकिन हमारे मुख्यमंत्री की सोच एवं निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि राज्य में कैंसर की बीमारी का समुचित इलाज हो रहा है। मंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर में भी 425 करोड़ की लागत से कैंसर का बड़ा अस्पताल खुलने जा रहा है। वहीं पटना में चल रहे महावीर कैंसर अस्पताल को राज्य सरकार ने खुलकर सहयोग प्रदान की। राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम की समुचित व्यवस्था कर दी गयी है। 2005 के बाद स्वास्थ्य सेवा में काफी सुधार हुआ है।

# सरकार बिहार के विकास के लिए कृत संकल्पित : सरावगी

**दरभंगा।** बिहार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि प्रदेश की सरकार बिहार के विकास के लिए कृत संकल्पित है। स्थानीय महात्मा गांधी कालेज की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सरावगी ने कहा कि दरभंगा मेरी जन्म एवं कर्मभूमि रही है। यहां की जनता के बदौलत मैं यहां तक पहुंचा हूं। इसलिए दरभंगा जिला से संबंधित विकास कार्य मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस विभाग में वैसे तो काफी चुनौतियां है,लेकिन मुझे विश्वास है कि आप सभी का स्नेह एवं सहयोग बना रहा तो इसमें शतप्रतिशत सफलता प्राप्त करूंगा। उन्होंने सरकार की विकास संबंधी योजनाओं एवं नीतियों पर प्रकाश डाला। महात्मा गाँधी महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय की गरिमा को बनाये रखने में उनके स्तर पर कोई कमी नहीं होगी। सेवानिवृत्त शिक्षाकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कालेज के विकास मे आप सभी लोगों का त्याग एवं समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता है। आपलोगों ने बिना वेतन का बहुमूल्य जीवन इस कालेज को समर्पित किया है। जिसका नतीजा है कि विश्व विद्यालय के संशाधनयुक्त कालेजों मे अपना कालेज भी शुमार है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। सेवानिवृत्त शिक्षकों से आग्रह है कि आप सभी कालेज के विकास में अपना सहयोग बनाए रखें।

# एनटीपीसी कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार: संघ

एजेंसी भागलपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय एनटीपीसी कार्यपालक पदाधिकारी महासंघ ने झारखंड में एनटीपीसी के एक उप महाप्रबंधक गौरव कुमार की हुई निर्मम हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए हुए एनटीपीसी के अधिकारियो की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग केन्द्र सरकार से की है। नेफी के महासचिव स्वानि गोकुल ने शनिवार को यहां बताया कि झारखंड के हजारीबाग जिले में अवस्थित एनटीपीसी के केरेदारी कोल माइंस परियोजना में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक गौरव कुमार की निर्मम हत्या अपराधियों के द्वारा ऑफिस जाते समय करना एनटीपीसी के इतिहास में पहली घटना है और इससे देश के 102 स्थानों पर स्थित एनटीपीसी के सभी परियोजनाओं के अधिकारियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को निर्बाध रूप से बिजली मुहैया कराने वाले भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ ऐसी घटनाएं होगी तो फिर वे ड्यूटी कैसे करेंगे। केन्द्र सरकार इस घटना को गंभीरता से संज्ञान में लें और देशभर में स्थित एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था करें। महासचिव ने कहा कि मृत गौरव कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के रहने वाले थे और वे एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में सफलता पूर्वक कार्य करते हुए कुछ माह पहले ही हजारीबाग के कोल माइंस परियोजना में आए थे।

# लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित की यादव ने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लाड़ली बहना योजना की 1552 करोड़ रुपए से अधिक की



धनराशि संबंधित लाभार्थियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। डॉ. यादव ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'लाड़ली बहना राशि अंतरण कार्यक्रम' में सहभागिता कर सिंगल क्लिक के माध्यम से 1.27 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में 1552.73 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने '450 रुपए में गैस सिलेंडर रीफिल योजना' की 26 लाख से अधिक पात्र हितग्राही बहनों को 55.95 करोड़ रुपए की अनुदान राशि भी अंतरित कर सभी बहनों को शुभकामनाएं दीं।

# चैम्बर ने पटना, गया और दरभंगा हवाईअड्डा पर किफायती कैफे खोलने की मांग की

**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से अनुरोध किया है कि हवाई यात्री की सुविधा के लिए पटना, गया और दरभंगा हवाईअड्डा पर किफायती उड़ान यात्री कैफे खोला जाए। चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने बताया कि भारत सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पहल पर देश के दो एयरपोर्टस चेन्नई एवं कोलकाता में किफायती उड़ान यात्री कैफे का प्रारम्भ किया गया है । यहॉ पर यात्रियों को पानी का बोतल 10रूपये, चाय दस रूपये, कॉफी 20 रूपये एवं स्नैक्स 20 रूपया में दिया जा रहा है लेकिन जहॉ पर उड़ान यात्री कैफे नहीं हैं वहॉ पर पानी, चाय, कॉफी या स्नैक्स के लिए यात्रियों को 100-250 रूपये तक खर्च करना पड़ रहा है जो आम यात्रियों के लिए असुविधाजनक है । पटवारी ने कहा कि बिहार एक आर्थिक रूप से पिछड़ा राज्य है और लोगों की भुगतान क्षमता कम है। बिहार से काफी संख्या में खाड़ी देशों में काम करनेवाले मजदूरों का आना-जाना रहता है इसलिए यदि पटना के साथ-साथ गया एवं दरभंगा एयरपोर्टस पर 'उड़ान यात्री कैफे' का प्रारम्भ हो जाए तो राज्य के आम यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि इस आशय का एक-एक पत्र बिहार के सांसदों ,रविशंकर प्रसाद, विवेक ठाकुर, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, गोपाल जी ठाकुर, जीतन राम मांझी, गिरीराज सिंह एवं राजीव रंजन सिंह उर्फललन सिंह को भी भेजते हुए उनसे भी अनुरोध किया गया है कि राज्य के हवाई यात्रियों के व्यापक हीत में वे भी इस संबंध में अपने-अपने स्तर से नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को लिखें जिससे कि चैम्बर के पहल को और बल मिल सके और शीघ्रातिशीघ्र यहॉ पर भी उड़ान यात्री कैफे खुल सके।




## नट बोल्ट फैक्ट्री में आग लगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में एक फैक्ट्री में आग लग गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीहोर-आष्टा रोड पर खोखरी स्थित नट-बोल्ट फैक्ट्री मे दोपहर भीषण आग लग गई। नगर पालिका की तीन फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। हालांकि शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। आग से कारखाने में बड़ी मात्रा में क्षति का आंकलन है।
हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में होली मनाने की मिली मंजूरी, पहले प्रशासन ने किया था इनकार

एजेंसी अलीगढ़
www.dailypioneer.com

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में होली मनाने का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इसे लेकर एनआरएससी हॉल के प्रोवोस्ट प्रो. बीबी सिंह ने कहा 13 और 14 मार्च को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का कोई भी छात्र हॉल में आकर होली खेल सकता है। 2 दिन एएमयू छात्रों के लिए खुला रहेगा। एनआरएससी हॉल में जमकर रंग और गुलाल उड़ाएं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही एएमयू प्रशासन से हिंदू छात्रों ने एनआरएससी हॉल में होली मिलन समारोह मनाने की अनुमति मांगी थी। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पूर्व में अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

## भाजपा सांसद ने कहा कोई मारपीट करेगा तो उसे ऊपर पहुंचा दिया जाएगा

इसी बीच अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सतीश गौतम ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में होली मनाने संबंधी विवाद को यह कह कर और बढ़ा दिया कि ''कोई भी किसी को एएमयू परिसर में होली मनाने से नहीं रोक सकता।'' गौतम ने हिंदू छात्रों को अपना समर्थन देते हुए कहा, ''अगर किसी हिंदू छात्र को परिसर में होली मनाने में कोई समस्या आती है तो उसकी मदद करने के लिए मैं मौजूद हूं।'' यह विवाद तब शुरू हुआ जब हिंदू संगठनों के सदस्यों ने एएमयू प्रशासन पर हिंदू छात्रों को परिसर में 'होली मिलन' समारोह आयोजित करने की अनुमति न देने का आरोप लगाया। गौतम ने इस विवाद को और बढ़ाते हुए कहा, ''किसी भी जगह होली खेलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।'' ऐसे समारोहों से उत्पन्न होने वाली संभावित आपत्तियों या विवादों के बारे में पूछे जाने पर गौतम ने एक धमकी भरी टिप्पणी करते हुए कहा, ''अगर कोई मार पीट करेगा तो उसे ऊपर पहुंचा दिया जाएगा।

# करोडों रुपये की चोरी के मामले फरार एक आरोपी गिरफ्तार



**रतलाम।** मध्यप्रदेश रतलाम में करोड़ों रुपये की चोरी में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पत्रकारों से बीतचीत में खुलासा करते हुए बताया कि करीब डेढ साल पहले जावरा के बजाज खाना में स्थित सर्राफा व्यवसायी के घर का ताला तोड कर करीब पांच करोड की चोरी के मामले में एक फरार आरोपी गंगु पादरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस आरोपी से करीब सवा बारह लाख रुपये के चांदी सोने के जेवरात जब्त किए है। आरोपी से जब्त जेवरात को मिलाकर पुलिस ने अब तक करीब सवा इक्कीस लाख के जेवर बरामद कर चुकी है। मामले के पांच आरोपी अब भी फरार है।

# दिल्ली दंगे में कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने वाले शाहरुख पठान को मिली अंतरिम जमानत

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली दंगे के आरोपी शाहरुख पठान को कडक्ड़डूमा कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है। जानकारी के अनुसार, कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने के मामले में आरोपी शाहरुख पठान को 15 दिन की अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने शाहरुख पठान को उसके पिता के स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत दी है। कडक्ड़डूमा कोर्ट ने शाहरुख पठान को अपने बीमार पिता की देखभाल करने और अपने परिवार के लिए पैसों की व्यवस्था करने के लिए अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने 20,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानतदार पर अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत का 15 दिन उसकी जेल की रिहाई से शुरू होगा। दिल्ली पुलिस ने अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया था। पुलिस ने कहा था कि शाहरुख पठान गंभीर जुर्म में जेल में बंद है। पुलिस ने कहा कि अगर शाहरुख पठान को जमानत दी जाती है तो वह जमानत का उल्लंघन कर सकता है। कोर्ट ने जमानत पर शर्त लगाते हुए निर्देश दिया है कि वह अपना मोबाइल नंबर जांच अधिकारियों को दे और मोबाईल फोन अपने पास 'स्विच ऑन' रखे। कोर्ट ने शाहरुख पठान को हर दूसरे दिन सुबह 10-11 बजे के बीच जाफराबाद थाने में हाजिरी देने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि शाहरुख पठान मामले के अन्य आरोपियों और गवाहों से संपर्क नहीं करेंगे।

# जीएसएलवी क्रायो स्टेज इंजन का कई बार पुन: आरंभ रहा सफल: इसरो

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जीएसएलवी के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण के साथ स्पार्क टॉर्च इग्नाइटर का उपयोग करके प्रक्षेपण यान चरणों के प्रज्वलन परीक्षण का कई बार पुन: आरंभ सफलतापूर्वक पूरा किया है। एक अपडेट में, इसरो ने कहा कि वह अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण यान के लिए लॉक्स-मीथेन इंजन और चरणों का विकास कर रहा है, जिसमें एक पुनः प्रयोज्य बूस्टर चरण और दो नष्ट होने वाले ऊपरी चरणों का उपयोग किया जाता है। इस विन्यास में, बूस्टर चरण की पुनर्प्राप्ति के लिए एकाधिक पुन: आरंभ आवश्यक होंगे, साथ ही मिशन लचीलेपन के लिए ऊपरी चरण को पुन: आरंभ करना भी आवश्यक होगा।

# आयरलैंड में आतंकवाद पर बरसे जयशंकर, कहा-'इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा'

एजेंसी लंदन
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने आयरलैंड में यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में अपने संबोधन के दौरान आतंकवाद पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा। जयशंकर ने विदेश नीति के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और आतंकवाद के खिलाफ भारत-आयरलैंड के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करने के लिए जून 1985 में एयर इंडिया विमान पर हुए आतंकवादी हमले का संदर्भ दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी कॉर्क में आयरिश गांव अहाकिस्ता, कनिष्क बम विस्फोट आपदा का गवाह है, जिसमें 329 लोगों की मौत हो गई थी। ये घटना आयरलैंड के तट पर हुई थी। जयशंकर ने कहा, ''संघर्षों के बारे में एक विशेष बात, क्योंकि यह आज भारत के लिए एक बहुत ही प्रमुख मुद्दा है; हमारा हमेशा से यह मानना रहा है कि इस युग में मतभेदों को युद्ध के मैदान में नहीं सुलझाया जा सकता और न ही सुलझाया जाना चाहिए।'' वह बृहस्पतिवार को 'भारत का विश्व के प्रति दृष्टिकोण' विषय पर अग्रणी आयरिश शोध संस्थान में छात्रों, शिक्षाविदों और प्रवासी समुदाय के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। जयशंकर ने कहा, ''संघर्ष के बारे में बात करते हुए, आतंकवाद का मुकाबला करने पर भी कुछ कहना उचित होगा, खासकर ऐसे देश के विदेश मंत्री के रूप में जो लंबे समय से आतंकवादी प्रयासों का शिकार रहा है।''

**कनिष्क विमान विस्फोट में मारे गए थे 329 भारतीय:** उन्होंने कहा, ''आयरलैंड के अहाकिस्ता गांव में एक स्मारक पट्टिका है जो आयरलैंड के तट पर हुए एयर इंडिया के कनिष्क विमान बम विस्फोट के 329 पीड़ितों की याद में स्थापित की गई है। यह हमेशा याद दिलाता है कि यह एक सतत चुनौती है जिससे समग्र रूप से बहुत अधिक संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ निपटने की आवश्यकता है।'' भारत-यूरोपीय संघ के बीच जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में जयशंकर ने कहा, ''हम बातचीत कर रहे हैं, और हम मुक्त व्यापार समझौते के लिए काफी लंबे समय से, लगभग 23 वर्षों से बातचीत कर रहे हैं।

# ठाणे पुलिस ने 2 बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार, भारत में अवैध रूप से रहने का है आरोप

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में पकड़ा है और उन्हें फ्लैट किराए पर देने वाले दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को अंबरनाथ के अडावली-ढोकली इलाके में एक आवासीय परिसर में छापे के दौरान महिलाओं को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि महिलाएं, फरजाना शिरागुल शेख (36) और बिथी उर्फ प्रिया नूरिस्लाम अख्तर (24) अपनी यात्रा और भारत में रहने से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं को फ्लैट किराए पर देने के लिए ताहिर मुनीर अहमद खान (35) और गणेश चंद्र दास (37) को भी गिरफ्तार किया है,साथ ही पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ठाणे में अवैध बांग्लादेशी

इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ही एक अदालत ने 36 वर्षीय बांग्लादेशी महिला को भारत में अवैध रूप से रहने के लिए दोषी करार दिया है और उसे 14 माह 28 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वसुधा एल भोसले ने मामले में 27 फरवरी को फैसला सुनाते हुए यह भी निर्देश दिया कि तानिया यूनुस शेख, जो पहले ही जेल में सजा की अवधि बिता चुकी है, को निर्वासित किया जाए। मुकदमे के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक आर पी पाटिल ने अदालत को बताया कि शेख बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के मुंबई के बाहरी इलाके मीरा रोड (पूर्व) में रह रही थी।

## कोर्ट ने सुनाई सजा

न्यायाधीश ने आदेश में कहा, ''आरोपी का भारत में कोई स्थायी या अस्थायी पता नहीं है और वह भारतीय राष्ट्रीयता का कोई वैध प्रमाण देने में विफल रही। उसने खुद पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। जांच अधिकारी और शिकायतकर्ता की गवाही पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है।'' अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलों पर विचार करने के बाद, अदालत ने शेख को 14 माह 18 दिन के कारावास की सजा सुनाई, जो उसने 9 दिसंबर 2023 को अपनी गिरफ्तारी के बाद से पूरी कर ली है तथा उसे निर्वासित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, उस पर 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने कहा कि अगर वह जुर्माना नहीं भरती है तो उसे एक महीने की सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनंतपुर पुलिस ने महिलाओं को दी गई उनके अधिकार के बारे में जानकारियां

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अनंतपुररू ग्राम पंचायत अनंतपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जहां पंचायत स्तरीय उपसरपंच चुनाव दौरान विजय हुए महिला पंच को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय.अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देश, एस डी ओ पी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस के अधिकारियों को महिला को संवैधानिक अधिकार, कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक करने और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने का निर्देश दिया था। इसी परिप्रेक्ष्य में थाना अनंतपुर की पुलिस ग्राम पंचायत अनंतपुर पहुंची। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने महिलाओं को संबोधित कर कहा कि प्रत्येक 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है साथ ही थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने महिलाओं को बताया कि आपको हमेशा अपराध एवं अपराध की रोकथाम के प्रति जागरूक रहना चाहिए और पॉक्सो एक्ट, जे.जे.एक्ट, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराध, अभिव्यक्ति एप के संबंध में जानकारी देते हुए श्रीफल मिठाई और कपड़ा से प्रोत्साहित किया गया।

# बजट में शामिल सरगीपाल-बोधघाट ओव्हरब्रीज, जनता को मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बजट में इस वर्ष जगदलपुर के सरगीपाल में ओव्हरब्रीज बनाने हेतु बजट आवंटन किया गया है यदि लोक निर्माण विभाग ईमानदारी से काम करेगा तो आगामी वित्तीय वर्ष में जनता को लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग ने जिला बस्तर के जगदलपुर शहर में रेल्वे स्टेशन के पास बोधघाट चौक से ग्राम सरगीपाल मार्ग के किमी. 1/8 में रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य में भू-अर्जन एवं यूटिलिटी हेतु 5 करोड़ रुपए प्रावधान किया है जिसमें 1 करोड़ रुपए प्रावधान किया गया है यदि लोक निर्माण विभाग इसमें ईमानदारी से काम करती है तो जनता को सुविधा मिलेगी। ज्ञात हो कि सरगीपाल-बोधघाट मार्ग सबसे व्यस्ततम मार्ग है तथा इससे सटा हुआ रेलवे है जिसमें से प्रतिदिन गुड्स ट्रेन आधे -आधे घंटे के अंतराल से चलती है और सरगीपाल -बोधघाट मार्ग अवरूद्ध हो जाता है जिससे सैकड़ों जनता को परेशानी होती है। यहां यह बताना भी लाजिमी है कि किसी भी पार्टी की सरकार बने लेकिन विभागीय उदासीनता से यह काम नहीं हो रहा है अब देखना है कि लोक निर्माण विभाग भु -अर्जन का काम करा पाती है या फिर बजट की शोभा ही बढ़ाएंगी।

# गांव छोड़ दो नहीं तो जान से मार देंगे

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



आदिवासी बाहुल्य बस्तर में माओवादियों ने लगभग 40 ग्रामीणों को उनके घरों से बेदखल कर दिया है। यह घटना बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर स्थित तोड़मा और कोहकावाड़ा गांवों की है। माओवादियों ने इन ग्रामीणों पर पुलिस को जानकारी देने का आरोप लगाया, जिसके कारण अक्टूबर 2024 में थुलथुली मुठभेड़ में 38 माओवादी मारे गए थे। गांव वालों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस घटना में आठ परिवार प्रभावित हुए हैं, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। ये परिवार अब पास के गांवों किलेपाल और वाहनपुर में शरण लिए हुए हैं। यह घटना सुरक्षा बलों के दबाव में बौखलाए माओवादियों की बर्बरता को दर्शाती है। थुलथुली मुठभेड़, जो बस्तर में अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ थी, के छह महीने बाद माओवादियों ने यह कदम उठाया है। माओवादियों ने इन ग्रामीणों पर अपने शिविर की जानकारी पुलिस को देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसी जानकारी के कारण पुलिस ने थुलथुली में कार्रवाई की, जिसमें उनके 38 साथी मारे गए। तीन दिन पहले, लगभग 50 माओवादी पूर्वी बस्तर डिवीजन से तोड़मा और कोहकावाड़ा पहुंचे।

# दोरनापाल में 7 अप्रैल से शीतला माता के दरबार भरेगा मेला

पायनियर संवाददाता ∢ दोरनापाल
www.dailypioneer.com



अप्रैल से दोरनापाल में शीतला माता के दरबार में मेले की धूम रहेगी जिसके लिए शीतला माता मंदिर परिसर में शीतला माता मेला के सम्बंध में बैठक आहूत की गई जिसमें मेला समिति का गठन किया गया है मेले की तारीख़ों का ऐलान भी बैठक में किया मेले की शुरूवात 7 अप्रैल से होगी 8 अप्रैल को मुख्य रूप से मेले का आयोजन होगा जबकी 9 अप्रैल को देवी देवताओं की विदाई होगी इसी तरह 7 अप्रैल से मेले की शुरुआत होगी और 10 अप्रैल को समापन जबकी मुख्य मेला 8 अप्रैल को आयोजित होगा इस बैठक में परगना के सदस्यों द्वारा मेला समिति का भी गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष माड़वी देवा को बनाया गया है वहीं उपाध्यक्ष कोरसा सन्नु को बनाया गया है सचिव की ज़िम्मेदारी सुसंतो राय को दी गई है कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी कारम मेड़ा को दी गई है मेला समिति के मुख्य कार्यकारिणी में टी.आर. मंडावी, सोनू राम यादव, राधा नायक, कोशी ठाकुर, बबीता माड़वी, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया (मोनू), राजा सिंह राठौर, माड़वी जोगा, मनीष शुक्ला, कड़ती बोज्जा, राम सिंग यादव, बारसे दुला, मड़कम गंगा, अजय मंडावी, पुष्पलता भदौरिया समिति के संरक्षक लक्ष्मण यादव, सुखराम यादव व मड़कम गंगा होंगे।

## नगरपालिक निगम, जगदलपुर का प्रथम सम्मिलन

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 18 के अनुसार नगरपालिक निगम, जगदलपुर का प्रथम सम्मिलन 7 मार्च शुक्रवार को समय 11 बजे पूर्वान्ह जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में रखी की गई जिसमें अध्यक्ष (स्पीकर) और अपील समिति का निर्वाचन कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष (स्पीकर) पद के लिए पार्षद खेमसिंह देवांगन (बीजेपी) और राजेश चौधरी (कांग्रेस) के मध्य मतदान की प्रक्रिया की गई। जिसमें खेमसिंह देवांगन को 34 वोट मिले और राजेश चौधरी को 15 वोट मिले। अपील समिति के लिए चार आवेदन प्राप्त हुए जिसमें चारों को निर्विरोध समिति का सदस्य बनाया गया इसमें पार्षद दिलीप दास, आशा साहु, गायत्री बघेल और अब्दुल रशीद को बनाया गया।

# महापौर पांडे ने ली सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक



पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम कार्यालय में महापौर संजय पांडे ने निगम के सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली। इस दौरान नगर में स्वच्छता अभियान को लेकर महापौर संजय पांडे ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि स्वच्छता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सफाई कर्मचारी इस अभियान का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं । महापौर ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण को गंभीरता और जिम्मेदारी का साथ पूरा करने के निर्देश सफाई कर्मचारियों को दिए।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चों ने दिखाया अपना जौहर

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर स्थित बहतराई स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीजापुर के प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चों ने अपना जौहर दिखाते हुए विभिन्न खेल विधाओं और संस्कृतिक कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त किए गए। इन प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चों के सफलता पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, डीईओ एलएल धनेलिया, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा केडी झाड़ी ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है। बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में 05 और 06 मार्च को दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बीजापुर जिले के प्रतिभाशाली दिव्यांग दिव्या एलादी लंबी कुद प्रथम पुरस्कार, दिव्या एलादी 100 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार, अशोक हपका गोला फेंक में प्रथम पुरस्कार, विजय हपका 50 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार, मोहन कुंजाम सैंसरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, रितेश बड़ा फुटबॉल किक प्रथम पुरस्कार, अशोक हपका लंबी कुद में द्वितीय पुरस्कार, विजय हपका साफ्टबाल, संतोष कोरसा वाकर दौड़ 50 मीटर में द्वितीय पुरस्कार, दीपक कुडमुल ट्रायसिकल दौड़ में द्वितीय पुरस्कार , ममता मोडियम साफ्टबाल तृतीय पुरस्कार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामुहिक नृत्य में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस तरह पुरे राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला बीजापुर तृतीय स्थान पर रहा।

# केशकाल वन मंडल के ग्रामीणों को दिया गया लाख, कोसा और मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






वनमंडल केशकाल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र-बड़ेराजपुर के नर्सरी गोविंदपुर में केशकाल वन मंडलाधिकारी एन. गुरूनाथन की उपस्थिति में मधुमक्खी पालन, लाख पालन एवं कोसा पालन हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विकास मित्र संस्था कोंडागांव से डॉ. धनराज कुलदीप, मधुमक्खी एवं लाख पालन विशेषज्ञ, डॉ. रायसिंह मेश्राम मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ, डॉ. पी. रेडड़ी वैज्ञानिक कोषा प्रशिक्षण केन्द्र बस्तर एवं टी. एच. सिद्धिकी रेशम कीट पालन विशेषज्ञ द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन, लाख पालन एवं कोषा, रेशम कीट पालन के संबंध में चर्चा किया तथा ग्रामीणों को उसके पालन की विधि, उपयोग एवं होने वाली आय वृद्धि तथा लाभ की जानकारी दी गई। वनमंडलाधिकारी द्वारा विशेष रूप से वनों को आग से बचाने हेतु ग्रामीणों से आग्रह किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में केशकाल उप वन मंडलाधिकारी सुषमा जे. नेताम, वन परिक्षेत्र अधिकारी मिर्जा फिरोज बेग, हेमलाल पुजारी, के.के. ठाकुर, राधेश्याम कश्यप, संदीप नेताम, मुलचंद मरकाम, महेश कोर्राम, बृजलाल नेताम, वन प्रबंधन समिति गोविंदपुर का अध्यक्ष भुवन मरकाम, ग्रामीण कांता पुजारी, तुलसी मरकाम, मेहत्तर कोर्राम, श्यामलाल कोर्राम एवं सैकड़ों ग्रामीण एवं वनकर्मचारी उपस्थित थे।

## सफलता की नई कहानी लिख रहीं जिले की महिलाएं

# बिहान से जुड़कर हो रहीं सशक्त, मेहनत और लगन से परिवार को दे रहीं आर्थिक संबल

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। कोंडागांव जिले की महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि, पशुपालन, सिलाई, बुनाई, दुकान और अन्य छोटे व्यवसायों से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। जिले की कई महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। आज हम ऐसी ही महिलाओं की प्रेणादायक कहानी साझा कर रहे हैं, जिन्होंने बिहान से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की।

### संतोषी ने कपड़ा व्यवसाय से परिवार को दी आर्थिक मजबूती

ग्राम पंचायत हीरापुर, विकासखंड माकड़ी की रहने वाली संतोषी देवांगन शादी के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। उनके पति की एक छोटी सी दुकान थी, जिससे घर चलाना मुश्किल हो रहा था। पूंजी की कमी के कारण वे कोई नया काम नहीं कर पा रही थीं। वर्ष 2017 में उन्होंने 10 महिलाओं के साथ मिलकर जय मां धरती स्व-सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह की बचत सामुदायिक निवेश कोष एवं बैंक लिंकेज से प्राप्त 8.51 लाख रुपये की सहायता से उन्होंने कपड़े की दुकान शुरू की।

### चंद्रिका मरकाम बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

ऐसी ही कहानी माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत ओण्डरी की रहने वाली चंद्रिका मरकाम की है, जिन्होंने वर्ष 2014 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" के अंतर्गत मां शक्ति स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने आत्मनिर्भर बनने की यात्रा शुरू की। उस समय उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, और परिवार पूरी तरह से कृषि पर निर्भर था, जिससे होने वाली आय परिवार के जीवनयापन के लिए पर्याप्त नहीं था।

### मुर्गी एवं बटेर पालन से अनिता को मिली एक नई पहचान

कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के धनोरा गांव की अनिता मंडावी पहले केवल मजदूरी और कृषि पर निर्भर थीं। वर्ष 2018 में उन्होंने जय अम्बे स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया और वर्ष 2022 में मुर्गी एवं बटेर पालन का कार्य शुरू किया। उन्होंने बैंक एवं सामुदायिक निवेश कोष से 1.50 लाख रुपये की सहायता प्राप्त की और 1 लाख रुपये की लागत से व्यवसाय की शुरुआत की। आज उनकी मासिक आय 20,000 रुपये तक पहुंच गई है, अनिता को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रूपये हर महीने मिल रहा है इसके साथ ही कृषि, मजदूरी भी करती हैं।

### उन्नत खेती से लखपति बनीं दयावती देवांगन

ग्राम पंचायत बफना की दयावती देवांगन ने कड़ी मेहनत और नई कृषि तकनीकों को अपनाकर आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने आईएफसी क्लस्टर के तहत सब्जी उत्पादन शुरू किया और अब तक 1 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर लखपति दीदी बन गई हैं।

# आईइडी ब्लास्ट में एक की मौत, एक घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 2 मजदूर द्वश्वष्ठ ब्लास्ट की चपेट में आ गए। एक मजदूर के पैर के चिथड़े उड़ गए। घायल को नारायणपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उससे पहले ही मजदूर ने दम तोड़ दिया। दूसरे घायल की हालत भी गंभीर बनी हुई है। नक्सलियों ने आमदई लौह माइंस के पास जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेशर IED प्लांट कर रखी थी, जिसकी चपेट में मजदूर आ गए। मामला छोटे डोंगर थाना क्षेत्र का है। एक साल पहले भी आमदई माइंस के पास 2 मजदूरों की मौत हुई थी। जिसके बाद नक्सलियों ने कहा था कि अभी तो सिर्फ एक ही बम फटा है, आगे और भी बम फटेंगे। चारों ओर बारूद बिछा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने आमदई माइंस जाने वाले रास्ते में पहले से ही IED प्लांट की थी। शुक्रवार की सुबह गांव के 2 मजदूर दिलीप कश्यप और हरेंद्र नाग माइंस की तरफ जा रहे थे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जगदलपुर (छ.ग.)**

Office Phone No.:- 07782-222224, 223443 Email ID:- eejag-phe-cg@nic.in

निविदा क्रमांक/07/वलेलि/का.अ./लो.स्वा.यां.वि.खण्ड जगदलपुर, दिनांक 25/02/2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

जिला बस्तर अंतर्गत् विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम पंचायत टेकामेटा अंतर्गत ग्राम धरमाउर एवं टेकामेटा में आयरन रिमुव्हल प्रेशर सेण्ड फिल्टर आर.ओ. प्लांट की स्थापना कार्य हेतु समुहवार मुहरबंद निविदाएं दिनांक 17.03.2025 तक 02 समुहों में आमंत्रित की जाती है। निविदा की लागत रू. 16.64 लाख है। समुहवार क्रमशः पृथक-पृथक अमानत राशि 6240.00 रूपये, एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 है।

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 17.03.2025 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएँ केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक/रजिस्ट्री पोस्ट आफिस के माध्यम से ही स्वीकार्य किये जायेगें।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जगदलपुर

G-242505842/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

(Phone no.:- 07786-296071, Email id:- eekon-phe-cg@gov.in)

**// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :-** जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना कार्य।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 53/05.03.2025 | 165584 | छोटेभिरावण्ड एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 13.35 |
| 02 | 54/05.03.2025 | 165585 | कोहकाड़ी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 27.97 |
| 03 | 55/05.03.2025 | 165586 | आदनबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 16.81 |
| 04 | 56/05.03.2025 | 165587 | रावबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 20.58 |
| 05 | 57/05.03.2025 | 165588 | प्रधानचेर्रा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 27.85 |
| 06 | 58/05.03.2025 | 165589 | जरण्डी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 22.80 |
| 07 | 59/05.03.2025 | 165590 | सिवनीपाल एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 36.66 |
| 08 | 60/05.03.2025 | 165591 | कोपरा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 63.89 |
| 09 | 61/05.03.2025 | 165592 | पारोण्ड एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 43.31 |
| 10 | 62/05.03.2025 | 165593 | हरवेल एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 46.12 |
| 11 | 63/05.03.2025 | 165594 | हात्मा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 69.73 |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.03.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

G-242505823/2

# जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## विधायक रोहित साहू एवं जनक ध्रुव कार्यक्रम में हुए शामिल, गरियाबंद में ऑडिटोरियम बनाने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गरियाबंद के वन विभाग स्थित ऑक्सन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव ने की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला के समस्त विकासखण्डों के एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं सहित प्रत्येक परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के विभिन्न प्रकार के खेलकुद प्रतियोगिता, रंगोली तथा व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता एवं उमंग के साथ भागीदारी सुनिश्चित की। महिला के सम्मान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी राम यादव, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, लोकेश्वरी नेताम, नेहा सिंघल, अध्यक्ष जनपद पंचायत मैनपुर मोईना नेताम, अध्यक्ष जनपद पंचायत देवभोग पदमाल्या निधि एवं अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा कुलेश्वरी निषाद सहित विभागीय महिला अधिकारी-कर्मचारियों सहित महिलाएं मौजूद रही। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार के साथ समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश की राष्ट्रपति भी महिला के रूप में सर्वोच्च पद पर रहकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर है। शासन भी महिलाओं को आगे बढ़ाने विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रतिमाह महतारी वंदन योजना के तहत प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आजीविका गतिविधियों के लिए बिहान योजना भी संचालित है। उन्होंने बड़े कार्यक्रमों के लिए अधिक संख्या में बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गरियाबंद में ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि नारी का समाज में उत्कृष्ट स्थान है। महिलाएं दो कुल का नाम रौशन करती है। पिता के साथ पति के कुल का भी नाम रौशन का उत्कृष्ट सामाजिक दायित्व निभाती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं विकास की मुख्य धारा में लगातार आगे बढ़ रही है। जिससे समाज विकसित हो रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का उत्कृष्ट सम्मान एवं सर्वोच्च स्थान रहा है। उन्होंने अहिल्या बाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं की वीरता की कहानी बताकर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवतुल्य वातावरण रहता है। सरकार भी महिलाओं के विकास एवं नारी शक्ति को सुदृढ़ करने लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति, स्नेह एवं शौर्य का प्रतीक है। नारी के विकास से ही सबका विकास जुड़ा होता है। महिलाएं घर के साथ-साथ बाहर की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही है।

# लवन के महानदी किनारे ईंट भट्ठों का गोरखधंधा काफी फल-फूल रहा



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के लवन तहसील अंतर्गत महानदी किनारे बसे बहुत से गॉव ऐसे हैं जंहा ईट भट्ठे का अवैध कारोबार विगत कई वर्षो से काफी फल-फूल रहा है। विभाग की कमजोरी का भरपूर फायदा धंधे से जुड़े लोग उठा कर लाखो का राजश्व नुकसान करते हुए आ रहे हैं। घर बनाने के आड़ में ईंट भट्ठों से जुड़े कारोबारी व्यवसाय के रूप में अपना कर लोगों को ऊंचे कीमतों में बेचकर मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं।आपको बताते चलें कि इनके पास किसी भी प्रकार का वैध कागजात नहीं मिलेंगे क्योंकि ये लोग खनिज विभाग के नाक के नीचे में खुलेआम गोरखधंधा करने में यकीन रखते हैं शायद यही कारण है कि इनके गिरेबां तक विभाग की हाथ नहीं पहुँचने से इनके हौसले बुलंद हैं।जमीन को खोदकर बड़े पैमाने पर लाखों की संख्या में ईंट बनाकर लकड़ी एवं कोयले की मदद से कच्ची ईटो को पकाने में जो धुआं निकलता है वह पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक होता है फिर भी कारोबारी अपनी मनमानी पर तुला हुआ है।ग्रामीणों ने मांग किये हैं कि अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे बंद होना चाहिए।जिला खनिज विभाग से डिप्टी डायरेक्टर कुंदन बंजारे का कहना है कि आपके माध्यम से जानकारी मिला है एक दो दिन बाद इंस्पेक्टर से कार्रवाई के लिए भेजते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली में बहनों के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम में मां भारती एवं सरस्वती माता के तैल चित्र पर बाल समिति के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर पूजन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया । उसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक डॉ वीरेंद्र कुमार कर ने हमारे देश के उत्थान में हमारे माता बहनों के योगदान की महत्व को बताते हुए समाज के अन्यान्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे हमारे नारी शक्तियों के बारे में बताया तथा बच्चों को सदैव अपने नारी शक्ति का सम्मान करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में बच्चों ने कविताओं के रूप में बेटियों के महत्व पर कविताएं पढ़ी साथ ही साथ विद्यालय में कल्पना चावला के वृत्त चित्र को भी दिखाया गया जिसे देखकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए एवं जीवन में आगे बढ़ने हेतु संकल्प लिया शाला के प्रधान पाठक डॉ गिरधारी साहू ने भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी बहनों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ग्राम पंचायत भंवरपुर में निर्विरोध उपसरपंच बने अनुराग शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भंवरपुर में हाल ही में हुए उपसरपंच चुनाव में अनुराग शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। उनकी निर्विरोध जीत ने यह साबित कर दिया कि उनका कार्यकाल और उनकी समाजिक गतिविधियों को ग्रामवासियों द्वारा भरपूर समर्थन मिला है। ग्राम पंचायत भंवरपुर के उपसरपंच पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए अनुराग शर्मा ने चुनाव में भाग लिया था, और उनके निर्विरोध चुनाव ने यह दर्शाया कि उनके प्रति ग्रामवासियों का विश्वास और समर्थन काफी मजबूत है। अनुराग शर्मा ने चुनाव में अपनी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, यह ग्रामवासियों का प्यार और समर्थन है जो मुझे इस जिम्मेदारी को निभाने की प्रेरणा देता है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से गांव के विकास के लिए कार्य करूंगा। उनकी जीत के बाद, ग्राम पंचायत भंवरपुर में विकास कार्यों के तेजी से संचालन की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि अनुराग शर्मा इस पद पर रहकर गाँव के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# पंकज घृतलहरे के शपथ ग्रहण समारोह में उमड़ा जनसैलाब



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत डोंगरीडीह इन दिनों बलौदाबाजार जिला में अपनी नई पहचान स्थापित करने में कामयाबी हासिल कर लिया है उसकी वजह भी बहुत खास है आपको बताते चलें कि कसडोल विधानसभा के जिला मुख्यालय बलौदाबाजार अंतर्गत लवन तहसील से महज 5किलोमीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर बसा ग्राम पंचायत डोंगरीडीह है। जंहा पिछले दिनों हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव2025 में युवाओं के आदर्श कहे जाने वाले पंकज घृतलहरे का जलवा एक बार नहीं दो बार नहीं लगातार तीसरी बार चला है वह फिर ग्राम पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर निर्वाचित होकर हैट्रिक बनाते हुए एक अलग रिकॉर्ड बनाने में सफल हुए हैं।दअरसल उनकी लोकप्रियता इस कदर लोगों के जेहन में बसे हुए हैं कि जनता जनार्दन को उनके अलावा ग्राम पंचायत सरपंच में और कोई दूसरा पसंद नहीं है शायद यही वजह है कि लगातार पंकज घृतलहरे सरपंच की रेस में तीसरी बार सफलता अर्जित कर युवाओं एवं ग्रामीणों के लिए किसी आदर्श एवं प्रेरणा से कम नहीं है।ग्रामीण बताते हैं कि पंकज घृतलहरे सरपंच बनने के बाद जनता के सुख दुःख में हर समय खड़े होकर उनकी मदद करने में विश्वास रखते हैं और यही सेवा भाव पंकज को गॉव के जनता से आज भी जोड़ें रखा है।पंकज घृतलहरे के साथ सभी नवनिर्वाचित पंचो ने भी गोपनीयता की शपथ लेकर जनता के सुख दुख में हमेशा खड़े रहने का वचन दिया।

# नपं मगरलोड, भैंसमुंडी में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत मगरलोड, भैंसमुंडी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लिलेश साहु समेत समस्त पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें अंबिका मरकाम समेत जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम नवनिर्वाचित अध्यक्ष लिलेश साहू समेत समस्त पार्षदगणों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी नई भूमिका में हम आपके साथ हैं और आपकी सफलता की कामना करते हैं। आपके नेतृत्व में नगर पंचायत की तरक्की की उम्मीद है। हमें विश्वास है कि आप अपने कार्यकाल में जनता की सेवा और विकास के लिए काम करेंगे।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, मचा हड़कंप

## विद्युत विभाग, फ्रायर ब्रिगेड के प्रयास से बड़ा हादसा टला

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्रीष्म ऋतु का आगमन अभी पूरी तरह से हुआ नहीं है परंतु आम जनता सहित आसपास के क्षेत्रों में गर्मी का असर दिखने लगा है। घरों में गर्मी के चलते विद्युत उपकरण का उपयोग बढ़ने लगा है जिसके कारण ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने लगा है। शायद इसी के चलते ट्रांसफार्मर में आगजनी की घटना सामने आने लगी है। शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। कुछ ही पलो में आग बढने लगा और पूरे ट्रांसफार्मर में आग फैल गई जिसके पश्चात आसपास के लोगो में हड़कम्प मच गया। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे नया बस स्टैण्ड के बाहर स्थित ट्रांसफार्मर में धुआं के साथ आग भड़क गया। कुछ देर में आग तेजी से बढने लगा और आग पूरे ट्रांसफार्मर में फैल गई जिससे लोगो में हड़कम्प मच गया। ट्रांसफार्मर जलने के साथ ही फूटने की आवाज भी आने लगी। चिंगारी आसपास गिरने लगी जिससे बड़ी अनहोनी की आंशका बनी रही। लेकिन जैसे ही इसकी सूचना विद्युत विभाग व फायर बिग्रेड को दी गई, दोनो विभाग के कर्मचारी कुछ मिनटो में ही मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु हुआ। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया जिसके पश्चात आसपास के लोगो ने राहत की सांस ली।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम के लिए महिलाओं को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिन पहले धमतरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने मातृ शक्ति का वंदन किया और महिलाओं को देश.प्रदेश के सामाजिक.आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम वृहद महतारी वंदन सम्मेलन के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महापौर रामू रोहरा ने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं। बिना किसी भेदभाव के मातृ शक्ति को उनका हक दिलाने कई अभूतपूर्व निर्णय भी सरकारों ने लिए हैं। उन्होंने कहा महिलाओं को अब 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है जिससे घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर महिलाएं अब कई दूसरे क्षेत्रों में भी बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आत्मसम्मान से जीने की राह दिखाई है। रोहरा ने कहा कि सरकारें किसी भी दल की हो, आएंगी.जाएंगी, परन्तु मातृ शक्ति का सम्मान हमेशा होना चाहिए। उन्होंने धमतरी नगरपालिक निगम में एमआईसी के गठन के समय भी नारी शक्ति को अधिक से अधिक मौका देने की बात भी कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आज के जमाने में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहीं हैं। महिलाओं की सहभागिता से ही हम अपने प्रदेश और देश को विकास के रास्ते पर बहुत आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने धमतरी में महिला शक्ति का उदाहरण देते हुए बताया कि जिले की एक युवा महिला उद्यमी ने देश के सबसे बड़े बिजनेस शो शार्क टैंक में धमतरी का प्रतिनिधित्व किया है। महिला शक्ति की अनेक कहानियां हैं। एवरेस्ट फतह हो या आईआईटी, आईआईएम में पढ़ाई हो या बड़ी फैक्ट्रियां और कार्यालय.संस्थान चलाने की बात हो, महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं हैं। उन्होंने कहा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम करने वाली महिलाओं को आगे लाने, उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ कमजोर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। इसके लिए विस्तृत योजनाएं बनाई जाएंगी और महिलाओं को उचित मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य बीनू मैथ्यू ने पालकों से बेटी.बेटे पर समान रूप से ध्यान देने और उनका पालन.पोषण, शिक्षा.दीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों को परिवार बढ़ाने वाली सबसे पहली सामाजिक कड़ी बताया। उन्होंने बेटियों को किसी से कम नहीं समझने, मान.सम्मान देने और उनमें आत्मविश्वास जागृत करने की शुरूआत अपने घरों से ही करने का आह्वान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी.कर्मचारी तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वन अमले ने जब्त किया 74 नग अवैध चिरान



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

वनमण्डल धमतरी के वन परिक्षेत्र केरेगांव अंतर्गत ग्राम बनरौद में अवैध रूप से रखी कीमती लकड़ी की जानकारी वन विभाग को मिली। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने जानकारी की पुष्टि करने और इसकी जांच करने के लिए उड़नदस्ता दल गठित किया। डीएफओ के मार्गदर्शन में संयुक्त वन मंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने सर्च वारंट जारी कर वन अमले को बनरौद निवासी घनश्याम साहू के निवास पर तलाशी के लिए भेजा। वन अमले द्वारा 7 मार्च को किए गए इस तलाशी में घनश्याम साहू के घर से भीरहा, साजा, बीजा एवं अन्य प्रजाति के 74 नग चिरान 1.162 घन मीटर की अवैध लकड़ी जब्त किया गया। साथ ही सम्बंधित के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस मौके पर धमतरी और केरेगांव रेंजर सहित उड़नदस्ता दल के सदस्य मौजूद रहे।

# कोल्हेनझरिया में जिला स्तरीय रात्रिकालीन सुशासन चौपाल का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





सुशासन चौपाल का आयोजन गांव गांव में किया जा रहा है। जिसके तहत अभिनव पहल के रूप में फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम कोल्हेनझरिया में जिला स्तरीय रात्रिकालीन सुशासन चौपाल का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य दिन भर के अपने दैनिक कार्यों से मुक्त होकर रात्रिकाल में अपने गांव के विकास के लिए समय निकाल कर सभी ग्रामीणों और जिला स्तरीय अधिकारियों के मध्य संवाद स्थापित करना है। जिसके लिए कलेक्टर रोहित व्यास के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सभी विभागों के अधिकारी गुरुवार की शाम कोल्हेनझरिया पहुंचे। जहां सर्वप्रथम विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन के तहत भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया एवं आये युवाओं को शासन द्वारा युवाओं में उद्यमिता एवं कौशल विकास की विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के साथ नई उद्योग नीति के फायदों की विस्तृत जानकारी दी गयी। सुशासन चौपाल के तहत जनपद सीईओ द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं एवं उनका लाभ प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सुशासन चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना एवं जिले के अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इसके लिए केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ लोगों के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं का निवारण करना एवं क्षेत्र के विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लोगों के सुझाव प्राप्त करना भी सुशासन चौपाल का उद्देश्य है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से ग्राम के विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की और उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दुलारी सिंह, वेद प्रकाश भगत, जनपद पंचायत सदस्य पुकेश साय, सहायक आयुक्त संजय सिंह, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत प्रदीप राठिया, एसडीएम प्रियंका रानी गुप्ता, तहसीलदार सुशील सेन, सीईओ घनश्याम राम सहित जनप्रतिनिधि कपिलेश्वर सिंह, शिवकुमार साय, हुकेश्वर साय पैंकरा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**इतना बड़ा है चन्द्रमा मैंने सोचा नहीं था-सूरज**-इस सुशासन चौपाल में लोगों को अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूक करने के लिए स्टार गेजिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों एवं सभी ग्रामीणों ने टेलीस्कोप के द्वारा चन्द्रमा, बृहस्पति, ओरायन तारामंडल आदि के दर्शन किये। कोल्हेनझरिया के कक्षा 6वीं में पढ़ने वाले सूरज ने जब चांद को टेलीस्कोप से देखा तो उसे चेहरे पर एक खुशी छा गयी, उसने पहले चांद को खुली आंखों से देखा फिर टेलीस्कोप से और भोलेपन में बोल पड़ा आज तक हमने छोटा सा चन्द्रमा देखा था इतना बड़ा है चन्द्रमा मैंने कभी नहीं सोचा था। इस अवसर पर बच्चों के साथ कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों, स्कूली शिक्षकों, गांव की महिलाओं एवं वृद्धों ने भी टेलीस्कोप से अंतरिक्ष को निहारा।

# पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा किया गया जिले का वार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेन्ज पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने गिला मुंगेली का वार्षिक निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम रक्षित केन्द्र मुंगेली (पुलिस लाइन) आगमन हुआ जहां मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा गुलदस्ता भेंट करते हुये आईजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया फिर सभी शाखाओ का निरीक्षण कर दस्तावेज चेक किये तथा एमटी शाखा में सभी वाहनो फिजिकल फिटनेस चेक किये फिर शस्त्रगार का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों की समस्या के बारे में जानकारी लिया गया। निरीक्षण दौरान आईजीपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें सभी शाखाओं का रजिस्टर का अवलोकन किये रजिस्टर अपटेड करने तथा शिकायत शाखा प्रभारी को लंबित शिकायतों/विभागीय जांच का त्वरित निराकरण कराने हेतु सख्त हिदायत दी गई उसके बाद बढ़ते अपराध को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों एवं लंबित मामलो को जल्द से जल्द निराकरण किये जाने, संपत्ति संबंधी अपराधों के घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण करने, अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने पूर्णतः अंकुश लगाने, न्यायालय द्वारा जारी वारंटो की तामिली अधिक से अधिक कराने, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए लोगो को प्रोत्साहित करने तथा जिले में बेहतर पुलिसिंग पर जोर दिया गया आम जनता से सद्व्यवहार करते हुए उनके बीच जाकर उनकी समस्याओं की जानकारी लेने तथा विधिवत कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सायबर सेल मुंगेली अपग्रेडेशन भवन का निरीक्षण किये जिसमे आईजीपी डॉ संजीव शुक्ला ने कम्प्युटर के बारे मे हार्डवेयर, साफ्टवेयर एवं ऑनलाईन पोर्टल के बारे में बारिकी से पूछताछ कर बताया कि इंटरनेट लोगो के जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन चुका है, लोग सोशल मीडिया साइट्स पर दिनभर एक्टिव रहते है ऐसे मे सायबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है जिसकी रोकथाम हेतू आम जनता को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान लगातार चलाना चाहिये और छोटे-छोटे बच्चे जो ऑनलाइन गेम खेलते है परिजनों को बच्चा मोबाइल में क्या कर रहा इस बात का ध्यान रखना चाहिये, किसी से ओटीपी शेयर नही करना एवं डिजिटल अरेस्ट के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई साथ ही आम जनता को सायबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तत्काल कॉल करने या नजदीकी थाना चैकी अथवा साइबर सेल में जाने हेतु तथा सायबर उपलब्धियों के बारे में जानकारी पूछा गया और बढ़ते सायबर क्राइम को देखकर सायबर सेल मुंगेली अपग्रेडेशन भवन का तारीफकिये।

# महिला दिवस पर महिलाओं को किया मंत्री ने सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने भारत रत्ना पैलेस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या मितानिन, महिला स्वच्छग्राही हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है। उन्होंने का कि पंचायतों में महिलाओं के लिए 50% भागीदारी सुनिश्चित किया गया। जहां पंचायत चुनावों में महिलाओं को सबसे पहले 50% आरक्षण का प्रावधान किया गया। आज बेमेतरा जिला पंचायत की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर महिलाओं का नेतृत्व यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब नीति-निर्माण की प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बन रही हैं। इसके अलावा, जिले की कई पंचायतों में महिलाएँ सरपंच और पार्षद के रूप में अपनी सेवाएँ दे रही हैं, जिससे स्थानीय शासन व्यवस्था में उनका प्रभाव बढ़ा है। मंत्री दयाल दास बघेल ने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मेलन में विभिन्न विभागों की 46 महिलाओं को सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया और अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर सेवा का परिचय दिया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल का स्वागत किया। मंत्री बघेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया ने दिया। सम्मेलन की रूप रेखा बतायी।

# खपरी धोबी स्कूल में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकास खंड साजा में शाला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय की रसोईयां दीदी व महिला पालक व महिला शिक्षक अतिथि के रूप में उपस्थित थी। सबसे पहले मां सरस्वती की तेल चित्र पर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उपस्थित विद्यालय की शिक्षिकाओं का, रसोईयां दीदीयों का, महिलाओं, पालकों का गुलाल लगाकर पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। तत्पश्चात् उद्बोधन की कड़ी में विद्यालय की शिक्षिका विजय लक्ष्मी रावत ने, बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मां, बहन, बेटियों की जीवन पर प्रकाश डाली उनके जीवन में दुख सुख और उपलब्धियों पर बात रखी। रसोईयां दीदीयों ने भी बच्चों को संबोधित किया और सामूहिक रूप से कही की हमें अपने माता बहन बेटियों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षिका रूखमणी सेन ने नारी तु नारायणी पर विस्तार से बात रखी। महिलाओं के जीवन पर आने वाली कठिनाईयों पर बात रखी। साथ ही इतनी कठिनाईयों के बावजूद कुछ करने पर बात रखी। आयोजक संस्था प्रमुख प्रधान पाठक धनेश रजक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि एक महिला हमारे जीवन में मां के रूप, बहन के रूप में, बेटी के रूप, भाभी के रूप, में आती है हम उनका सम्मान करे उनको सम्मान दे। महिला वर्ग को पहले पर्दा मे रखा जाता था उन्हें घर से बाहर निकलने पर मनाही थी। कुछ करने की इच्छा रखने होने पर भी पर्दा प्रथा के कारण कुछ कर नही पाती थी। आज एक महिला देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है। हजारों महिला देश की सुरक्षा में तैनात है, आज हजारों महिला शिक्षक के रूप में, डाक्टर के रूप में सभी विभागों मे सेवा दे रही महिलाएं, यहा तक महिला लड़ाकु विमान उड़ा रही, ट्रेन चला रही महिला, तो हम आप सभी को समाज में घर परिवार में शासकीय कार्यालय में सेवा दे रही महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।

# जनपद पंचायत ओड़गी एवं प्रेमनगर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशानिर्देश और मार्गदशन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जनपद पंचायत ओड़गी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें पीठासीन अधिकारी सुरेश रॉय, सहायक नृपेन्द्र सिंह और पूरी टीम का कार्य अच्छा रहा। पुलिस प्रशासन एडीओपी राजेश जोशी, सौरभ उइके और पूरी टीम का सहयोग रहा। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत प्रेमनगर में भी जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन संपन्न कर लिया गया। जिसमें फुलेश्वर सिंह सिदार को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2025 में राम प्रताप राजवाड़े ने जीता गोल्ड मेडल

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2025 में स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव वि.ख.भैयाथान, सूरजपुर में पदस्थ राम प्रताप राजवाड़े 50 प्लस ऐज ग्रुप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन ट्रेडिशनल सोलो इवेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं आज दूसरे दिन आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गोल्ड मेडल दिलाकर सूरजपुर जिले के साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने पर राम प्रताप राजवाड़े को बधाई दी गई।

## 19 मार्च को जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का किया जायेगा आयोजन

**सूरजपुर**। जिला सूरजपुर अंतर्गत कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 19 मार्च को जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक प्रातः 11:00 बजे आहूत की जायेगी। निर्धारित समय पर बैठक में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें साथ ही निर्देशित किया गया है, कि सर्व कर्मचारी संघ 13 मार्च तक वर्तमान में विद्यमान मांग/समस्याओं के संबंध में सूची अनिवार्य रूप से जिला कार्यालय स्थापना शाखा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन को चर्चा में सम्मिलित नही किया जाएगा।

# कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल बोर्ड परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

■ आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया में कलेक्टर रोहित व्यास ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में साफ सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, ऑनलाइन मरीज पंजीयन प्रक्रिया, आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीज मती सीता बाई से मुलाकात कर इलाज की सुविधाओं के बारे में पूछा। मरीज ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क उपचार मिल रहा है, जिससे उनका इलाज बिना किसी आर्थिक बोझ के संभव हो सका है। इसके पश्चात, कलेक्टर व्यास ने कोल्हेनझरिया के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का जायजा लिया और परीक्षा संचालन की व्यवस्था को परखा। आज दसवीं कक्षा की परीक्षा थी। इसके अलावा, कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण माध्यमिक शाला कोल्हेनझरिया का भी दौरा किया और कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब किए और उन्हें मनोबल बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम फरसाबहार, जिला शिक्षा अधिकारी, आयुक्त ट्राइबल विभाग समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# फरसाबहार विकासखंड में सुशासन शिविर ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए माह में दो बार दूरस्थ ग्रामों में सुशासन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में आकर योजनाओं की जानकारी लें और उनका पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बीती रात सुशासन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और अब उनके निराकरण की प्रक्रिया जारी है। सुबह स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि सप्ताह में एक बार श्रमदान जरूर करें, जिससे गांव स्वच्छ और आदर्श बन सके। इसके साथ ही योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा। जिससे जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सके। नशे में वाहन चलाने वाले पर सख्ती बरती जा रही। शिविर में मत्स्य पालन विभाग ने 16 मछुआरों को जाल और आइस बॉक्स वितरित किए। समाज कल्याण विभाग ने 16 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर और बैसाखी प्रदान की, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने 8 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई और 7 बच्चों का अन्नप्राशन कराया। शिक्षा विभाग द्वारा विनोबा ऐप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश भगत, भजन साय, मती दुलारी सिंह, एसडीएम फरसाबहार, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवार्ड राशि 351774267 रूपए रही

# वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में 459976 मामले निराकृत

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा डॉ. प्रज्ञा पचौरी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा तथा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग राजस्व न्यायालय दुर्ग एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर प्रातः 10.30 बजे किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अलावा जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा विभिन्न बैंक के प्रबंधक उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में कुल 32 खण्डपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय दुर्ग हेतु 03 खण्डपीठ, जिला न्यायालय दुर्ग हेतु 23, तहसील व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 में 01 खण्डपीठ, तहसील व्यवहार न्यायालय पाटन हेतु 02 खण्डपीठ, तहसील व्यवहार न्यायालय धमधा में 01 खण्डपीठ, किशोर न्याय बोर्ड हेतु 01 तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के लिए 01 खण्डपीठ का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी प्रकरण का निराकरण हेतु खण्डपीठ का गठन किया गया था। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग/वित्तीय संस्था, विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (विवाद पूर्व प्रकरण) का निराकरण भी किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों के आपसी राजीनामा से प्रकरण का शीघ्र निराकरण होता है, इसमें न तो किसी की हार होती है न ही किसी की जीत होती है। आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में आने वाले पक्षकारों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे उक्त विभाग/कार्यालय की ओर से डॉ. मोनिका मरकाम चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा सेवाएँ प्रदान की गयी। उक्त आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में कोर्ट भ्रमण के दौरान पक्षकारों व बैंक प्रबंधकों से रू-ब-रू होते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वारा स्वास्थ्य की जाँच परीक्षण कराया गया।

pnb Housing
Finance Limited
Ghar Ki Baat

पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन : 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
रायपुर शाखा:– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कार्यालय क्रमांक 111–112, प्रथम तल, प्लॉट क्रमांक 1, ब्लॉक क्रमांक 9, डीबी कॉर्पोरेट पार्क, राजबंध मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001

**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति/यों हेतु )**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के समक्ष वर्णित तिथि को मांग सूचना/एं जारी की थी, जिसमें संबंधित कर्जदार/रों से, प्रत्येक खाते के समक्ष वर्णित बकाया राशि, सूचना/ओं की तिथि/उक्त सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
चूंकि कर्जदार बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है/रहे हैं, अतः कर्जदार/रों तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों का कब्जा प्रत्येक खाते के समक्ष वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार/रों को तथा जनसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति/यों के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार उक्त बकाया राशि एवं उस पर ब्याज हेतु पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| ऋण खाता सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| HOU/RAI/0715/229916, बी.ओ. रायपुर | स्वर्गीय श्री बिजेंद्र धर्मपाल सिहाग (आवेदक), श्रीमती कौशल्या सिहाग (सह–आवेदक), मास्टर शानू सिहाग (पुत्र) अपने प्राकृतिक अभिभावक के माध्यम सेमाता श्रीमती कौशल्या सिहाग एवं कुमारी सानवी सिहाग (बेटी) अपने प्राकृतिक अभिभावक के माध्यम से माता श्रीमती कौशल्या सिहाग | 04.11.2024 | रु. 744689.24/– (रुपये सात लाख चौवालीस हजार छह सौ नवासी और चौबीस पैसे मात्र) | 05.03.2025 (भौतिक कब्जा) | वह सभी अंश और खण्ड जो परिसर का ब्लॉक नं.–68, हिस्सा हाउस नं.–816, द्वितीय तल, कबीर नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001, भारत |
| NHL/RAI/0221/865659, बी.ओ. रायपुर | श्रीमती नीलू अग्रवाल (आवेदक) एवं श्री कमल किशोर अग्रवाल (सह–आवेदक) | 05.11.2024 | रु. 3093531.52/– (रुपये तीस लाख तिरानवे हजार पांच सौ इकतीस और बावन पैसे मात्र) | 05.03.2025 (भौतिक कब्जा) | दुकान नंबर 105, पृष्ठ नंबर 109 नया नंबर 39, ख नंबर 104/4 102/2, 103/2 वार्ड नंबर 27 राज चेंबर मेन रोड मोवा, आरएनएम रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, भारत |

स्थान : रायपुर, दिनांकित : 05-03-2025
प्राधिकृत अधिकारी, ;वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

## संपादकीय

### भारत-यूरोप संबंध प्रगति का मार्ग

**भारत-यूरोपीय संघ**-ईयू संबंधों की मजबूती स्थायित्व, समृद्धि तथा तकनीकी प्रगति का मार्ग है। यूरोपीय संघ के भारत के साथ संबंधों में काफी तेज गति आई है जिससे रणनीतिक संबंधों में नया अध्याय खुला है। वैश्विक उथलपुथल को देखते हुए भारत-ईयू संबंधों में मजबूती वैश्विक भू-राजनीति में स्थिरीकरण शक्ति के रूप में उभरी है। इनमें डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी दृष्टिकोण में परिवर्तन शामिल है जो टैरिफ बढ़ाने, यूक्रेन से समर्थन वापसी तथा गाजा मामले में तटस्थता से परिभाषित होता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डर लेयेन की हालिया भारत यात्रा नई दिल्ली के साथ ईयू के गहरे होते संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करती है। हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक में वान डर लेयेन ने एक साझीदार के रूप में भारत के प्रति ईयू का अत्यधिक सम्मान प्रकट किया। उन्होंने जोर दिया कि दोनों रणनीतिक साझीदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं और 'सर्वोत्तम अभी आना बाकी है'। यह बयान भारत के प्रति ईयू का दृष्टिकोण प्रकट करता है जो वैश्विक आर्थिक व राजनीतिक परिदृश्य को स्वरूप देने में प्रमुख शक्ति के रूप में उभरा है। उनकी चर्चा में प्रमुख स्थान भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे-आईएमईसी को मिला जो कनेक्टिविटी, व्यापार और ऊर्जा सहयोग बढ़ाने की दिशा में लक्षित महत्वपूर्ण पहल है।

बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों में यह गलियारा चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव' को संतुलन करने वाला हो सकता है तथा ज्यादा विविधीकृत व मजबूत वैश्विक सप्लाई श्रृंखला सुनिश्चित करता है।



भारत-ईयू साझीदारी का एक महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल व तकनीकी क्षेत्रों में गहरा होता सहयोग है। भारत एक तकनीकी शक्ति के रूप में उभर रहा है और ईयू भी डिजिटल संप्रभुता की दिशा में काम कर रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों में सहयोग उल्लेखनीय तालमेल पैदा कर सकता है। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति ईयू का आकर्षण भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों से जुड़ता है। ऐसी पहलों से भारत और ईयू टिकाऊ भविष्य लाने में वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व कर सकते हैं। तकनीक और ऊर्जा के अलावा ईयू-भारत संबंधों में व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। दोनों पक्ष सक्रिय रूप से मुक्त व्यापार समझौता-एफ्टीए करने पर बातचीत कर रहे हैं जो आर्थिक संभावनाओं को खोल सकता है। ईयू भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है और दोनों के बीच समग्र व्यापार समझौते से न केवल निर्यातों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि खासकर आर्थिक अस्थिरता की शिकार दुनिया में सप्लाई श्रृंखला मजबूत होगी। ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियां विश्व व्यापार में बाधा डाल रही हैं, ऐसे में ईयू-भारत व्यापार समझौता एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभर कर यह सुनिश्चित कर सकता है कि दोनों अर्थव्यवस्थायें प्रतियोगी तथा वैश्विक वाणिज्य के लिए खुली बनी रहें। सप्लाई श्रृंखला मजबूत करने में सहयोग खास बाजारों पर अत्यधिक निर्भरता के जोखिम से निपटने में भी महत्वपूर्ण है। ट्रंप की नीतियां ट्रांस-एटलांटिक संबंधों में और विश्व व्यापार में अनिश्चितता पैदा कर रही हैं, ऐसे में भारत के प्रति ईयू का झुकाव एक रणनीतिक पुनर्निर्धारण है। ईयू ने वैश्विक मामलों में स्थिरीकरण शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका की पहचान की है। दोनों पक्ष तानाशाही सरकारों के मुकाबले एक लोकतांत्रिक शक्ति तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण पक्ष हैं। ईयू-भारत साझेदारी एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। डिजिटल सहयोग, हरित ऊर्जा पहलों और जीवन्त व्यापार पर बातचीत को अग्रणी भूमिका मिलने से ये संबंध वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक ध्रुवीकरणों को पुनः बदल सकते हैं।

# ऑस्कर में भारतीय सिनेमा

भारतीय कथायें पूरी दुनिया में लोगों को आकर्षित और प्रेरित करती हैं। सही रणनीति के साथ यह क्षण भारतीय सिनेमा का भविष्य निर्धारित कर सकता है।

**चैतन्य के. प्रसाद**
(लेखक, सेवानिवृत्त अधिकारी हैं)





भारत के वसुधैव कुटुंबकम, यानी 'दुनिया एक परिवार है' के विचार को मजबूत करने में 'नमस्ते एट द आस्कर्स, 2025' ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस दृष्टिकोण ने सीमायें पार की हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सम्मान, परस्पर निर्भरता तथा रचनात्मकता की साझा भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। यह प्रतीकात्मक संकेत न केवल एक शुभकामना, बल्कि समावेशन का सशक्त क्षण है जो दुनिया भर के कलाकारों, दर्शकों और रचनाकारों को एकसाथ लाने की सिनेमा की विशिष्ट क्षमता को भी अभिव्यक्ति देता है। अकादमी पुरस्कारों का यह क्षण स्पष्ट करता है कि अब भावनात्मक शक्ति या साफ्ट पावर केवल राजनय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार अनेक आयोजनों, संस्थानों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदानों तक हो गया है।

सिनेमा को अक्सर संबंधों को बढ़ावा देने का सटीक और व्यापक मंच माना जाता है और वह इस अवधारणा के केन्द्र में स्थित है। इस प्रकार 'नमस्ते एट द ऑस्कर्स, 2025' भारतीय कथावाचन की विरासत प्रदर्शित करने का माध्यम बन गया। इस कथावाचन को विविधतापूर्ण वैश्विक दर्शकों के समक्ष रखा गया जिससे सिनेमाई लेंस के माध्यम से विभिन्न देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध स्थापित तथा मजबूत हुए। इस तात्कालिक प्रभाव से आगे जाते हुए इस आयोजन ने भविष्य में ऑस्कर्स तथा अन्य ऐसे ही वैश्विक मंचों की रूपरेखा परिभाषित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान किया। इससे सांस्कृतिक भावना प्रसारित करने का क्षेत्र विस्तार हुआ।

इससे यह तय हुआ कि विभिन्न देश अपने रचनात्मक उद्योगों से किस प्रकार जुड़ते और सहयोग करते हैं। एक सरल व समयोचित 'नमस्ते' ने 'अतुलनीय भारत' को नई वैश्विक पहचान दिलाई तथा विश्व सिनेमा में इसकी सहभागिता को कभी-कभी पहचान से आगे बढ़ा कर रणनीतिक प्रभाव तक विस्तार दिया।

ऑस्कर्स की शुरुआत नमस्ते से करने का कोनन ओ ब्रायन का निर्णय केवल संयोग नहीं था। यह एक कथन और एक स्वीकारोक्ति थी कि भारतीय सिनेमा अब वैश्विक कथावाचन के हाशिए पर नहीं है। यह भारत का प्रतीकात्मक उल्लेख नहीं था और न इसमें एक बिलियन दर्शकों का सरसरी तौर पर हवाला दिया गया था। यह भारत की बढ़ती सिनेमाई विरासत और प्रभाव की स्वीकृति थी। भारत लंबे समय से ऑस्कर इतिहास का हिस्सा रहा है, पर अक्सर इसे बाहरी तत्व की तरह देखा जाता था। 1982 में गांधी ने व्यापक लोकप्रियता पाई, 2001 में लगान उसके निकट पहुंची तथा 2008 में स्लमडाग मिलीनियर्स अकादमी पुरस्कारों पर छा गई, लेकिन ये विमर्श ज्यादातर पश्चिमी फिल्मनिर्माताओं द्वारा पेश किए गए थे।

इस परिदृश्य में 2022 में आर से बदलाव शुरू हुआ जिसने न केवल नाटू नाटू के लिए ऑस्कर जीता, बल्कि वैश्विक दर्शकों को भारतीय फिल्मनिर्माताओं की स्पष्ट व उच्च ऊर्जा वाले कथावाचन को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। यह परिवर्तन 2024 में पायल कपाडिया की आल वी इमैजिन एज़ लाइट से मजबूत हुआ जिसने कैन्स में ग्रांड प्रिक्स जीता जो भारतीय सिनेमा को विरल सम्मान था। 2020 में आई चैतन्य तामहाने की द डिसिपिल, 2017 में रीमा दास की विलेज राकस्टार और 2018 में नंदिता दास की मंटो ने लगातार बाधायें तोड़ी थीं। उन्होंने सिद्ध किया था कि भारतीय सिनेमा अब स्टीरियोटाइप के बजाय विविधतापूर्ण व शक्तिशाली विमर्शों से संचालित है। इस नमस्ते की शक्ति को ऑस्कर्स से आगे ले जाना चाहिए। भारत इस समय कैन्स, 2025 की तैयारी कर रहा है।

ऐसे में यह क्षण हमारी स्थिति मजबूत करने के लिए एक अवसर की तरह देखा जाना चाहिए। वैश्विक फिल्म फेस्टिवलों में भारत का प्रतिनिधित्व रणनीतिक होने के साथ उससे यह सुनिश्चित होना चाहिए कि इन प्लेटफार्मों पर भेजी जाने वाली फिल्में भारतीय कथावाचन की गहराई, विविधता और गतिशीलता को अभिव्यक्ति दें।

कैन्स फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है। 1946 में नीचा नगर ने पॉमे डी ओर जीता, जबकि 2015 में मसान को अनसरटेन रिगार्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कैन्स में भारत की विरासत दीर्घकालीन है। लेकिन अब समय आ गया है कि अलग-थलग विजयों को टिकाऊ प्रभाव में बदला जाए। सरकार और उद्योग को एकसाथ काम करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारतीय सिनेमा न केवल सहभागी हो, बल्कि यह विमर्श को सक्रिय स्वरूप दे। 2012 में आई लाइफ आफ पी महत्वपूर्ण उदाहरण है कि ऐसे क्षण कैसे लहरें पैदा करते हैं। जब निर्देशक आंग ली को सर्वोत्तम निदेशक का आस्कर मिला तो उन्होंने दर्शकों का अभिवादन नमस्ते से किया जिससे फिल्म पर गहरा भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव स्पष्ट हुआ। उस क्षण ने भारत की कथावाचन परंपराओं को मजबूत किया, लेकिन आस्कर्स, 2025 में नमस्ते ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसका संबंध केवल एक फिल्म से न होकर पूरे भारतीय सिनेमाई आंदोलन से था। भारत को अब इस गतिशीलता का लाभ 'वेव्स' जैसे मंचों से उठाना चाहिए जो देश में फिल्म निर्यात की पहल है।

वेव्स में भारतीय सिनेमा को नए बाजारों तक ले जाने की क्षमता है जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्वतंत्र, क्षेत्रीय तथा मुख्यधारा रचनाकारों की फिल्में अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचें। नमस्ते क्षण की लहर पर सवार होकर वेव्स भारतीय सिनेमा को न केवल मनोरंजन, बल्कि महत्वपूर्ण सांस्कृतिक शक्ति के रूप में पेश कर सकता है। रणनीतिक गठजोड़ों, अंतरराष्ट्रीय वितरण नेटवर्कों तथा प्रतिबद्ध ऑस्कर अभियानों को अब इस योजना का हिस्सा बनाना चाहिए। यदि दक्षिण कोरिया 2019 में पैरासाइट को दुनिया भर में प्रोत्साहित कर ऑस्कर जीत सकता है तो भारत को भी अब व्यवस्थित रूप से अपनी सर्वोत्तम फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के दायरे में लाना चाहिए। इसका अर्थ केवल पहचान बनाने के बजाय विश्व सिनेमा में अपना अधिकार प्राप्त करना है।

आस्कर्स 2025 में नमस्ते हमारे लिए एक आह्वान होना चाहिए। यह एक चेतावनी होनी चाहिए कि भारतीय सिनेमा अब कल्पनालोक से उबर का कार्रवाई वाला क्षेत्र बन गया है। अब यह सवाल नहीं है कि क्या भारतीय फिल्में आस्कर जीत सकती हैं, बल्कि इसका संबंध अब कब और कितनी बार से है। भारत अब विश्व फिल्म टेबल पर अतिथि न होकर आतिथेय, एक रचनाकार और एक इन्फ्लूएंसर बन गया है।

नमस्ते केवल एक अभिवादन न होकर दुनिया को आमंत्रण था कि वह भारतीय सिनेमा की सच्ची क्षमता स्वीकार करे। अब इस क्षण का लाभ उठाने का समय आ गया है। सही दृष्टिकोण और कार्रवाई से यह ऐसा महत्वपूर्ण दशक हो सकता है, जब भारतीय सिनेमा न केवल वैश्विक कथावाचन में शामिल हो, बल्कि उसका नेत्त्व करे। दुनिया ने अब भारत को स्वीकार कर लिया है। अब भारतीय सिनेमा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर फ्रेम, हर स्टोरी और हर फेस्टिवल नमस्ते की शक्ति प्रदर्शित करे। आस्कर्स, 2025 में नमस्ते अभिवादन से आगे बढ़ कर विश्व मंच पर भारतीय सिनेमा का पारिभाषिक क्षण था।

इसने कथावाचन में भारत के बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित करते हुए रणनीतिक उपस्थिति के रूप में उसे स्वीकार्यता दिलाई है। इस गतिशीलता को स्थाई बनाने के लिए भारत को वेव्स जैसे मंचों को स्वीकार करना चाहिए तथा वैश्विक गठजोड़ों को मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फेस्टिवलों में हमारा प्रतिनिधित्व मजबूत हो। दुनिया ने भारत की सिनेमाई क्षमता स्वीकार कर ली है और अब समय आ गया है कि भारतीय सिनेमा इसका नेतृत्व करे। सही रणनीति से यह क्षण भविष्य को स्वरूप दे कर यह सुनिश्चित कर सकता है कि भारतीय कथावाचन लगातार दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित और अभिभूत करता रहे।

# भारत-यूरोपीय संघ डिजिटल सहयोग

"यूरोपीय संघ और भारत अपने डिजिटल और तकनीकी संबंधों को मजबूत करने के अवसर का लाभ उठा रहे हैं।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प दुनिया के सबसे लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर बनने में व्यस्त थे, तब वैश्विक ताकतें रणनीतिक पुनर्संरेखण की दिशा में काम कर रही थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके उपाध्यक्ष जेडी वेंस द्वारा यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को टेलीविज़न पर फटकार लगाने के बाद, पूर्व को यूरोपीय संघ के कई नेताओं के साथ देखा गया।

जैसा भी मामला हो, यूरोपीय नेताओं के पास यूक्रेन को देने के लिए बहुत कुछ नहीं था, सिवाय अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ शांति बनाने के एक सूक्ष्म संदेश के। यह समय की बात हो सकती है, इससे पहले कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को कीव में अपने बंकर कार्यालय को खाली करना पड़े और शायद वर्तमान अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के विश्वदृष्टिकोण प्रतिनिधि के लिए रास्ता बनाना पड़े। दुनिया के लिए संदेश स्पष्ट था, अमेरिका अब उन अस्पष्ट राजनीतिक आख्यानों को वित्तपोषित करने में खुश नहीं होगा, जिन्हें संभावित रूप से एक मुक्त उदार विश्व व्यवस्था की पहचान माना जाता है। संयोग से, अमेरिका द्वारा विश्व युद्ध के बाद बनाई गई यह विश्व व्यवस्था, सभी की समृद्धि के लिए मुक्त, निष्पक्ष और खुले बाजारों को सुनिश्चित करती है।

पिछले कई दशकों में इस मुक्त विश्व व्यवस्था ने जो हासिल किया है, उस पर बहस की जा सकती है, हालांकि, इसने सुनिश्चित किया है कि अमेरिका आर्थिक समृद्धि सूचकांक में अपना वर्चस्व बनाए रखे और इसलिए भारत (1990 के दशक से) सहित कई संरेखित राष्ट्रों ने भी ऐसा किया है। अमेरिका और यूक्रेन के बीच स्पष्ट टकराव से ठीक पहले, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उच्च स्तरीय ईयू भारत व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की बातचीत को फिर से



स्थापित करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दिल्ली में किया। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए, प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक डिजिटल अर्थव्यवस्था और शासन था। यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत ने रणनीतिक प्रौद्योगिकियों, डिजिटल शासन और डिजिटल कनेक्टिविटी पर अपने कार्य समूह 1 के माध्यम से साझा मूल्यों पर जोर देते हुए डिजिटल सहयोग को गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने मानव-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने और अर्थव्यवस्थाओं और समाजों दोनों को लाभान्वित करने के लिए एआई, सेमीकंडक्टर, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग और 6 जी सहित प्रमुख प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। दोनों पक्ष साइबर-सुरक्षित वैश्विक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक सुरक्षा में सुधार के लिए अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के महत्व पर भी जोर दिया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने डीपीआई के बीच अंतर-संचालन सुनिश्चित करने, मानवाधिकारों की रक्षा करने और व्यक्तिगत डेटा और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने सीमा पार डिजिटल लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए ई-हस्ताक्षरों की पारस्परिक मान्यता पर भी चर्चा की।

सेमीकंडक्टर सहयोग पर, यूरोपीय संघ और भारत ने आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन को मजबूत करने और चिप डिजाइन और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों पक्षों ने एआई के जिम्मेदार विकास के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, संयुक्त परियोजनाओं और नैतिक एआई के लिए रूपरेखा के विकास के माध्यम से आगे के सहयोग पर सहमति व्यक्त की। वे जलवायु परिवर्तन और जैव सूचना विज्ञान जैसे क्षेत्रों में बड़े भाषा मॉडल और एआई अनुप्रयोगों पर सहयोग बढ़ाने की भी योजना बना रहे हैं। उन्होंने ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट को लागू करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई, जिसे सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समर्थन दिया गया था, और सूचना समाज +20 पर आगामी विश्व शिखर सम्मेलन में बहु-हितधारक इंटरनेट शासन के लिए निरंतर वैश्विक समर्थन सुनिश्चित करना। यह यूरोपीय संघ और भारत दोनों के लिए सही क्लिक हो सकता है।

यूरोपीय संघ और भारत अपने डिजिटल और तकनीकी संबंधों को मजबूत करने के अवसर का लाभ उठा रहे हैं। उनकी नई साझेदारी साझा मूल्यों और पारस्परिक आर्थिक हितों द्वारा समर्थित एक लचीले, सुरक्षित और समावेशी डिजिटल भविष्य को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का संकेत देती है। जैसे-जैसे पुराने गठबंधन बदलते हैं, नई साझेदारियां विकसित होती विश्व व्यवस्था की रूपरेखा को परिभाषित कर सकती हैं।

## आप की बात

### चुनाव आयोग की पहल

**चुनाव आयोग** मतदाताओं को विशिष्ट पहचान पत्र देने की पहल कर रहा है जिसमें एक जैसे एपिक नंबर होने की शिकायत खत्म हो जाएगी। चुनाव आयोग को कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सभी के लिए मतदान अनिवार्य करना चाहिए। विडंबना है कि लोग मुफ्त सुविधा लेने के लिए तो दौड़े चले आते हैं, पर मतदान के लिए उनके पास वक्त नहीं होता है। वे सरकारों को कोसते हैं मगर सरकार बनाते के लिए वोट नहीं देने जाते हैं। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ना भी अनिवार्य किया जाना चाहिए क्योंकि इसे एच्छिक करने के कोई अच्छे परिणाम नहीं आए हैं। आखिरकार विपक्षी दल इसका क्यों विरोध कर रहे हैं? एक ही प्रत्याशी के दो स्थानों से चुनाव लड़ने पर रोक लगानी चाहिए या फिर दोनों स्थानों से चुनाव जीतने पर छोड़ने वाली सीट पर फिर से चुनाव के बजाए दूसरे नंबर पर आए प्रत्याशी को विजेता घोषित किया जाना चाहिए। इससे जनता के धन की बचत होगी तथा अनावश्यक चुनाव से भी मुक्ति मिलेगी। हाल ही में सेवानिवृत्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने अनिवासी भारतीयों को मतदान अधिकार देने पर गंभीरता से विचार का आह्वान किया है। यह सुझाव स्वागत योग्य है और इसका जल्दी से जल्दी क्रियान्वयन भारतीय लोकतंत्र को और मजबूती देगा।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### यूरोप, यूक्रेन और अमेरिका

**गुरुवार** 6 मार्च को ब्रसेल्स में 27 यूरोपीय देशों के बैठक के बाद लगता है कि यूरोप हर बार की तुलना में इस बार यूक्रेन को लेकर पहले से ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहा है। क्योंकि अब उन्हें भी लग रहा है डोनाल्ड ट्रम्प पर किसी का बस नहीं है। ट्रम्प किसी के नहीं हैं, वे एक व्यापारी हैं और हर काम के बदले उनको पैसा चाहिए। ब्रिटेन में यूक्रेन के राजदूत वैलेरी ज़ालुज़्नी ने दावा किया है कि अमेरिका स्थापित विश्व व्यवस्था को नष्ट कर रहा है। व्हाइट हाउस ने पश्चिमी दुनिया की एकता पर सवाल उठाया है और रूस की ओर अधिक से अधिक दोस्ताना कदम बढ़ा रहा है जिसने 2022 में यूक्रेन पर व्यापक आक्रमण शुरू कर दिया था। ऐसे में यूरोपीय यूनियन के 27 देशो को ही नहीं, बल्कि यूरोप के तमाम 44 राष्ट्रों को यूक्रेन पर आक्रमण को खुद पर आक्रमण मान कर काम करना चाहिए। लगता है कि इनमें हंगरी, स्लोवाकिया और इटली इस समय वाइट हाउस तथा क्रेमलिन के डबल एजेंट हैं। यूरोप के देशों ने रूस की 217 अरब डॉलर की सम्पति जब्त की है। उसका इस्तेमाल भी यूक्रेन के बचाव एवं पुनर्निर्माण पर किया जा सकता है। लेकिन देखना होगा कि यूरोप अमेरिका का दबाव कहां तक बर्दाश्त कर सकता है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### महिलाओं से अभद्रता

**महिला दिवस** पर महिलाओं के साथ अभद्रता की घटनाएं भी उजागर हो रही हैं। महाराष्ट्र में मंत्री की बेटी के साथ छेड़छाड़ पर पूरे देश में नेताओं की व्यापक बयानबाजी हुई कि जब मंत्री की बेटी ही सुरक्षित नहीं हैं तब देश की आम बहन-बेटियां कैसे सुरक्षित रह पाएंगी? तमिलनाडु के कुन्नूर में हिंदी के विरोध में हुए आयोजन में महिलाओं से अभदता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआण। अब सवाल उठता है कि क्या लोगों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे वीआईपी महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ करने से नहीं चूक रहे हैं। महिला दिवस पर बड़े-बड़े कार्यक्रमों में महिला सशक्तीकरण पर भाषण और उपदेश दिए जाएंगे। लेकिन महिलाओं से बढ़ती अभद्रता और उनकी सुरक्षा को लेकर पैदा चिन्ताओं से ये सारी बातें केवल कल्पना की उड़ान बन कर रह जाएंगी। हाल ही में सेवावृित्त प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए केवल कानून बनाना काफी नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं का सम्मान भी बढ़ना चाहिए। सबसे प्रमुख बात परिवार और समाज में लड़कों और पुरुषों को इसकी शिक्षा देना है कि वे हर हालत में महिलाओं को अपने बराबर तथा समान रूप से सक्षम समझें।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### जैविक खेती का महत्व

**जैविक खेती** का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जैविक खेत में गोमूत्र, गोबर, आदि का उपयोग खाद्य व पेस्टिसाइड के रूप में किया जाता है जिसके चलते बिना केमिकल के भी पर्याप्त उपज होती है। श्रेष्ठतम बीजों का उपयोग करने से उपज की क्वालिटी भी अच्छी होती है। खेती में स्वदेशी बीजों का प्रयोग भी होना चाहिए क्योंकि विदेशों से आयातित बीजों के साथ विषैली गाजर घास जैसे खरपतवार भी आ गए हैं। परंपरागत भारतीय कृषि में आधुनिक वैज्ञानिक शोध का समन्वय कर खाद व पेस्टिसाइड पर खर्च होने वाला पैसा बचाया जा सकता है। केमिकल के बिना उत्पादित फल, सब्जियां और अनाज अधिक पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। पेस्टिसाइड व रासायनिक खाद के उपयोग से जमीन में विषाक्तता बढ़ गई है, इसने भूजल को भी विषाक्त कर दिया है तथा इनसे धरती की उर्वरा क्षमता भी धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों तथा शहरों और कस्बों में छोटे-बड़े गमलों में लोग अपने उपभोग के लिए जैविक तरीके से फल और सब्जियां उगा सकते हैं जो हर प्रकार से लाभकारी होंगे।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नौकरी छोड़कर राजनीति में आए ईश्वरी साहू बने जिला पंचायत अध्यक्ष




## सुषमा बघेल निर्विरोध बनी जनपद अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में कबीरधाम जिले का पहचान अलग ही है। छत्तीसगढ़ राज्य के तीन बार लगातार मुख्यमंत्री कवर्धा निवासी डॉ.रमन सिंह रहे । वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, त्रिपुरा लोकसभा सांसद कृति देवी सहित कई बड़े हस्तियां जिले में मौजूद हैं। पूरे राज्य का निगाह कबीरधाम पर रहता हैं। कबीरधाम जिला पंचायत सदस्य चुनाव में 13 भारतीय जनता पार्टी और एक मात्र कांग्रेस की सदस्य था । जातिगत राजनीति होने के कारण 13 सदस्यों में से 10 सदस्य अध्यक्ष बनने की सपना देख रहे थे और अपना दबदबा बनाए हुए थे लेकिन विधानसभा चुनाव के दौरान नौकरी छोड़कर राजनीति में पायदान रखने वाले ईश्वरी साहू अध्यक्ष की कुर्सी पाने में कामयाब रहे। उपाध्यक्ष के लिए भी भारी उठापटक चला । कबीरधाम जिले में दो विधानसभा पंडरिया और कवर्धा है जिसमें कवर्धा विधानसभा के जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू को अध्यक्ष बनाया है तो पंडरिया से उपाध्यक्ष की मांग उठ रहा था इस बीच पंडरिया और कवर्धा विधानसभा के सम्मिलित क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्वाचित और उपमुख्यमंत्री के बेहद करीबी कैलाश चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष बनाया गया। कवर्धा जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण पांच सदस्य चुनाव जीते थे उसमें भी भारी खींचतान चला और चर्चित सीट रहा । जनपद पंचायत कवर्धा भी दोनों विधानसभा से लगा हुआ है। जिला पंचायत की तरह यहां भी पेंच फंसे थे लेकिन जनपद सदस्य (दुल्लापुर ) से निर्वाचित सुषमा बघेल निर्विरोध अध्यक्ष बनने में सफल रही वहीं उपाध्यक्ष के लिए गणेश तिवारी निर्वाचित हुए।

### त्याग और धैर्य का सुखद परिणाम आया

जिला पंचायत कबीरधाम अध्यक्ष बने ईश्वरी साहू ने नौकरी को त्याग कर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को चुनाव जीत में सहयोग किया जिसका सुखद परिणाम जिला पंचायत कबीरधाम का अध्यक्ष बना । वहीं उपमुख्यमंत्री के साथ जनहित के लिए कदम से कदम मिलकर चलने वाले कैलाश चंद्रवंशी धैर्य बनाए रखने के कारण जिला पंचायत उपाध्यक्ष की कुर्सी मिली । किसानों और गरीबों की लड़ाई लड़नें पर उन्हें जेल भी जाना पड़ा था लेकिन कभी पीछे नहीं हटे ।

### जनपद पंचायत में धन बल नहीं आया काम

भारतीय जनता पार्टी अनुशासन पर चलने वाली पार्टी है जहां पर सभी को साथ लेकर चलते है । यह कवर्धा जनपद पंचायत अध्यक्ष चयन पर दिखाई दे रहा था। आरक्षित वर्ग के पांच जनपद सदस्य चुनाव जीतकर अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे थे जिसमें रसूखदार , रुदबेदार, धनाढ्य लोग शामिल थे इन सब के बीच सुषमा बघेल निर्विरोध अध्यक्ष बनने में सफल हुए । उपाध्यक्ष के लिए गणेश तिवारी निर्वाचित हुए।

### उपमुख्यमंत्री का दिखा प्रभाव

कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष में उपमुख्यमंत्री का प्रभाव देखने को मिला। दो विधानसभा होने पर लोगों में कवायद लगाया जा रहा था कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों विधानसभा से बनाए जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोगो में भारी चर्चा का विषय बना हुआ है कि उपमुख्यमंत्री प्रभाव शाली है जिनका वजूद चुनाव में देखने को मिला ।

# पुरई में दूसरी बार उपसरपंच बनी शीतला ठाकुर





पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर ग्राम पंचायत पुरई में दूसरी बार उपसरपंच निर्वाचित हुई है। शनिवार को चुनाव में वह जीत हासिल कर अपनी लोकप्रियता साबित की है। शिक्षित, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर गांव वासियों की पसंद बनीं। शीतला ठाकुर ने जीत के बाद सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उनका कहना है कि वे ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेगी। ग्रामीणों ने भी उनके उपसरपंच बनने पर खुशी जताई और बधाई दी। इस दौरान सरपंच डोमार साहू, तेजनाथ साहू, देवला बाई सिन्हा, सतरूपा, कुमार राम साहू, गमता देवांगन, अंजू कोसरे, गीता देवांगन, जुगनु यादव, रेवती यादव, मिलऊ राम ओझा, रूखमणि साहू, आशीष रिगरी, भुनेश्वरी साहू, गोविंद यादव, छाबीलाल साहू, पूजा, अनिल कुमार, रेणु, गौरी रिगरी आदि उपस्थित थे।

# दुर्ग-रायगढ़ युवा आदान प्रदान कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



माय भारत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कायक्रम दुर्ग-रायगढ़ चोपड़ा पैलेश दुर्ग में किया गया। इस कायक्रम में रायगढ़ जिले के युवाओं ने दुर्ग जिले की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विरासत के साथ स्थानीय परंपराओं और विकास गतिविधियों समझा, साथ ही आपकी सामंजस्य से राज्य व देश की उन्नति के लिए राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा देने के महत्व पर भी मंथन किया। कायक्रम के दौरान दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने युवाओं को अपने निवास पर आमंत्रित कर भारत सरकार के विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के कथनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं को सहभागी बनने प्रेरित किया। कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए युवा आदान प्रदान कायक्रम के माध्यम से युवाओं को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस कायक्रम के माध्यम से युवा अलग अलग प्रांत जिला में जाकर वहां के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन कर पा रहे हैं जो भविष्य में विकसित भारत के लिए योजना निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने बताया कि 2 मार्च से 6 मार्च तक चोपड़ा पैलेस दुर्ग में रायगढ़ जिले के 27 युवा पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कायक्रम में सम्मिलित होकर दुर्ग जिले के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों से रूबरू हुए। उन्हें नगपुरा पार्श्वनाथ तीर्थ, मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध थनौद सहयोगी सामुदायिक रेडियो स्टेशन, हमर हटरी सहित आसपास के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। साथ ही छग की कला एवं संस्कृति के विषय पर मास्टर ट्रेनर योगेश चंद्राकर, सामुदायिक विकास विषय पर आदित्य भारद्वाज, व्यक्तित्व निर्माण विषय पर जितेंद्र सोनी एवं महेंद्र सिन्हा, साइबर क्राइम जागरूकता के लिए सायबर पोलिस थाना दुर्ग के सीनियर सब इंस्पेक्टर डॉ संकल्प रॉय सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित किया। युवाओं को प्रतिदिन योग एवं मनोरंजक खेलों का अभ्यास भी कराया गया एवं सांस्कृतिक कायक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कायक्रम को सफल बनाने में एपीए आरती मिश्रा, सुमित शर्मा, आकांक्षा गोंडाने, भूपेंद्र मानिकपुरी, वेदप्रकाश सिंह, गायत्री निषाद, रितु साहू, सुभद्रा निषाद सहित शौर्य युवा संगठन कोड़िया, कर्मवीर युवा संगठन कातरो, जीविका स्वसहायता समूह बोरसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिले का एकमात्र स्कूल जहां हो रहा है बाल बैंक का संचालन

## 2017 से कन्या स्कूल देवकर में संचालित हो रही है यह अनोखा बाल बैंक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले का एकमात्र स्कूल शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर, विकास खण्ड साजा है जहां पर स्कूली बच्चों के लिए बैंक संचालित है ढ्ढ इस बाल बैंक में कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे प्रतिदिन पैसा जमा भी करते है और निकालते भी हैं ढ्ढ इस बाल-बैंक का गठन 9 फरवरी 2017 को तात्कालीन प्रधान पाठिका मैमुना सुल्ताना ने किया था। जिसका उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही संचय शक्ति का विकास करना, बचत की आदत डालना था। शिक्षिका मैमुना सुल्ताना आज भी इसका सफलता पूर्वक संचालन कर रही है। पांचवी उत्तीर्ण होने के पश्चात शाला से नाम खारिज होते ही सभी खाता धारकों को उनकी राशि देकर खाता खारिज किया जाता है। बच्चे प्रतिदिन 1रु.,2रु., 5रु. अपनी सुविधानुसार पैसा जमा एवं निकासी करते हैं। सप्ताह में एक दिन प्रार्थना सभा में उनकी राशि की जानकारी दी जाती है ढ्ढ सर्वाधिक पैसा जमा करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है ढ्ढ विगत 6 मार्च को शाला में पांचवी के बच्चों के विदाई समारोह में बाल बैंक में सर्वाधिक राशि 1210 रु. जमा करने वाली छात्रा भुनेश्वरी सिन्हा कक्षा चौथी, द्वितीय - सोनिया कुम्हार कक्षा चौथी (237.1 रु.), तृतीय स्थान पर दीक्षित चक्रधारी कक्षा दूसरी (210 रु.) को शाला की तरफ से गुल्लक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिससे शाला के सभी बच्चों को बचत की सीख मिले। शिक्षिका मैमुना सुल्ताना ने बताया कि शाला में दर्ज 50 बच्चों के बाल बैंक में राशि 3000 से 5000 के बीच रहती है। इस बाल बैंक के संचालन में शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, श्वेता वर्मा सभी का सहयोग मिल रहा है।

# महाविद्यालय में आयोजित हुई - छः दिवसीय चेतना विकास मूल्य

## मानवीयतापूर्ण आचरण के लिए मूल्य, नैतिकता व चरित्र को समझना अनिवार्य

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित छः दिवसीय युवा कार्यशाला सार्वभौमिक सुख, शिक्षा और सामाजिक एवं प्राकृतिक व्यवस्था को समझने के लिए आयोजित हुई। इसके पश्चात समिति की अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी द्वारा निताशा त्यागी जी का पुष्पगुच्छ से स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यस्थ दर्शन सह -अस्तित्ववाद की अध्येता व शिक्षाविद् निताशा त्यागी अछोटी, दुर्ग से रही। उन्होंने विचारों को साझा करते हुए बताया कि शरीर की आवश्यकता सुविधा हैं जिसे श्रम पूर्वक उत्पादन से पूर्ण किया जा सकता हैं तथा जीवन की आवश्यकता सुख हैं ,जो सही समझ एवं व्यवहार से पूरा होगा। वर्तमान में मानव जीवन की 10 क्रियाओं में से आस्वादन, चयन, तुलन,विश्लेषण, चित्रण व प्रिय, हित और लाभ के साथ साढ़े चार क्रियाओं तक जिंदा रहने में सीमित हैं। इस क्रम के आगे बढ़ने से जब मानव का ध्यान तुलन में न्याय,धर्म ,सत्य तथा चिंतन, संकल्प, बोध, प्रमाणिकता व अनुभव की ओर जाता हैं। तब मानव समझदारी से पूर्ण जीवन व्यतीत कर पाता हैं। इस जागृति क्रम में मानव प्रयासरत हैं। मानवीयतापूर्ण आचरण व्यवस्था में भागीदारी देने से होता हैं, जिसकी नींव मूल्य,नैतिकता व चरित्र से होती हैं। संबंधों को समझदारी पूर्वक निर्वाह कर जीने से संबंध पूर्णता के अर्थ में प्रमाणित होता हैं। प्रकृति की चार अवस्थाओं में से पदार्थावस्था, प्राणावस्था व जीवावस्था की व्यवस्था में आचरण की निश्चितता दिखाई देती हैं, लेकिन ज्ञानावस्था में मानव के कार्य-व्यवहार में निश्चितता दिखाई नहीं देती है। अब आवश्यकता इस बात की है कि मानव परिवार, समाज व मानवीकृत व्यवस्था में आचरण निश्चित कर तालमेल स्थापित करें। इस निरंतरता से जीवन में सुख की निरंतरता होना निश्चित हैं। जीवन में मूल्यों की समझ विकसित होने से स्वयं में समाधान, परिवार में समृद्धि, समाज में अभयता, प्रकृति में संतुलन व अस्तित्व के प्रति स्वीकृति का भाव रखना मानव के लिए सहज हो जाता हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेतना विकास के कंटेंट सही तरीके से समझने से जीवन में समाधान आना निश्चित हैं। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल, डायरी व श्रीफल से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने छह दिवसीय शिविर के मूल्यांकन सत्र में अपने अनुभव साझा किये। छात्राध्यापिका लक्ष्मीजय साहू ने बताया कि जीने के लिए वर्तमान से विरोध न होने, भूतकाल की पीड़ा से मुक्ति व भविष्य की चिंता से मुक्त होना अनिवार्य हैं। श्रीयता तिवारी ने कहा कि स्वयं में समझदारी विकसित करने से जीवन सहजता पूर्वक जिया जा सकता हैं। रोहिणी नेताम ने बताया कि स्वयं में सुधार करने से जीवन शिकायतमुक्त व सार्थकता से जी सकते हैं। टिकेंद्र देवांगन ने बताया कि हमें अपनी सोच की गहराई में जाकर मूल को समझना होगा, तभी सुधार का कार्य किया जा सकेगा। प्रांजल पाण्डेय ने कहा कि क्यों और कैसे का उत्तर ही समाधान हैं। रेणुका मार्कण्डेय ने बताया कि मानव का अस्तित्व के प्रति स्वीकृति का भाव ही जीवन का आधार हैं। विद्यार्थियों को शिविर पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को को-ऑर्डिनेट कराने में शिक्षक प्रतिनिधि श्रद्धा राजपूत व हुतेन्द्र कुमार सिन्हा ने भूमिका निभाई।

# जुआ, सट्टा, एवं शराब के अवैध कारोबारियों दल्लीराजहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी दल्लीराजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत 06 मार्च को दो व्यक्तियो पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है । गोपाल सोनकर पिता भारत सोनकर उम्र 30 वर्ष साकिन राजहरा वार्ड क्रमांक 02 द्वारा 06 मार्च को राजहरा आईटीआई के बाजू पगडंडी रास्ता से अधिक मात्रा में शराब रखकर पैदल वार्ड क्रमांक 13 की ओर आ रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के रेड कार्यवाही कर अधिक मात्रा में शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी मे भर कर रखे 35 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब को जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना राजहरा में अपराध क्र0 68/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया । इसी प्रकार आरोपी नोहर निषाद पिता बिरजु निषाद उम्र 21 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 18 दंतेश्वरी वार्ड राजहरा द्वारा 06 मार्च को राजहरा शराब भट्ठी की ओर से अपने एक्टीवा मोटर सायकल के डिग्गी में अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करते वार्ड क्रमांक 13 की ओर आ रहा है इस सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के राजहरा आईटीआई के पास घेरा बंदी किया जो पुलिस को देख कर आईटीआई के पीछे कच्ची रोड पर तरफ भाग रहा था जिसे पुलिस द्वारा दौड़ाकर पकड़ने पर आरोपी तलाशी करने पर आरोपी के एक्टीवा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 5395 के डिग्गी खोलकर तलाशी लिया गया आरोपी द्वारा अपने मोटर सायकल के डिग्गी में रखे 34 पौवा रोमियो देशी मदीरा प्लेन शराब एवं एक एक्टीवा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 5395 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना राजरहा में अपराध क्र0 69/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया ।

# महिलाएं हर क्षेत्र में देश का नाम रौशन कर रही है : हिम कल्याणी



## अकोला स्कूल में मनाएं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में रसोईया सहित गाँव के महिलाओं को आंमत्रित कर महिला दिवस मनाएं। शाला के प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा, सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर महिलाओं का आरती थाल सजाकर, गुलाल से टीका लगाकर, पुष्प माला पहनाकर, श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किए। प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने कहा कि हर साल 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता बढ़ाने पर केंद्रित है, हर सफलता के पीछे नारी की ताकत होती है, सहायक शिक्षक हिरेश टंडन ने कहा की महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोडी है चाहे वो शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल के मैदान सभी जगह समाज व देश का नाम रोशन कर रही है। भावना कंठ, प्रिया, झिगन, प्रेम माथुर, शांति तिग्गा आदि संघर्षशील महिलाओं के बारे में बताते हुए हार नहीं मानने और निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किए। साधना यादव गाँव की ऐसी महिला है जो न बोल पाती है न ही सुन पाती है लेकिन कुशल गृहणी है और एक अच्छी माँ भी उनकी बेटी सुरुचि यादव कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत है वह शाला के प्रत्येक बैठक में उपस्थित होती है और इशारे से कही गयी सभी बात को समझती है। अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना चाहती है। उपस्थित सभी महिलाएं अपनी अनुभव शिक्षकों को बताई, पुष्पा साहू, रामकुँवर ठाकुर, सतरूपा ध्रुव, लता सेन, साधना यादव, सुनीता विश्वकर्मा, मुन्नी यादव, पंचराम निषाद उपस्थित रहे।

# जिला उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा के जिले मे आयोजन के सम्बन्ध मे जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त बैठक मे जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ प्राचार्य एस.पी. कोसले ,जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार झा,सहायक जिला परियोजना समन्वयक धनंजय शर्मा, जिला रिसोर्स पर्सन बी.एल. साहू, विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं तकनीकी रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे। उक्त बैठक मे राज्य से प्राप्त दिशानिर्देश के अनुरूप जिले मे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन की महा परीक्षा हेतु शिक्षार्थियों के पंजीयन, केंद्र निर्धारण, प्राचा 'प्रसार,केंद्र व्यवस्था, मॉनीटरिंग, परीक्षा आयोजन, मूल्यांकन तथा डाटा प्रविष्ट पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया।सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विकासखंड में सभी संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित कर स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को राष्ट्र व्यापी महा परीक्षा में सम्मिलित कराने एवं परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें।

# गिरौदपुरी मेला में बेमेतरा निवासी गोकुल का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गिरौदपुरी धाम मेला, सँतशिरोमणी गुरुघासी दास बाबाजी के तपोभूमि स्थल पर गिरौदपुरी जिला बलौदाबाजार में चार मार्च से छह मार्च तक विराट मेला आयोजित किया गया। जिसमें प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा राष्ट्रीय सँगोष्ठी, कवि सम्मेलन एवं लोक गायन कार्य म आयोजित किया गया, कवि सम्मेलन में बेमेतरा निवासी डॉ. गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत्त शिक्षक साहित्यकार व ब्रांड एमबेस्डर जिला साक्षरता कार्य म उल्लास नवभारत बेमेतरा का मँचासीन अतिथियों प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील छ. ग. सतनामी समाज राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी, महासचिव एस. आर. बँजारे, सचिव डॉ. अनील कुमार भतपहरी ( साहित्य प्रकोष्ठ ), सेवानिवृत एस. डी. ओ. पी. बँशी लाल कुर्रे, व विधान सभा क्षेत्र बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे के करकमलों शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारी गण व कवियों डिजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर,हरप्रसाद निडर, साधुराम अनँत, मणिशँकर दिवाकर गदगद, आशा भारद्वाज, अश्विनी कुमार रात्रे पत्रकार,हिरऊकुमार जाँगडे, बुँदराम जांगडे, रतन लाल र ाकर, पुष्पराज देवहरे, काँतिप्रभा बँजारे सहित बडी सँख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# जलतारे कृषि केन्द्र करनौद में 267 का युरिया खाद 440 रु में बिक रहा जिम्मेदार अधिकारी बने मूखदर्शक

## वाट्सएप ग्रुप में युरिया खाद की फोटो और रेट डाल के संचालक कर रहा वायरल अधिक दाम में बेच रहा युरिया खाद

**पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा**
www.dailypioneer.com






जिले के बम्हनीडीह क्षेत्र में दिनों युरिया खाद की कालाबाजारी अपने चरम पर चल रही है और जिम्मेदार कृषि विभाग इन पर रोक लगाने में पुरी तरह से विफल नजर आ रही है ताजा मामला बम्हनीडीह विकास खण्ड के करनौद से सामने आया है जहां जलतारे कृषि केन्द्र का संचालक गांव के वाट्सएप ग्रुप में युरिया खाद की फोटो और रेट डाल कर वायरल कर शासन द्वारा निर्धारित दर से काफी अधिक दर पर युरिया खाद की कालाबाजारी कर रहा है क्षेत्र के किसानों ने बताया की जलतारे कृषि केन्द्र संचालक 267 रुपए की युरिया खाद 500 रुपये तक बेच रहा है और हमारी मजबूरी को अवसर बना कर अपनी जेब भर रहा है वहीं सोसायटी में भी जरूरत के हिसाब से हमें खाद नहीं मिल पा रहा है इस कारण मजबूरी है की हमें जलतारे कृषि केन्द्र से 267 रुपए बोरी की युरिया खाद को 500 रुपए बोरी में खरीदना पड रहा है वहीं जलतारे कृषि केन्द्र संचालक किसानों को किसी तरह का कोई बील नहीं दे रहा है।

**कृषि प्रधान जिले में किसानों से लूट जिम्मेदार अधिकारी के पास फोन उठाने तक का समय नहीं**-जांजगीर चांपा जिले तो वैसे पुरे देश में कृषि प्रधान जिले के नाम से जाना जाता है पर यहां के किसान इस कदर किटनाशक दुकान संचालकों से परेशान हैं की उनको अब 267 रुपए का युरिया खाद 500 रुपये में खरीदना पड रहा है वहीं जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी उप संचालक के पास फोन उठाने का समय है न ही बम्हनीडीह में बेठे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राम कुमार ध्रुव के पास के फोन उठाने का समय है बताया जा रहा है की पुरे जांजगीर चांपा जिले में किसानों से किटनाशक दुकान संचालक लुट मचा रहे हैं और 267 की युरिया खाद को 440 से 500 तक रुपए में बेच रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी हैं की ऐसे किटनाशक दुकान संचालको को खुली छूट दे रखा है जिसके चलते दुकान संचालक मालामाल हो रहे हैं भोले भाले किसान कंगाल होते दिखाई दे रहे हैं।

**शासन का सख्त आदेश केवल कागजों तक सीमित** -वैसे तो शासन का सख्त आदेश है की किसी भी वस्तु को निर्धारित दर से अधिक दर पर बेचना अपराध है पर यहां तो किसानों के जेबों पर खुले आम कृषि केन्द्र के संचालक के द्वारा निर्धारित दर से काफी अधिक दर पर युरिया खाद बेच कर सीधा किसानों की जेबों पर डाका डालने लगे हैं और शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी अपने एयरकंडीशन रुम से बाहर निकल कर जमीनी स्तर पर जांच तक नहीं कर रहे हैं जिसका पुरा फायदा किटनाशक दुकान संचालक उठा रहे हैं और कृषि प्रधान कहे जाने वाले जिले में लुटते नजर आ रहे हैं।

> युरिया अभी नहीं है रेट तो बहुत ज्यादा है 450 में बेचे हैं अभी नहीं बेच रहे हैं रहने दो खबर मत लगाव।
>
> **-तिलक जलतारे कृषि केन्द्र संचालक करनौद**

# एसपी शर्मा वूमेंस डे पर पहुंची सरकारी कॉलेज जेठा, स्टूडेंटस को दिया कैरियर मार्गदर्शन

**पायनियर संवाददाता < सक्ती**
www.dailypioneer.com




जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने महाविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को कैरियर के लिए मार्गदर्शन दिया, शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ती में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस और वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सक्ति पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा और विशिष्ट अतिथि रीता पटेल जनभागीदारी समिति सदस्य, भारती महाना( निवेदिता फाउंडेशन), की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा और समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े के द्वारा पुलिस अधीक्षक शर्मा मैडम का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया रीता पटेल जनभागीदारी समिति सदस्य का स्वागत प्रो ऋतु पटेल द्वारा, भारती महाना निवेदिता फाउंडेशन का स्वागत प्रो सीमा साहू, प्रो ऋतु पटेल का स्वागत प्रो डॉ ज्योति कुशवाहा द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ डी पी पाटले का स्वागत प्रो डॉ शकुंतला राज द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। प्रो डॉ शकुंतला राज का स्वागत प्रो पल्लवी प्रधान द्वारा किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, राज्य गीत प्रस्तुत किया गया। अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक टिप्स दिए और सभी को प्रेरित किए।उन्होंने छात्रों के द्वारा किए गए प्रश्नों का सरल और सहज रूप से जवाब देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिए। कार्यक्रम में महिला दिवस पर सभी अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया। छात्र छात्राओं को वार्षिकोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिताओं का प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किया गया।गंगा महंत बी ए अंतिम प्रथम स्थान,निशा बी एस सी कविता देवांगन बी काम, कविता साहू रसायन, जीतेश्वरी साहू बॉटनी, बेस्ट ऑफ वेस्ट, रंगोली, निबंध, केश सज्जा, पाक कला गायन, चित्र कला, बाद विवाद अल्पना, राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन द्वारा की गई प्रतियोगिता में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।प्रिय मैत्री बाद विवाद, तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया।गायन में राधिका पटेल प्रथम, निबंध में प्रथम संगीता यादव, अल्पना में राधिका पटेल प्रथम ,रंगोली में धनंजय सिंह प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# हाथी पांव-कृमिमुक्ती की गोली मितानिन घर-घर जाकर खिला रही गोली

**पायनियर संवाददाता < जैजैपुर**
www.dailypioneer.com



हाथी पांव दवा सेवन कार्यक्रम के तहत जैजैपुर विकासखंड के चोर भट्ठी के ईट भट्ठे इलाके में मोहल्ला में मितनिन अपने पारा में आने वाले जनसंख्या को ब्लाक में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम कृमि एवं हाथी पांव दवा को सेवन करने के लिए अच्छे ढंग से ट्रेनिंग लेकर घर-घर दवा खिला रही है ।जिसमें डीई सी,एल्बेंडाजोल, आईवरमेक्टिन यह तीनों प्रकार की दवाएं को लक्षित जनसंख्या के अनुसार उम्र /हाइट के आधार पर खिला रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शक्ति एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर के बीएमओ डॉक्टर उमाशंकर साहू सर के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम का संचालन विकासखंड के गांव में की जा रही है। फेलेरिया रोधी दावों का सेवन करके ही एक मात्र लोग बच सकते हैं अन्यथा संभव नहीं है। इस बीमारी के हो जाने के बाद दोबारा ठीक होना नामुमकिन है। फाइलेरिया बीमारी किसी भी उम्र में किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। दवा का सेवन एकमात्र साल में एक बार ही करना है और किसी भी व्यक्ति को उल्टी , सिर दर्द चक्कर आता है तो यह अच्छी बात है यह शुभ संदेश देता है क्योंकि लोगों के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के लक्षण दिखाई देते हैं । जो दवा सेवन करने पर इस प्रकार का असर हैजिनसे बचने के लिए साल में एक बार दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करना है। ट्रिपल ड्रग थेरेपी एल्बेंडाजोल डी ई सी, आईवारमेक्टिन तीनों प्रकार की दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित दवाएं हैं किसी को डरने की जरूरत नही है अनिल टंडन जिला कॉर्डिटर और मितानिन अपने साथ टीम बनाकर काम कर रही है।

# के एस के भूविस्थापित किसानों की 6 साल से लंबित मांग हुई पूरी, समिति को मिली बड़ी सफलता, बकाया राशि का था मामला

## जून जुलाई अगस्त 2019 का रुका हुआ था पैसा



**पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा**
www.dailypioneer.com

जिले के अकलतरा स्थिति के एस के भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के द्वारा लगातार प्रयाश के कारण आखिरकार लगभग 600 परिवारों को उनके हक का सन 2019 से बकाया राशि का भुगतान करना पड़ा, जिसके लिए समिति लगभग 6 साल से लगातार इस बकाया राशि के मांग को लेकर शासन, प्रसाशन, प्लांट प्रबंधन से मिलते आ रहे थे, अब जाकर 7 मार्च 2025 को हितग्राहियों के खाते में 3 माह का 26000 लगभग पैसा डलवाया गया, इस पूरे 6 साल के संघर्ष में समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सविता भारद्वाज, सचिव अविनाश सिंह कोशाध्यक्ष राजेश साहू, बुद्धेस्वर सिंह व अन्य साथियों के संघर्ष के कारण बकाया पेंशन की राशि प्राप्त हुई, जिससे सभी पेंशन धारियो में हर्ष व्यापत है। भूविस्थापित पेंशन समिति के सदस्यों के द्वारा के एस के पावर प्लांट के प्रबंधन अधिकारी वेणु गोपाल राव, उज्ज्वल सिंह, स्वर्गीय विनोद श्रीवास्तव, एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया है।

# शिवरीनारायण में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण**
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद प्रकाश मिरी का प्रथम शिवरीनारायण नगर आगमन 7 मार्च 2025 को हुआ जिसमें जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता जिसमें मुख्य रूप से नगर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश मोदी, रमेश मोदी, रामेश्वर (रमेश) साहू, नवीन अग्रवाल, ऋषभ केसरवानी, कन्हैया यादव, पीयूष यादव, संदीप यादव, रमेश केसरवानी, प्रांजल पंकज, शैलेंद्र माण्डले,सत्येंद्र केवट, बसंत कुंभकार, आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण थे जो उनका बाजे गाजे एवं पटाखे फोड़कर, जबरदस्त स्वागत किया तत्पश्चात सत्यलता आनंद ने शिवरीनारायण नगर के अंबेडकर चौक में स्थित डॉक्टर साहब, भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किए।

# अपने गांव की जनता की सेवा करने का मिला है अवसर : अमित राठौर

- ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच निर्वाचित हुए अमित राठौर ने ली शपथ

**पायनियर संवाददाता < सक्ती**
www.dailypioneer.com



शक्ति विकासखंड के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत किरारी में जिस परिवार ने दशकों से पूरे जनपद क्षेत्र एवं गांव के विकास के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया तथा निरंतर जरूरतमंदों की सेवा के लिए काम करने वाले किरारी के प्रतिष्ठित राठौर परिवार के सदस्य अमित राठौर ने ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच जैसे महत्वपूर्ण पद पर चुनाव जीत कर गांव की के लोगों की सेवा एवं विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया है, तथा अमित राठौर पूर्व में जिला पंचायत जांजगीर चाम्पा के सदस्य भी रह चुके हैं,तथा जनपद पंचायत शक्ति में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के वे विधायक प्रतिनिधि भी हैं, एवं अमित राठौर की माताजी उषा राठौर जनपद पंचायत शक्ति की अध्यक्ष भी रह चुके हैं, एवं अमित राठौर ने सरपंच पद पर निर्वाचित होकर अपने पंचों के साथ शपथ ग्रहण किया, साथ ही अमित राठौर ने कहा कि ग्राम पंचायत किरारी पूरे विकासखंड का एक बड़ा गांव है, एवं इस गांव में आने वाले समय में लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं एवं गांव के तेजी से विकास के लिए वे काम करेंगे तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके गांव के प्रत्येक परिवारों को मिले, इस दिशा में भी वे पहल करेंगे तथा ग्राम पंचायत किरारी में उप सरपंच का चुनाव भी निर्विरोध संपन्न हुआ, जिसमें सरपंच चुनकर आए अमित राठौर के पैनल से ही जय कुमारी सुदामा गोंड ने निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होकर गौरव हासिल किया तथा सरपंच अमित राठौर सहित पांचों ने भी निर्विरोध निर्वाचित हुई उप सरपंच को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# करनौद की नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचो ने शपथ लेकर किया पदभार ग्रहण

- नवनिर्वाचित सरपंच का पंचायत भवन में आने से पहले कार्यकर्ता ने आतिशबाजी से किया स्वागत

**पायनियर संवाददाता < चांपा**
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करनौद मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत के बाद अब निर्वाचित हुए सरपंच और पंच का शपथ ग्रहण से पहले भारत माता के मूर्ति पर और ग्राम के ठाकुर देवता और माता सरस्वती माता की शैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया है उसके बाद सभी नवनिर्वाचित पंच को ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा एवं प्रथम सम्मेलन अधिकारी दिवाकर द्वारा सभी पंच को प्रमाण पत्र दिया गया उसके बाद सबसे पहले नवनिर्वाचित सरपंच रेवती शैलेन्द्र डडसेना को सचिव भुवन कुम्हार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद ग्राम के नवनिर्वाचित 20 पांच को जिसमें वार्ड क्रमांक 01 के पंच ज्योति रामशंकर यादव, 02 के रमाकांति, 03के संतोष कुमार यादव, 04 के निनी बाई शिकारी, 05 के सतीश चंद पटेल, 06 के सोनाई डडसेना, 07 के पंच किरण तिवारी, 08 के मिथलेश यादव,09 के अनुसुइया पटेल, 10 से गंगा राम पटेल 11 के सहदेव जलतारे, 12 के भोजराम जलतारे, 13 के नर्मदा जलतारे, 14 के पंच रजनी , 15 के संगीता वैष्णव, 16 के शांति वैष्णव, 17 के राधेश्याम डड़सेना, 18 के शिव कुमार डडसेना,19 के पंच ज्योति सारथी, 20 से टेकराम सहिस को सचिव भुवन कुम्हार द्वारा शपथ कराया गया, इस समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच रेवती शैलेन्द्र डडसेना ने अपने संबोधन में कहा कि मैं सभी की सहयोग से गांव का विकास करुगीं। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

# महिलाओं को जो अधिकार धर्म नहीं देता वह अधिकार संविधान देता है : नागेंद्र गुप्ता

**पायनियर संवाददाता < चांपा**
www.dailypioneer.com



एलिगेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एलिगेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में किये गए सराहनीय कार्यो के लिए महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि एक महिला मंदिर की पुजारी नहीं बन सकती चर्च की पादरी नहीं बन सकती मस्जिद की मौलाना नहीं बन सकती गुरुद्वारे की ज्ञानी नहीं बन सकती लेकिन देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कलेक्टर, विधायक, सांसद, पुलिस ,जज, सैनिक, इंजीनियर, डॉक्टर ,पायलट आदि बन सकती है यानी जो अधिकार महिलाओं को धर्म नहीं देता वह संविधान देता वास्तव में महिलाएं जननी है जिसके पालने में सृजन पलता है समाज एवं परिवार की महत्वपूर्ण धूरी है जिसके चारों ओर समाज एवं परिवार फलता-फूलता है इस कारण महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए कार्यक्रम को प्रकाश अग्रवाल, अंशुल श्रीवास्तव, विवेक शर्मा, अनिल सोनी, ध्रुव मेहर ने भी उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत राय रथ एवं आभार सोसाइटी के अध्यक्ष विकी मनवानी ने किया महिला सम्मान समारोह में इन महिलाओं को सम्मानित किया गया रजनी तिवारी, सुमन सोनी, मनीषा पटेल, सुनीता बरेट, अंतरा कर्ष, ज्योति शर्मा, अमृता पांडे, नेहा शर्मा, शिक्षा दुबे, ज्योति सोनी, संतोषी सोनी, चंचल यादव, ऋषि सूर्यवंशी, शिवम सोनी नारायण सोनी कायक्रम में उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने भाजपा बना सकती है महिला उपाध्यक्ष

# नगर पंचायत शिवरीनारायण का उपाध्यक्ष निर्विरोध होगा या मतदान से तय करेंगे भाजपा की रणनीति

**पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण**
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण का उपाध्यक्ष पद चुनाव 10 मार्च को होना है। इस पद के लिए भाजपा से वार्ड क्रमांक 3 के निर्वाचित पार्षद विनोद शर्मा और 15 वार्ड के पार्षद अंकुर गोयल का नाम चर्चा में है और इन दोनों के द्वारा उपाध्यक्ष पद पर आसीन होने के लिए एड़ी-चोटी की प्रयास जारी है। ये दोनो नवनिर्वाचित पार्षद उपाध्यक्ष बनने के लिए अपने-अपने स्तर पर भाजपा के अन्य पार्षदों से लगातार सम्पर्क बनाए हुए हैं। इस बार नगर पंचायत चुनाव में भाजपा से 10 पार्षद और कांग्रेस से 3 पार्षद तथा 2 पार्षद निर्दलीय चुनाव जीते हैं। संख्य बल की दृष्टि से परिषद में भाजपा का पूर्ण बहुमत है यदि भाजपा उपाध्यक्ष प्रत्याशी के चयन में पार्षदों में सामंजस्य स्थापित करने में सफल होते हैं तो नगर पंचायत शिवरीनारायण में भी उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध हो सकता है। अन्यथा कांग्रेस निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देकर बाजी पलट सकता है। वैसे उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर नगर में आम जनता का राय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर पुरूष वर्ग है तो उपाध्यक्ष पद पर महिला को होना चाहिए। इस बार परिषद में 6 महिला पार्षद है।

जिसमें 5 महिला पार्षद भाजपा से है और एक महिला पार्षद निर्दलीय है ।लोगों का कहना है कि नगर पंचायत शिवरीनारायण में भाजपा से कोई महिला आज तक अध्यक्ष या उपाध्यक्ष नहीं बन पाई है। जिसका प्रमुख कारण स्थानीय स्तर पर भाजपा नेताओं के द्वारा महिला नेतृत्व का उपेक्षा करना है। भाजपा राज्य और केन्द्र स्तर पर महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है। यदि वे माता शबरी की जन्म भूमि शिवरीनारायण नगर पंचायत में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना चाहेंगे तो भाजपा निश्चित रूप से किसी महिला पार्षद को उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाएगें। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से अभी तक किसी भी पार्षद का नाम सामने नहीं आया है लेकिन नगर में ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस किसी निर्दलीय प्रत्याशी को अपना समर्थन दे सकती है।

वैसे नगर में जन चर्चा है कि एक निर्दलीय पार्षद भाजपा ज्वाइन कर लिए हैं तो वहीं दूसरी ओर एक निर्दलीय पार्षद की उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। इसे भाजपा भी भांप रही है। नगर पंचायत शिवरीनारायण के उपाध्यक्ष पद के चुनाव भाजपा की रणनीति पर यह निर्भर करेगा कि यहां नगर पंचायत में उपाध्यक्ष निर्विरोध होगा या मतदान से, इसे लेकर नगर की गलियारों में जोरों की चर्चा है ।

# जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया कलेक्टर टोपनो ने

**पायनियर संवाददाता < सक्ती**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती पहुंचकर परीक्षा संचालन का औचक निरीक्षण किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में कक्षा 10वीं की गणित विषय की परीक्षा कुल 6 कक्षों में संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्र में कुल पंजीकृत 200 परीक्षार्थियों में से 197 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा संचालन व्यवस्था पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर की एवं केन्द्राध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में लघु मरम्मत मद से किये गये कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. चन्द्रा ने कलेक्टर तोपनो को अवगत कराया कि यह संस्था बोर्ड परीक्षा के लिए समन्वय केन्द्र है तथा गोपनीयता व सुरक्षा की दृष्टि से भी उपयुक्त है तथा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्वक माहौल में परीक्षा का संचालन हो रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा में जिले से कुल पंजीकृत 9289 विद्यार्थियों में से 8954 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 335 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। नकल प्रकरण की संख्या निरंक रही। जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एन. के. चन्द्रा सहित संबंधित अधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।

# महिलाओं की समृद्धि से ही होगी प्रदेश की उन्नति : राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम क़ा शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में पदस्थ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया तथा खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत उपस्थितों को शपथ दिलाई। रराजस्व मंत्री वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का दिन महिलाओं के बलिदान,




त्याग, समर्पण को याद करने का दिन है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिला शिक्षित हो, समृद्ध हो तभी छतीसगढ़ में समृद्धि आएगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत हर माह महिलाओं के खाते एक हजार रुपये अंतरित हो रही है। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना जैसे अन्य योजना संचालित हो रहे हैं। अब फिर से रेडी टू ईट क़ा निर्माण महिला समूहो द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए घर- घर शौचालय निर्माण क़ा बीड़ा उठाया है। महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। आज भी ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की महिलाएं शिक्षा में पीछे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होकर परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जनपद उपाध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानीं एस डीएम अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा,महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी के जाटवर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित थीं।

# नगर पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता ✓ कुरूद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कुरूद में आयोजित आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं पार्षदगण उत्तम साहू, डुमेश साहू, रजत चंद्राकर, महेंद्र गायकवाड, मिथलेश बैस, सितेश सिन्हा, उर्वशी चंद्राकर, रविप्रकाश मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, राखी चंद्राकर, देवव्रत साहू, मनीष साहू, मंजू साहू आदि ने गोपनीयता एवं पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने कुरूद के विकास के लिये नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो को बधाई देते हुये कहा कि कुरुद को इस साल बजट में नर्सिंग कालेज मिला। कुरूद को पिछले बजट में 100 बिस्तर अस्पताल मिला। 100 बिस्तर अस्पताल अब 200 बिस्तर हो गया। इन संस्थाओं के लिये प्रशासकीय स्वीकृति, पदो की स्वीकृति हो चुकी है। चंद्राकर ने कहा कि बहुत सी खेल अब इनडोर हो गई जिसके लिये कुरूद में इनडोर हाल बजट में आया है। अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ राज्य पिछडा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने कहा कि विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में कुरूद आगे बढ़ रहा है और इसको गति देने के लिये आप सभी ने ज्योति के उपर विश्वास, भरोसा जताया है निश्चित रूप से चाहे विकास का कोई भी आयाम हो चाहे शिक्षा, चिकित्सा का क्षेत्र हो, समाज के मुख्यधारा से जोडने का विषय हो। उनके कार्यो के साथ भरोसा के साथ कुरूद को बहुत दूर तक ले जाना है मेरा कुरूद छत्तीसगढ में एक विकसित कुरूद के नाम से जाना जाये इसको गति देते हुये ज्योति चंद्राकर को बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि जिन संकल्प के साथ जिन दायित्वो की आज हम शपथ ली उसे पूरी निष्ठा के साथ निभायेगे। मोदी जी की गारंटी, विष्णुदेव की सुशासन और अजय चंद्राकर के विकास रथ को हर घर तक पहुंचायेगे। नशामुक्त व्यवस्थित कुरूद बनायेगे क्योकि




हमारे कुरूद की युवा पीढी आने वाला हमारा भविष्य घर के चिरागो को मुख्यधारा से जोडना, और जोड़कर कुरूद को विकसित और समृद्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है और हमारा संकल्प है। अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में कुरूद एक नये आयाम को स्थापित करेगा उनके नेतृत्व में नगर में नवाचार, सुशासन के साथ नगर की तस्वीर बदलते हुये उसका स्वरूप बदलते हुये दिखेगा। ज्योति चंद्राकर ने आगे कहा कि सहयोग की अपेक्षा करते हुये कहा कि नगर के विकास में सतत सहभागी बने विकसित करने और आगे बढाने में सतत प्रयत्नशील रहे। आप सबके सहयोग के साथ साथ आप सबके सुझाव का स्वागत है कि हम कुरूद को कैसे सुव्यवस्थित कर सकते है और कुरूद को कैसे नशा मुक्त कर सकते है। कुरूद को हम किन आयामो पर ले जा सकते हैं। कुरूद को व्यवस्थित करने, कुरूद के विकास को आगे बढाना है, युवाओं को रोजगार से जोडना है तथा नगर के मातृ शक्ति को मतबूत करना है, कुरूद की व्यवस्था और व्यापार को आगे बढाना है। कुरूद के लिये एक बडी चुनौती है सफाई की। सफाई और स्वच्छता के लिये कुरूद नगर के सभी लोगो की भागीदारी होना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भानू चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू के आतिथ्य में हुआ।

# जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका चुनाव में भाजपा के एतिहासिक जीत के पश्चात अब नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है । रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगरपालिका क्षेत्र मे भाजपा ने कब्जा हासिल किया है । भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी चंद्रकला वर्मा ने बतौर अध्यक्ष पद जीत हासिल किया है ,वहीं इनके अलावा तिल्दा-नेवरा नगर के 22 वार्डो में से 12 वार्ड में भाजपा ने जीत की परचम लहराया है ,वही पर पांच वार्ड निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गया , व पांच वार्डो में कांग्रेस सिमट कर रह गया है । भाजपा के जीत के इस सफ्लता के पिछे केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को श्रेय दिया जा रहा है । अब जीत के पश्चात भाजपा से जीते बतौर अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा सहित 22 वार्डो के प्रतिनिधि आज याने की 09 मार्च को शपथ लेने जा रहे हैं । आज नगरपालिका परिसर में शाम 05 बजे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन व रायपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा ,वहीं शपथ ग्रहण समारोह का अध्यक्षता केबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक टंकराम वर्मा करेंगे ,इसी तरह इस समारोह का अति विशिष्ट अतिथि धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा , विशिष्ट अतिथियों में संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक चुनाव प्रभारी , लेमिक्षा गुरु डहरिया पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष ,अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण,राम पंजवानी जिला उपाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, मनोज निषाद भाजपा तिल्दा-नेवरा शहर मंडल अध्यक्ष , विकास सुखवानी पूर्व नगरपालिका तिल्दा-नेवरा उपाध्यक्ष, सहित नरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता शिरकत करेंगे ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महापौर मीनल चैबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने सम्मान किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के तत्वावधान में नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल पर निगम सामान्य सभा सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम रायपुर की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महापौर मीनल चैबे और नगर निगम आयुक्त विष्वदीप ने मंच पर श्रेष्ठ कार्यो हेतु नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया। महापौर मीनल चौबे ने मंच पर प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, डॉ. दिव्या चंद्रवंषी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन 5 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल को महिला दिवस पर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसी



प्रकार महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम की महिला कर्मचारी सर्ववंदना जाघव, राजश्रीवास, रोमा तिवारी, रूही आफरीन, स्वाती साहू, शीला शर्मा, रीना पाटले, जयंती दुर्गा, उषा बघेल, मनीषा मेहरकुरे, पुनम भुटानी, मोनिका यादव, माधुरी खलको, नीलम सहारे, श्वेता शिन्दे, माया वर्मा, रूचिका मिश्रा, निवृत्ति गौतम, प्रियंका शर्मा, अंजली बारले, प्रमिला भारती, सिम्मी भारती, सरस्वती यादव, रचना मोहंती, विनिता जायसवाल, अंजली मालवीय, गायत्री देवांगन, उषा सिंदूर, सुसंजना हलदार, प्रिया बसंती तिवारी को स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर महिला दिवस पर सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाईयां दी । महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप को अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव ने श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया। महापौर मीनल चैबे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी । महापौर ने कहा कि जनता ने उन्हें महापौर निर्वाचित किया है और वे नगर निगम में महापौर के रूप में जनता के लिये कार्य करने कृत संकल्पित है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी रायपुर को सुन्दर, सुव्यवस्थित, विकसित राजधानी बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें। किसी भी महिला अधिकारी कर्मचारी को किसी भी प्रकार का भय नहीं होना चाहिए। वे स्वयं महापौर के रूप में नगर निगम के प्रत्येक महिला अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ मिलकर कार्य करने संकल्पित है।

आयुक्त विश्वदीप ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों को हार्दिक बधाईयां दी । आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यो को रायपुर जिले में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान केन्द्रों में जिस तत्परता से किया वह वास्तव में बहुत सराहनीय रहा। यहां महिलाओं ने मतदान केन्द्रों का दायित्व संभाला उन केन्द्रों से जिला निर्वाचन कार्यालय को कोई भी शिकायत किसी भी प्रकार से प्राप्त नहीं हुई।

# कबीरधाम जिले में हाई स्कूल परीक्षा में सामूहिक नकल, हुई शिकायत




पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा शुरू कर दिया है। परीक्षा को शांति पूर्ण कराने के लिए उड़नदस्ता टीम भी गठित किया गया है बावजूद नकल पर लगाम नहीं लग रहा है आखिर परेशान लोगों ने सक्षम अधिकारी से लिखित शिकायत कर नकल रोकने की मांग किया है।



## सामूहिक नकल रोकने हुई शिकायत

स्कूलों में लगातार चल रहे सामूहिक नकल को लेकर लोग परेशान है । नकल रोकने जिम्मेदार अधिकारियो को सोशल मीडिया और मोबाइल से सूचना दिए बावजूद नहीं रुकने पर परेशान ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पण्डरिया , जिला-कबीरधाम, (छ.ग.) को लिखित आवेदन दिए हैं जिसमें केन्द्राध्यक्ष द्वारा सामूहिक नकल कराने के संबंध में जानकारी देते हुए शिकायती पत्र दिए है । उसमें निवेदन पूर्वक आग्रह किए है कि छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा 2025 दिनांक 01/03/2025 से प्रारंभ है। शुरू दिन से ही यहाँ पर्यवेक्षकों द्वारा नकल कराई जा रही है। नकल कराने से होशियार , होनहार बच्चों की भविष्य के प्रति खिलवाड़ है। कड़ी मेहनत करके परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ कहीं गलत न हो इसका प्रतिभावान छात्रों पर गलत प्रभाव पड़ेगा।

## शिक्षकों पर भी लगाए आरोप

ग्रामीणों ने अपनी शिकायत पत्र में सालभर शिक्षक और शिक्षिकाए ठीक से पढ़ाई नहीं कराती हैं और अपनी गलती उजागर न हो इसलिए भी नकल कराकर उस पर पर्दा डालने का कार्य करते हैं। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत लाने की कवायद शुरू और वाह-वाही लेने के लिए आगे रहते है।घुदुरकुंडी और कोड़ापुरी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की महान कृपा करने का शिकायती पत्र दिए है।

# बिजलीकर्मियों की हड़ताल श्रम न्यायालय ने किया अवैध घोषित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

माननीय श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के 10 मार्च के प्रस्तावित एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन को अवैध घोषित कर दिया है। न्यायालय ने आज 7 मार्च की शाम को जारी आदेश में संघ व्दारा प्रस्तावित 10 मार्च को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश तथा 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन निषेधित किया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल ने बताया कि माननीय श्रम न्यायालय ङ्क 01 रायपुर, विभा पांडेय के कोर्ट में संघ के 10 मार्च के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन तथा 17 मार्च से क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन पर स्थगन देने की अपील की गई थी। पॉवर कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (4) के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है। पॉवर कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी करके विद्युत आपूर्ति जैसी लोकोपयोगी व अत्यावश्यक सेवा में कार्य की निरंतरता को बनाये रखने की अपील की है। परिपत्र में कहा गया है कि यदि कर्मचारी प्रदर्शन या हड़ताल में शामिल होता है तो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अनुसार यह कदाचरण की श्रेणी में आएगा और उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई द्वारा एक दिवसीय खेल कुंभ का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कसडोल
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई द्वारा खेलो भारत के निमित्त एकदिवसीय नगर खेल कुंभ का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न एथलेटिक खेलों में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया गोला फेक, भाला फेक,तवा फेक, कुर्सी दौड़, कबड्डी, 100 मीटर दौड़ इत्यादि, खेल शामिल थे जिनमें विभिन्न छात्र-छात्राओं से उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथी खेलों का आनंद लिया व खेलों में आए प्रथम द्वितीय छात्र-छात्राओं को एबीवीपी के



बलौदाबाजार विभाग के विभाग छात्रा प्रमुख फाल्गुनी उपस्थित रहीं, प्रधान पाठक सोनी, तुलाराम डड़सेना, प्रधान पाठिका नीतू साहू के द्वारा मेडल,शील्ड व बलौदा बाजार विभाग के विभाग छात्रा प्रमुख फाल्गुनी सोनी द्वारा तिलक लगाकर सम्मान किया गया इसमें शासकीय कन्या स्कूल पिसीद के प्रधान पाठक तुलाराम डड़सेना व साथ ही साथ गायत्री विद्यापीठ स्कूल छरछेद की प्रधान पाठिका नीतू साहू उपस्थित हुइ तथा स्पोर्ट्स टीचर भगवती प्रसाद पटेल भी शामिल हुए । खेलो में बालिका वर्ग -गोला फेक में प्रथम अर्चना, द्वितीय शीतल, तवा फेक में प्रथम शीतल, द्वितीय तानिया, भाला फेक में प्रथम तानिया, द्वितीय रूबी तथा 100 मी. दौड़ में प्रथम तानिया व द्वितीय कृतिका आयी उसी प्रकार बालक वर्ग में गोला फेक में प्रथम चंद्र प्रकाश, द्वितीय भावेश, तवा फेक में प्रथम आयुष, द्वितीय मनीष, दौड़ में प्रथम आयुष व द्वितीय दीपक आये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त है पूरे देशभर में खेलो भारत के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों को खेल से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें नगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,नगर मंत्री मलय साहू , नगर सहमंत्री अभिषेक नवरंगे, माहविद्यालय अध्यक्ष मंत्री युवराज साहू, प्रीतम,विद्यालय प्रमुख याचना पटेल, नवीन, गौतम, ओमराज,सुधांशु, मयंक भी उपस्थित रहे।

# श्रेय लेने पहुंचे बीजेपी नेता, बागी प्रत्याशियों ने बाजी मारी

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में त्रिस्तरीय पंचायत की अंतिम दिवस के दिन जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें अजीबोगरीब मामला देखने को मिला जो नगर में चर्चा का विषय बना रहा एक तरफ तो नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन था और दूसरी तरफ जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया थी मगर जिला पंचायत में तो नामांकन की प्रक्रिया में ना पार्टी सत्ताधर के लोग पहुंचे और ना ही किसी ने हुज्जतबाजी की। बीजेपी से बागी होकर लड़ी आकांक्षा जायसवाल एवं पवन साहू जिन्होंने पार्टी से विरुद्ध होकर चुनाव में भागीदारी ली मगर आज तो जिला पंचायत में भी भागीदारी ले लिए और लोगों का चर्चा का विषय तो यह है कि जो पार्टी के विरुद्ध होकर भी नामांकन की प्रक्रिया में रहे और जिनके खिलाफ किसी ने नामांकन भरने तक में साथ नहीं दिया और लिहाजा निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में प्रमाण पत्र ले लिए।

## भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े नेता पहुंचे श्रेय लेने

बलौदाबाजार के भाजपा कार्यालय में पहुंचे कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, शिवरतन शर्मा,आनंद यादव जहां पर आज कार्यकर्ताओं के बीच में गहमागहमी मची रही और लोगों ने बढ़ चढ़कर विरोध किया कि आज बड़े ही शर्मनाक बात है कि जिन्होंने पार्टी से अलग होकर और पार्टी से विमुख होकर स्वयं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म भरा मगर अध्यक्ष के लिए भी निर्दलीय उपाध्यक्ष के लिए भी निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी आखिर यह मामला हजम ही नहीं हो रहा है कि बड़े-बड़े नेता श्रेय लेने कैसे पहुंचे और कैसे प्रमाण पत्र देने के समय खड़े हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत की सूची में अपने-अपने प्रत्याशियों को अधिकृत किया था उसके बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले आज आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बन गए और वह भी निर्विरोध रूप से। भारतीय जनता पार्टी भारत की सबसे बड़ी पार्टी में गिनती जाती है मगर यहां तो भारतीय जनता पार्टी के कैबिनेट और प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष भी आज बागी प्रत्याशियों के सर पर हाथ रखने पहुंच गए क्या यह नीति और रीति आगे किस तरह कायम रहेगी क्या भारतीय जनता पार्टी आगे आगे इस पर क्या प्लेटफॉर्म तैयार करेगी क्योंकि आज जिस जगह पर भारतीय जनता पार्टी से विमुख होकर निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीतकर विजयी पताका फहराया उसे अनुशासित पार्टी ने विमुख करने के बजाय आज सर पर हाथ रख रहे हैं क्या यह पार्टी को शोभा देगी क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जब सत्ता में आई तब उन्होंने मीडिया में अवैध,गलत,गद्दारी और किसी भी तरह का गलत गतिविधियों पर कार्य करने वाली भारतीय जनता पार्टी के लोगों को कार्यवाही से बक्सा नहीं जाएगा की बात कही मगर अभी बातें कुछ और है।

## पत्रकारों ने किया शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार

जिले में एक तरफ तो बागी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बना और जिला आडिटोरियम में आज जो अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार का शपथ ग्रहण समारोह था पूरे पार्षदों के साथ वह भी पत्रकारों के नजर में खट्टा मीठा हो गया और आज पत्रकारों ने अपने मान-सम्मान की कई तरह की बातें को लेकर के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार कर दिया। भारतीय जनता पार्टी ने जो हाल ही में केवल और केवल सत्ता, केवल और केवल चुनाव जीतना ही महत्वपूर्ण रह गया है भारतीय जनता पार्टी की जो चाल,चरित्र और चेहरे की जो बात करते हैं वह सब अब खत्म हो गया है अनुशासन खत्म हो गया है जिलों में जिन्होंने बगावत करके चुनाव जीता भाजपा अब उसको प्रमाण पत्र देने के समय खड़े हैं।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभाराम पिता जयलाल चौहान जाति गांडा निवासी ग्राम भालूकोना तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पुत्र/पुत्री बुन्दाबाई चौहान का मृत्यु दिनांक 09/03/2023 को ग्राम भालूकोना में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में पुत्र/पुत्री के मृत्यु बुन्दाबाई चौहान घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 17/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

// उद्घोषणा //

क्रमांक/105/प्र./अति.तह./2025 दल्लीराजहरा, दिनांक 25/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 30/प्र.कले./2025 बालोद, दिनांक 22/01/2025 के अनुसार आवेदक श्री प्रकाशचंद जैन आ. स्व. मिश्रीलाल जैन एवं अन्य 06 हिस्सेदार जाति जैन निवासी वार्ड क्र. 25 दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा वार्ड क्र. 13 नगर पंचायत चिखलाकसा पहनं. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 641/1, 680/1 का टु., 690/1, 691/1 रकबा 4400 वर्गफीट भूमि को आवश्यक कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्री ए. रविराव पिता स्व. ए.के.राव निवासी 157-बी, 1 एम.ए. टाईप दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 12/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

# जिला पंचायत सीईओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को कलेक्टर ने दिया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com


कार्यालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 07824-222129 फैक्स क्र. 07824-222029
// कारण बताओ नोटिस //
क्रमांक/161/कले./स्टेनो/20025 बेमेतरा, दिनांक 08/03/2025
प्रति,
श्री टेकचंद अग्रवाल,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, बेमेतरा।
विषय :- कार्य पर लापरवाही बरतने के संबंध में।
—00—
दिनांक 08 मार्च, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भारत रत्ना पैलेस में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित था। उक्त कार्यक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार पत्रकार दीर्घा हेतु स्थान सुरक्षित करने निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार दीर्घा में अव्यवस्था होने से पत्रकारों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। आपके द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। सौपे गये दायित्व के निर्वहन में आपके द्वारा उदासीनता बरती गई है। उक्त कारणों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारो के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम 1(क) के विपरीत होना तथा कर्तव्य पर लापरवाही का द्योतक एवं अनुशासनहीनता का प्रतीक है।
अतएव उपरोक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। आपके प्राप्त स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
कलेक्टर, 08.03.2025
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)


कार्यालय कलेक्टर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 07824-222129 फैक्स क्र. 07824-222029
// कारण बताओ नोटिस //
क्रमांक/162/कले./स्टेनो/20025 बेमेतरा, दिनांक 08/03/2025
प्रति,
श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया,
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
जिला-बेमेतरा।
विषय :- कार्य पर लापरवाही बरतने के संबंध में।
—00—
दिनांक 08 मार्च, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भारत रत्ना पैलेस में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित था। उक्त कार्यक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार पत्रकार दीर्घा हेतु स्थान सुरक्षित करने निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार दीर्घा में अव्यवस्था होने से पत्रकारों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। आपके द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। सौपे गये दायित्व के निर्वहन में आपके द्वारा उदासीनता बरती गई है। उक्त कारणों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारो के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम 1(क) के विपरीत होना तथा कर्तव्य पर लापरवाही का द्योतक एवं अनुशासनहीनता का प्रतीक है।
अतएव उपरोक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। आपके प्राप्त स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
कलेक्टर, 08.03.2025
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्य पर लापरवाही बरतने के संबंध में जिला पंचायत सीईओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को कलेक्टर ने नोटिस जारी किया है और 24 घंटे में जवाब देने की बात कही गई है इस संबंध कलेक्टर रणबीर शर्मा दोनों अधिकारियों को अलग अलग नोटिस जारी किया है जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भारत रत्ना पैलेस में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित था। उक्त कार्यक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार पत्रकार दीर्घा हेतु स्थान सुरक्षित करने निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार दीर्घा में अव्यवस्था होने से पत्रकारों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। आपके द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। सौपे गये दायित्व के निर्वहन में आपके द्वारा उदासीनता बरती गई है। उक्त कारणों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम 1 (क) के विपरीत होना तथा कर्तव्य पर लापरवाही का द्योतक एवं अनुशासनहीनता का प्रतीक है। अतएव उपरोक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। आपके प्राप्त स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। इसी तरह चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को जारी नोटिस में कहा गया है कि दिनांक 08 मार्च, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भारत रत्ना पैलेस में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित था। उक्त कार्यक्रम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार पत्रकार दीर्घा हेतु स्थान सुरक्षित करने निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार दीर्घा में अव्यवस्था होने से पत्रकारों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

आपके द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। सौपे गये दायित्व के निर्वहन में आपके द्वारा उदासीनता बरती गई है। उक्त कारणों से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। आपका यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम 1 (क) के विपरीत होना तथा कर्तव्य पर लापरवाही का द्योतक एवं अनुशासनहीनता का प्रतीक है। अतएव उपरोक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। आपके प्राप्त स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने पर आपके विरूद्ध नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

# कोलंबिया फार्मेसी संस्थान के द्वारा एलुमनाई मीट का आयोजन





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैं इस अवसर पर हमारे साथ रहने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रमों से समय निकालने के लिए आप में से हर एक को मेरे दिल से आभार व्यक्त करता हूं, मुझे उम्मीद है कि आप वो यादें साथ लेके जायेंगे जो आपको पूरे जीवन याद रहेंगी। जाने अनजाने अपनी हरकतों से वो गुज़रा ज़माना याद दिलाते हो। समय के चक्र ने हमको,आगे ज़रूर ढकेल दिया है पर एलुमनाई मीट के चलते, तुम हमको एक बार फि र से वापस कैंपस के बहुत करीब ले आते हो यह उदगार उन सभी विद्यार्थियों के थे जो 2010 से लेकर 2024 तक की अवधि के पास्ड आउट स्टूडेंट्स का एलुमनाई मीट के जरिये आज आपस में मिले हैं। संस्था के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि एलुमनाई मीटिंग के आयोजन का मकसद पुराने पलों को पुनर्जीवित करने का है और पुराने रिश्तों का जश्न मनाने साथ-साथ नए रिश्तों का अध्याय शुरू करने से है। यह वो अवसर है जब सभी पुराने विद्यार्थी इकट्ठा होकर पुरानी यादें ताज़ा करते हैं और साथ ही अपने करियर कि उपलब्धियों को नव प्रवेशित विद्यार्थियों से साझा करते है जिससे उनमे ऊर्जा का संचार होता है, मेरा सभी अलुमनीस से अनुरोध है कि न केवल पाने लिए बल्कि अपने परिवार के लिए फाइनेंसियल लिटरेसी अर्थात बचत पर भी ध्यान दें। सचिव हरजीत सिंह हुरा ने अपने सम्बोधन में सभी एलुमनाई को उनकी विभिन्न उपलब्धियों पर बधाइयाँ देते हुए कहा हमने 2004 में डिप्लोम इन फार्मेसी से शुरुआत की थी तथा आज हमारी संस्थान में नर्सरी से लेकर पी एच डी तक के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं , उन्होंने संस्थान की सफलता का श्रेय फै कल्टी मेंबर्स को दिया जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उनके सर्वांगीण विकास को महत्व दिया जिसकी बदौलत वे आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहे हैं, आज की स्थिति यह है की फार्मेसी का कोई भी पास्ड आवर विद्यार्थी बेरोजगार नहीं है, यही स्थिति संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न संकायों की है जिसके विद्यार्थी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अच्छी पैकेज पर पदस्थ हैं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले पर्यावरण मित्र एवं संस्थान के एलुमनाई भोज कुमार साहू को संस्थान की एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से दस हजार, वोल्टिन हेल्थकेयर के गुलाब एवं सूरज द्वारा एक लाख एवं जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा पंद्रह हजार प्रदान किया गया।

# भारतीय योग संस्थान द्वारा नित्य योग साधना के लिए योग्यता परीक्षा का आयोजन





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय योग संस्थान, रायपुर के सभी 62 योग केंद्रों में होने वाले 9 मार्च को सुबह 6.30 से 7.30 बजे होने वाले निःशुल्क नित्य योग साधना हेतु जागरूकता एवं योग्यता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी केंद्रों से लगभग 1200 योग साधकों ने पंजीयन कराया है इस योग्यता परीक्षा का उद्देश्य सभी साधकों में इतनी योग्यता आ जाए कि वह एक योग प्रशिक्षक बनकर सभी को तन और मन से स्वास्थ्य करे और नित्य तो के लिए प्रेरित करे और योग के प्रति जागरूक कर सके और आसन, प्राणायाम, ध्यान की गहराइयों की जानकारी हो सके और उससे होने वाले प्रभाव और लाभ एवं उसके निषेध से अवगत करा सके। सभी योग प्रेमियों परीक्षा के लिए खूब उत्साह देखी जा रही और रोज अभ्यास के साथ रिवीजन टेस्ट, वायवा का अभ्यास किया जा रहा है। इसमें मुख्य आयोजक मुकेश सोनी, हर्षपाल मेहता, राजेश डागा, राजेश अग्रवाल है।

# 'कोरिया मोदक' - स्वस्थ मातृत्व और पोषण की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com





जिले में गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए 'कोरिया मोदक' लडडू निर्माण व वितरण की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन की दूरदर्शी सोच व पहल से योजना के अंतर्गत लगभग 2,000 गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन पोषणयुक्त मोदक लड्डू उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने कहा, कोरिया जिले की अधिकांश गर्भवती महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार की आवश्यकता है। माताओं का अच्छा स्वास्थ्य ही स्वस्थ और मजबूत अगली पीढ़ी की नींव रखता है। इसी सोच के साथ हमने 'कोरिया मोदक' लड्डू निर्माण व वितरण कार्य शुरू किया है, ताकि जच्चा और बच्चा दोनों को आवश्यक पोषण मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि, प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी जांच) गर्भावस्था के दौरान होने वाली गंभीर जटिलताओं का पता लगाने में मदद करती है, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। इसी कारण यह जांच शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है और संस्थागत प्रसव को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**स्वास्थ्य और परंपरा का अनूठा संगम** - बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम आनी में महिला स्व-सहायता समूहों की 25 महिलाएं प्रतिदिन 9,000 से 10,000 मोदक लड्डू तैयार कर रही हैं। इन लड्डुओं को सत्तू, रागी, बाजरा, ज्वार, गोंद, सोंठ, तिल, मूंगफली, इलायची और घी जैसी पौष्टिक सामग्रियों से बनाया जा रहा है। प्रत्येक लड्डू 30 ग्राम का होता है और इसमें आवश्यक प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम सहित अन्य पोषक तत्व शामिल हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

कैसे किया जा रहा है वितरण - प्रत्येक गर्भवती महिला को 15 दिन के लिए 30 मोदक लड्डू (प्रति दिन दो) दिए जाते हैं। लड्डू आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाते हैं और जो महिलाएं केंद्र तक नहीं आ सकतीं, उन्हें 'पोषण संगवारी' समूह की महिलाएं घर-घर जाकर लड्डू खिलाते हैं।

**महिला सशक्ति करण का नया माध्यम : कलेक्टर**

इस योजना से गर्भवती माताओं को पोषण तो मिल ही रहा है, साथ ही ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का नया अवसर भी मिल रहा है। कलेक्टर ने कहा, यह योजना केवल माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं।

**लड्डू सिर्फ मिठाई नहीं, यह स्वास्थ्य का प्रसाद** - कलेक्टर त्रिपाठी और सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि हमने इस विशेष लड्डू का नाम 'मोदक' इसलिए रखा है क्योंकि यह सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि आयुर्वेद में इसे औषधि के रूप में भी माना गया है। चरक संहिता में अभयादि मोदक और शतावरी मोदक का वर्णन है, जो स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। गुड़ से बना मोदक पाचन सुधारता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है।

**कोरिया मोदक से बनेगा स्वस्थ और सशक्त भविष्य** - जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, हमारी प्राथमिकता कुपोषण को जड़ से मिटाना है, साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु को जन्म से पहले ही संपूर्ण पोषण देना है ताकि वह मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सके।

# तोरण राजपूत के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'हाय पईसा' का मुहूर्त हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रसिद्ध कैमरामेन तोरण राजपूत जिसके फिल्मांकन की ख्याति बॉलीवुड के अलावा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में डंका बजता है इन्हीं के निर्देशन आज स्थानीय गड़कलेवा रेस्टोरेंट में छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकारों के बीच सादे समारोह में आज गुरुवार 6 मार्च को अष्ट विनायक एच. डी. वर्ल्ड एवं सिनेमा 36 प्रोडक्शन के बैनर तले आगामी बनने वाली निर्माणाधीन छत्तीसगढी फिल्म हाय पईसा का शुभारंभ, मुहूर्त क्लैप कार्यक्रम गढ़ कलेवा (संस्कृति विभाग परिसर) रायपुर मे किया गया है, मुहूर्त शुभ अवसर पर निर्माता, निर्देशन, कहानी, तोरण राजपूत पटकथा, संवाद, स्व. गिरवर दास मानिकपुरी का एवं गीत,मिनेश साहू का संगीत,हितेंद्र वर्मा, कैमरामैन सिद्धार्थ सिंह फिल्म की सहनिर्माता,ऐशवर्या बंजारे होगी। स्टार कास्ट मन कुरैशी, आकाश सोनी, आस्था शर्मा, हेम लाल कौशल, पप्पू चंद्राकर, पुष्पेंद्र सिंह, अजय सहाय, शिशिर तिवारी व अन्य कलाकारों के बीच सम्पन्न हुआ।

# होम्योपैथी में स्तन कैंसर को इलाज है संभव ?

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


डॉ. सर्वजीत कौर

हमारा शरीर कई प्रकार की कोशिकाओं (सेल्स) से बना हुआ है। ये कोशिकाएं विभिन्न प्रकार की होती हैं - जैसे, एपिथेलियल सेल्स, नर्व सेल्स, ब्लड सेल्स इत्यादि। हर एक कोशिकाओं का समूह किसी विशेष कार्य को संपन्न करने के लिए होता है। स्वस्थ शरीर में इन कोशिकाओं का विभाजन निरंतर होता ही रहता है, जिसकी वजह से कोशिकाओं की संख्या और आकार समय के साथ बढ़ते और विकसित होते जाते हैं।

**कैंसर में क्या होता है** - कैंसर एक ऐसा रोग है जिसमें शरीर की कोशिकाओं का विभाजन असामान्य रूप से अनियंत्रित हो जाता है और लगातार अनियमित रूप से बढ़ता और फैलता ही जाता है। धीरे -धीरे अनचाही कोशिकाएं उत्पन्न होने लगती है जो आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं पर आक्रमण करते हुए उन्हें भी नष्ट करने लगती है।

**स्तन कैंसर किन रूपों में नज़र आ सकता है ?**

सामान्यतः कभी तो कैंसर स्तन के भीतर कुछ गांठों या कड़ेपन के रूप में हो सकता है या कभी स्तन की त्वचा पर किसी प्रकार के धब्बे, मस्से, छाले, या कभी मांस के टुकड़े की तरह भी दिखाई दे सकता है। इसलिए कभी भी आपको शरीर में इस प्रकार के अजीब आकार नज़र आएं तो उन्हें नजरअंदाज न करें उसकी जांच अवश्य कराएं।

**कैंसर कितना खतरनाक** - कैंसर एक बेहद खतरनाक बीमारी है क्योंकि यह बहुत जल्दी शरीर में फैलता है। इसलिए जितनी जल्दी हो सके कैंसर डायग्नोसिस होते ही इसका इलाज तुरंत ही कराना चाहिए।

**क्या होम्योपैथिक दवाइयां स्तन कैंसर का उपचार करने में सक्षम होती है ?**

कैंसर रोग के शुरुआती स्टेज में ही अगर डायग्नोसिस हो जाए और अगर सही समय पर सही तरीके से एक कुशल होम्योपैथिक विशेषज्ञ द्वारा कैंसर रोग का उपचार लिया जाए तो बेहतर परिणाम अवश्य मिल सकते हैं।

**खास बात** - होम्योपैथी का 'ड्रग-प्रूविंग सिद्धांत' वेल- प्रूव्ड और केमिकल रहित दवाईयों पर आधारित है , जिनकी पोटेंसी को रोग की तीव्रता के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है। जीर्ण से जीर्ण रोगों में इन होम्योपैथिक दवाईयों की प्रूविंग मानव शरीर में ऑलरेडी हो चुकी है। ये विशेष दवाईयां काफी डीप एक्टिंग होती है जो कैंसर को फैलने से रोक सकती है, डैमेज्ड टिशूज़ में काफी हद तक हीलिंग कर सकती है, अफेक्टेड पार्ट्स में ब्लड सप्लाई और ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ा सकती है, साथ ही मरीज़ में स्तन कैंसर के साथ अन्य प्रेजेंट कंप्लेंट्स जैसे दर्द , सुजन, लालिमा, थकान , वेट लॉस, बुखार, नीप्पल डिस्चार्ज, ब्लीडिंग, बेचैनी, अनिद्रा, भूख , अपच इत्यादि तकलीफों को भी कंट्रोल कर सकती है।

# मैट्स यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर और आरंग परिसर ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की थीम के साथ उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मैट्स यूनिवर्सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सा पेशेवर डॉ. वीणा चंद्रवंशी दीवान, दीवान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर की निदेशक और प्रसूति एवं स्त्री रोग में सलाहकार की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह की शुरुआत प्रो-वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड, डॉ. आशा अंभाईकर, डॉ. कल्पना चंद्राकर, डॉ. रेशमा अंसारी और परविंदर कौर और डॉ. वीणा चंद्रवंशी दीवान के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसमें इस दिन के महत्व और समाज को आकार देने में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ वीणा चंद्रवंशी दीवान ने महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया, अपनी यात्रा और पेशेवर अनुभव से अंतर्दृष्टि साझा की।

## संतान-प्राप्ति की राह में पाएं विज्ञान और विशेषज्ञता का मार्गदर्शन

# संतान-सुख की ओर एक कदम : ओएसिस फर्टिलिटी इस मार्च महिलाओं का कर रहा निःशुल्क फर्टिलिटी टेस्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संतान-प्राप्ति एक ऐसी यात्रा है, जिस पर कभी अकेले नहीं चलना चाहिए। फिर भी, बहुत बार, महिलाओं से ही इस मामले में सभी उम्मीदों पर खरा उतरने की, अपने शरीर और लचीलेपन को ज्यादा से ज्यादा बेहतर बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। महिलाओं को ऐसी सलाह दी जाती है जो उन्होंने कभी नहीं मांगी और ऐसे उपाय दिए जाते हैं, जिनकी उन्हें कभी जरूरत नहीं थी। यहां तक कि स्त्री रोग विशेषज्ञ के क्लिनिक में भी,उनकी रिपोर्ट, उनकी जीवन शैली, और उनके द्वारा किए गए प्रयासों पर ही अक्सर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। लेकिन संतान-प्राप्ति के प्रयास केवल एक महिला की ज़िम्मेदारी नहीं हैं; यह एक ऐसी साझा यात्रा है, जिसमें दोनों भागीदारों को एक-दूसरे को समझने, सहारा देने और समग्र दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता होती है।

ओएसिस फर्टिलिटी पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विज्ञान समर्थित व्यापक देखभाल और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं की पेशकश करके प्रजनन यात्रा को नया स्वरूप दे रहा है। एडवांस डायग्नोस्टिक्स, विशेषज्ञ परामर्श और अत्याधुनिक उपचारों के माध्यम से, ओएसिस फर्टिलिटी महिलाओं को उनके लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है और साथ ही जोड़ों को एक साथ मिलकर संतान-प्राप्ति के प्रयासों को साकार करने हेतु प्रजनन क्षमता




विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए, ओएसिस फर्टिलिटी 1 मार्च से 31 मार्च तक भारत में अपने सभी केंद्रों में मुफ्त फर्टिलिटी टेस्ट पहल शुरू कर रहा है। इसमें मुफ्त एएमएच परीक्षण (यदि अनुशंसित हो) और ऐसे सभी प्रजनन आकलन शामिल हैं, जो प्रजनन स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। ओएसिस फर्टिलिटी, संतान-प्राप्ति हेतु प्रजनन क्षमता स्वास्थ्य से जुड़ी देखभाल के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाता है, जो दोनों भागीदारों को व्यापक सहायता प्रदान करता है और संतान-प्राप्ति की यात्रा पर आपका मार्गदर्शन करने के लिए विज्ञान के विशेषज्ञ हाथों को मौका देता है। बांझपन दुनिया भर में बढ़ती चिंता का विषय है, जिसमें 4 में से 1 बांझ दंपति भारत से आते हैं। ओएसिस फर्टिलिटी ने आईवीएफ और अन्य प्रजनन उपचारों के माध्यम से 1,00,000 से अधिक शिशुओं को जन्म देने में मदद की है। अपनी 15 साल की विशेषज्ञता के साथ, ओएसिस फर्टिलिटी ने भारत में सीएपीए इन विट्रो मैच्योरेशन (आईवीएम) की शुरुआत की है, जो पीसीओ या पीसीओडी के रोगियों के लिए फायदेमंद दवा-मुक्त आईवीएफ विकल्प है। इसके अतिरिक्त, यह प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग (पीजीटी-ए), एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी एनालिसिस (इआरए), माइक्रोफ्लुइडिक्स और माइक्रोसर्जिकल टेस्टिकुलर स्पर्म एक्सट्रैक्शन (माइक्रो टीईएसई) जैसे उन्नत समाधान प्रदान करता है, जिनका उद्देश्य स्वस्थ जैविक बच्चों को जन्म देने की संभावना को बढ़ाना है। हम महिलाओं को उनके प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में समुचित जानकारी के आधार पर उचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान, सहायता और विज्ञान-समर्थित समाधानों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा वूमन ऑफ जिंक अभियान की शुरूआत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड वूमेन ऑफ ज़िंक अभियान की शुरूआत की है। यह मेटल, माइनिंग और मेन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में महिलाओं के लिए रोमांचक कैरियर के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन की गई एक साहसिक पहल है। यह पहल एक्सप्लोरेशन, माइनिंग और स्मेल्टिंग में महिलाओं की विशाल क्षमता को दर्शाती है। पुरानी धारणाओं को चुनौती देकर पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान उद्योगों में अधिक लिंग विविधता को प्रोत्साहित करती है। एक प्रभावशाली वीडियो श्रृंखला के माध्यम से वूमेन ऑफ ज़िंक, स्लाइस ऑफ लाइफ परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। जिसमें उन महिला पेशेवरों की प्रेरक कहानियाँ शामिल हैं जो वर्तमान में हिन्दुस्तान ज़िंक में मुख्य संचालन को आकार दे रही हैं। इन अग्रदूतों के उदाहरण, अभियान न केवल मजबूत रोल मॉडल को बढ़ावा देता है बल्कि मेटल और माइनिंग को युवा महिला पेशेवरों के लिए एक आकर्षक करियर के रूप में भी स्थापित करता है। अपने मौजूदा 25 प्रतिशत लिंग विविधता अनुपात से महिला कार्यबल को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की महत्वाकांक्षा के साथ हिन्दुस्तान ज़िंक अधिक लिंग प्रतिनिधित्व और समावेशन की दिशा में अपनी यात्रा को मजबूत कर रहा है। भारत के तेजी से आर्थिक विस्तार और वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के कारण इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि होने के बावजूद, मेटल, माइनिंग और मेन्यूफैक्चरिंग में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। जैसे-जैसे दुनिया धातु-प्रधान भविष्य की ओर बढ़ रही है, हिंदुस्तान जिंक एक न्यायसंगत, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने में सबसे आगे है। वूमेन ऑफ ज़िंक अभियान दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण उद्योगों में से एक में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के लिए एक रचनात्मक सम्मान है, जो वास्तविक कहानियों का उपयोग कर बदलाव को प्रेरित करता है और अधिक महिलाओं को इस तेजी से बढ़ते, उच्च प्रभाव वाले क्षेत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है। हिन्दुस्तान ज़िंक में विविधता और समावेशन केवल आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि मुख्य व्यावसायिक अनिवार्यताएं हैं।

# नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष व पार्षदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

## सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत उतई में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू एवं पार्षदो ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की। सर्वप्रथम एसडीएम हरवंश सिंह मिरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू व सभी 15 पार्षद को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने कहा कि चुनाव लड़ना व जीतना आसान है, उसे निभाना कठिन है। सब के सहयोग से उतई में भाजपा की सरस्वती साहू अध्यक्ष बनी है। वैसे ही सबके सहयोग से विकास भी होगा। उन्होंने ट्रिपल इंजन की नगर सरकार बनाने के लिए सब का आभार जताया। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगणों को बधाई देते हुए उनसे जनकल्याण के लिए काम करने आवाहन किया ।जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर नगर पंचायत के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यो को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनीष साहू व आभार सीएमओ राजेंद्र नायक ने आभार व्यक्त किया।

**इन्होंने लिया शपथ**-नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू, पार्षद रमशिला नेताम, सोमेन्द्र सोनू राजपूत, राकेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश कुमार चंद्राकर, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, विजयलक्ष्मी साहू, द्वारिका साहू, खूबीराम साहू, शिवनारायण देशमुख, अनीता नीलम गड़े, संगीत रजक, सुनीता गौतम चंद्राकर ने शपथ लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, लालेश्वर साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा मंडल अध्यक्ष राकेश जंघेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, जीवनलाल साहू, गौरी चंद्राकर, रविंद्र वर्मा, बंटी हरमुख, चेतन साहू, पार्षद विधि यादव, पार्षद मनीष यादव, चंदू देवांगन, रूपेश पारख, पूर्व उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, टाकेश्वर साहू, विनोद हेड़ाऊ, शशिकांत वर्मा, तुकेंद्र ठाकुर, दशरथ साहू, शैलेन्द्र साहू, पूनम सपहा, नरेन्द्र निर्मलकर, एकता चंद्राकर, अनुपमा गोस्वामी, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने, केशव महिपाल, शशिकांत वर्मा, टिकेश्वरी साहू, नरेन्द्र साहू, तुलुराम साहू, भूखन पटेल, ओपी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकार, दीपक चंद्राकर, सुनीता वर्मा, रूपेश पारख, विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर, हिमांशु साहू, सुनीता चंद्राकर, राधा धीवर, बृजमोहन साहू, दानेश्वरी देशमुख, शीतल रात्रे, वैभव देवांगन, रूखमणी साहू, किरण साहू, सुषमा सिंह, वेदप्रकाश सार्वा, धर्मेंद्र यादव, पुनाराम कलिहारी, फलेंद्र सिंह राजपूत, योगेश धनकर, आशीष भगत, योगेश महिपाल, केशव महिलपाल, टीकम साहू, सुनील साहू, पार्षद रमा साहू, कंचन सिंह, खिलेशश्वरी डालेंद्र, उषा साहू, सोभना प्रधान, सुष्मा सिंह, ललिता सिंह, सोहन रिगरी , ओपी वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, कांतिलाल साहू, प्रभा साहू, दुर्गा सेन, ताकेश्वर साहू, कोमल यादव, अजीत ठाकुर, पार्षद माया यादव, रुखमनी साहू , दुर्गेश साहू, पार्षद विक्की चंद्राकर, संध्या साहू, सुरभि साहू, सुरुचि साहू, शुभम वर्मा सहित बड़ी संख्या मे नागरिक मौजूद थे।

# चेक पोस्ट लगाकर अब होगी प्रभावी चेकिंग, जिले में पुलिस के कार्यों में कसावट लाने की मैराथन बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले में पुलिस के कार्यों में कसावट लाने लगातार अपनी पद स्थापना के बाद से ही प्रयास किया है, तथा समय-समय पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी सहित पुलिस विभाग के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुखों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं, इसी श्रृंखला में अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक सक्ती द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक के सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियो की बैठक लेकर जिला में घटित एवं पूर्व से लंबित अपराध तथा बेसिक पुलिसिंग के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली गई, एवम बैठक में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, गुम बालक/बालिका, शिकायत के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को एक वर्ष से अधिक लंबित अपराध को निराकरण करने हेतु निर्देशित दिया गया, थाना क्षेत्र में लगातार अपराध घटित करने वालों को गुण्डा बदमाश की लिस्ट में लाकर कड़ाई से कार्यवाही करने निर्देशित दिया गया, थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सटटा पर कड़ाई से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, चोरी, लूट, नक़बजनी, बाईक चोरी को गंभीरता से लेते हुये तत्काल ऐसे अपराध करने वालों पर पतासाजी कर अपराध निकाल हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता पूर्वक लेते हुये तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, थाना/चौकी प्रभारियों को दुर्घटना में कमी लाने हेतु दुर्घटना जन्य क्षेत्रो को चिन्हाकित करने, दुर्घटना होने पर संवेदनशीलता के साथ घायलों को बचाने का प्रयास करने तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, भारी वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही करने एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम करने दिशा निर्देश दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने विजीबल एवं बेसिक पुलिसिंग बीट प्रणाली, ग्रामो का भ्रमण, गस्त, पेट्रोलिंग करने, संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग करने शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में सक्ती पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम ''संवाद'' एवं खाकी किडस अभियान के तहत साइबर जागरूकता स्कूल, कॉलेज में करने हेतु निर्देशित किया गया, सक्ति जिला के बार्डर चेक पोस्ट लगाकर प्रभावी चेकिंग करने का निर्देशित दिया गया, होली त्यौहार को शांति पूर्ण कराने हेतु सभी राजपत्रित एवं थाना/चौकी प्रभारियों को बदमाश किस्म के लोगों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, होटल ढाबा चेकिंग करने, लगातार पेट्रोललिंग करने निर्देशित किया गया है।

# 10 वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 कक्षा 10 वीं के विषय गणित (100) की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए सूरजपुर जिले के निर्धारित 73 परीक्षा केन्द्रों में कुल परीक्षार्थी की दर्ज संख्या-10201, उपस्थित-9863, अनुपस्थित-338 रहे। जिले में समस्त परीक्षा केंद्रो में परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई एवं कोई नकल प्रकरण दर्ज नही किया गया। भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के द्वारा निम्नांकित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741073 सेजेस/शा.बा.उ.मा.वि. रामानुजनगर, वि.ख. रामानुजनगर कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-217 उपस्थित-212 एवं अनुपस्थित-5, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741072 शा.कन्या उ.मा.वि. रामानुजनगर, वि.ख. रामानुजनगर कुल दर्ज परीक्षार्थी की संख्या-331 में से उपस्थित-324 एवं 7 अनुपस्थित, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741147 शा.उ.मा.वि. गणेशपुर में दर्ज-227 में से उपस्थित-212 एवं अनुपस्थित-15, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741060 शा.उ.मा.वि. प्रेमनगर, वि.ख. प्रेमनगर में कुल दर्ज-143 उपस्थित-143 एवं अनुपस्थित शून्य, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-741070 सेजेस प्रेमनगर वि.ख. प्रेमनगर में कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-48 में शत प्रतिशत उपस्थिति पाई गई। उक्त समस्त केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालित होना पाया गया एवं कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में बच्चे बाहर खेलते हुए मिले शिक्षक गप्प मारते हुए मिले

## भदराली स्कूल में रोजाना चार में से रोजाना एक ही शिक्षक प्रार्थना लेते हैं

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में बच्चे बाहर खेलते हुए मिले शिक्षक गप्प मारते हुए मिले भदराली स्कूल में रोजाना चार में से रोजाना एक ही शिक्षक प्रार्थना लेते हैं बाकी शिक्षक अपने मनमर्जी से शाला आते जाते हैं प्रधान पाठक कैश बुक व अन्य रिकॉर्ड अपने घर में रखते हैं। जिला अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुल पाँच कमरों में कुल 115 बच्चों में से 114 बच्चे शांतिपर्वक व सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा देते हुए मिले। समस्त कर्मचारियों को अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व अनिवार्य रूप से करने का दिशा निर्देश का पालन सुनिश्चित करें। तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भदराली, विकास खंड नवागढ़ का भी औचक निरीक्षण किया गया, बच्चे 12:50 मिनट पर बाहर खेलते हुए व प्रधान पाठक संजय प्रसाद पयासी, धनसिंह ध्रुव, नीलकंठ अनंत शिक्षक गप मारते हुए मिले तथा मात्र एक शिक्षक चंद्रशेखर पटेल शिक्षक कक्षा आठवीं में बच्चों के पढ़ाई कराते अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मिले। चार में से केवल एक शिक्षक प्रत्येक दिन प्रार्थना में उपस्थित रहते अन्य अपने मन के मर्जी से शाला पहुँचते है। स्कूल में कक्षा आठवीं में हिंदी जैसे विषयों की भी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाई है। पूछने पर पता चला कि हिंदी विषय के लिए किसी शिक्षक को प्रधान पाठक ने जवाबदेही तय नहीं किया है। समय सारणी का निर्माण भी अधूरा व गलत बनाया गया है। स्कूल की पोताई भी आज पर्यंत तक नहीं कराई गई है, जगह जगह प्लास्टर उखड़ गए हैं। पर प्रधान पाठक द्वारा अनुदान राशि का सही सही उपयोग न करने तथा समस्त कैशबुक रिकॉर्ड को घर पर रखना, गंभीर घोर लपरवाही के लिए तीनों शिक्षक तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक बलीराम ध्रुव व संकुल प्रभारी (प्राचार्य) के लिए स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

# ओमप्रकाश साहू बने ग्राम पंचायत खपरीडीह के उपसरपंच



पायनियर संवाददाता ◀ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम पंचायत खपरीडीह में शनिवार के दिन उप सरपंच का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें ग्राम पंचायत खपरीडीह के आश्रित ग्राम निवासी ओमप्रकाश साहु उप सरपंच बने मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश साहु और आरती राठौर के बीच उप सरपंच पद के लिए चुनाव हुआ जिसमें आरती राठौर को 14 बोट में कुल 6 बोट मिले वहीं ओमप्रकाश साहु को 7 बोट मिला वहीं 1 बोट रिजेक्ट होने के साथ ओमप्रकाश साहु ने 1 बोट से जीत हासिल कर ग्राम पंचायत खपरीडीह के उप सरपंच निर्वाचित हुए हैं जिसे लेकर गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है।

# कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न




पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम शासकीय महाविद्यालय लरंगसाय कॉलेज में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।नेताम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा और सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय, जिले और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित जन प्रतिनिधिगण, कॉलेज के प्राचार्य एवं शिक्षक गण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में तीसरी बार रमन अग्रवाल ने की शपथ ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं समस्त पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि बतौर रामानुजगंज के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम अध्यक्षता के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम,रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश सोनी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एसडीएम के द्वारा अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नगर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम देवेंद्र प्रधान के द्वारा तीसरी बार नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाने के उपरांत सभी 15 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष रमन अग्रवाल के शपथ ग्रहण के पश्चात प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी धनंजय पांडे के नेतृत्व में नगर के पुजारियों के समूह द्वारा शंख नाद के साथ स्वस्ति वाचन किया गया। जहां भारी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन एवं गणमान्य नागरिकों सहित महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला का सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी के वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद शीला जायसवाल को नगर पालिका उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। कार्यक्रम के अंत में रमन अग्रवाल ने सभी पार्षदों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला का सम्मान करते हुए आप सभी ने उपाध्यक्ष के रूप में एक महिला का चुनाव किया है इसके लिए आप सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। व्ही उन्होंने कहा की नगर की जनता बड़े विश्वास के साथ हम लोगों को नगर के बाग डोर सौंपा है इसके लिए हम सभी मिलजुलकर उनके आवश्यकताओं को पूर्ति करते हुए नगर विकास में अहम भूमिका निभानी होगी।

# कलेक्टर ने पी एम श्री विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज सक्ती जिले के विकासखण्ड सक्ती के वार्ड क्रमांक 1 स्थित पी.एम. श्री विद्यालय सक्ती, पी.एम. विद्यालय परसदाखुर्द एवं शासकीय हाईस्कूल परसदाखुर्द का औचक निरीक्षण किया। पी.एम.श्री विद्यालय वार्ड क्र.01 सक्ती में कलेक्टर द्वारा बच्चों से पहाड़ा पूछा गया और बच्चों द्वारा प्रश्न का त्वरित व सही जवाब दिये जाने पर उनके द्वारा खुशी जाहिर की गई। कलेक्टर पी.एम.श्री विद्यालय परसदाखुर्द के बच्चों से रूबरू हुए एवं बच्चों के शिक्षा के स्तर को परखा तथा उपस्थित सभी शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने कहा गया। तत्पश्चात कलेक्टर शासकीय हाईस्कूल परसदाखुर्द पहुंचे जहां शाला भवन व परिसर का निरीक्षण कराया गया। कलेक्टर द्वारा पी.एम.श्री अनुदान मद के तहत निर्माण एवं लघु मरम्मत के कार्यो पर प्रसन्नता जाहिर किया गया। शाला परिसर में कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधा रोपड़ किया गया। तोपनो द्वारा कक्षा 9वीं के छात्र/छात्राओं द्वारा पढ़ाई की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। कलेक्टर द्वारा अपने निरीक्षण में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित इन स्कूलों की प्रशंसा करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रा को दिये गये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एन. के. चन्द्रा, सांख्यीकीय अन्वेषक आर. के. अग्रवाल, पी.एम.नोडल अधिकारी डी.पी. पटेल सहा. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राज कुमार पटेल एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहें। शक्ति विकासखंड के शिक्षा अधिकारी केपी राठौर ने अपनी टीम के साथ वर्तमान में चल रही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया, इस दौरान गणित के पेपर दिवस ने अपनी परीक्षा निरीक्षण टीम के सदस्य अशोक राठौर, प्रिया दुबे, पायल देवांगन एवं राजकुमार पटेल के साथ परीक्षा केंद्र में पहुंचकर परीक्षा की जानकारी ली एवं व्यवस्थाओं पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन निश्चित ही हमारे जीवन को धन्य बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है-मनीषा चौहान

# ग्राम देवरहा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे जनपद अध्यक्ष मनीषा चौहान, उपाध्यक्ष उत्तरा सिदार

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर
www.dailypioneer.com



जांजगीर चांपा जिला के अंतर्गत ग्राम देवरहा (बिर्रा)में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ परमपिता परमेश्वर अखिल ब्रह्मांड के नायक कृष्ण चंद्र जी एवं राधा रानी की महान कृपा से संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा चल रहे है जिसमे कथा ब्यास महराज पंडित संजय कृष्ण महराज (गोविंदा) वाले है जिसकी शिक्षा संस्कृत विद्यालय बृंदावन धाम में किया है, अपने श्रीमुख से कथा का रसपान कराया जा रहा है, यह कथा 03 मार्च से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई, कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, छप्पन भोग कथा सुनाया जिससे श्रवण करने के लिए नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष मनीषा चौहान, जनपद उपाध्यक्ष उत्तरा सिदार, जनपद सदस्य राजेश्वरी भुवन कुम्हार,जनपद सदस्य अमृतबाई चौहान, जनपद सदस्य उत्तरा माखन कश्यप, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल डडसेना, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी दुष्यंत सिंह राज, भीमसेन जायसवाल, भुवन कुम्हार, दुर्गा प्रसाद डडसेना, राजेंद्र कुमार जायसवाल, तुषार जायसवाल, निलेश राज, मयंक वास्त्रकार पहुंचे , उन्होंने ने ब्यास पीठ से आशीर्वाद लिया और जनपद अध्यक्ष मनीषा चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन जहां पर भी हो उसका श्रवण अवश्य करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के श्रवण मात्र से हमारे जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। मैं जब भी चुनाव में प्रत्याशी बनकर रहता हु मै अपना पूरा कार्य ठाकुर ऊपर छोड़ देती हु और हमेशा मेरा मनोकामना को पूर्ण करते आ रहे है और मै आप सभी को भी बोलता हु कि जो भी व्यक्ति ठाकुर जी बांके बिहारी जी सेवा पूजा अर्चना करते है उसके सब कम पूर्ण होते है और कहा कि कथा श्रवण करने के उपरांत कहा कि प्रभु के गुणगान करने से मन में शांति एवं हृदय में शुद्धता उत्पन्न होती है, श्रीमद् भागवत कथा महापुराण हमें जीवन के सभी मार्गो को आगे बढ़ाने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है, इस मानवीय जीवन में को धन्य बनाने अपने धर्म के प्रति देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने से हमारे परिवार में शांति में वातावरण का निर्माण होता है। मनीषा चौहान ने आगे कहा कि धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन निश्चित ही हमारे जीवन को धन्य बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है। इस कथा का विश्राम 10 मार्च दिन सोमवार को तुलसी वर्षा सहस्त्र धारा कार्यक्रम होगा,जिसमे समस्त क्षेत्रवासी को कथा श्रमण करने हेतु आमंत्रित किया जा रहा आप सभी अपना समय निकाल कर कथा श्रवण करने पहुंचे, इस आयोजन को लेकर समिति के कार्यकर्ता और ग्रामवासी जुटे है।

# चांपा थाना के नए थाना प्रभारी होंगे जय प्रकाश गुप्ता



**चांपा।** जय प्रकाश गुप्ता को थाना चांपा का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के आदेशानुसार उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।जय प्रकाश गुप्ता इससे पहले बिलासपुर जिले में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विगत दो माह से वे लाइन में थे, लेकिन अब उन्हें चांपा थाना की कमान सौंपी गई है। पूर्व में चांपा थाना प्रभारी टीआई डॉ. नरेश पटेल का तबादला रायपुर हो गया है, जिसके बाद यह पद खाली हुआ। अब जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में चांपा थाना की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए यह नई नियुक्ति की गई है।

## बाराद्वार में सतीश जिंदल की राइस मिल में लगी भयंकर आग सक्ती के जिंदल वर्ल्ड स्कूल की बस भी जलकर हो गई खाक

**सक्ती।** बाराद्वार शहर में मेंन रोड में स्थित सतीश जिंदल की राइस मिल में आगजनी की बड़ी घटना घटित हो गई,इस आगजनी में जहां लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है,तो वहीं राइस मिल में रखे लगभग 646 बोरे धान के जिसका वजन लगभग 258.40 क्विंटल था, एवं हजारों की संख्या में खाली बोरे भी जलकर खाक हो गए आगजनी की घटना किस कारण से हुई है, यह जानकारी नहीं लग पाई है, तथा इस घटना में राइस मिल परिसर में खड़ी शक्ति के कंचनपुर स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल की बस जलकर खाक हो गई तथा आगजनी की घटना के बाद तत्काल पुलिस प्रशासन एवं अग्निशमन यंत्र को खबर की गई एवं सभी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज में प्रथम अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन युवक समारोह का समापन

## रंगारंग कार्यक्रम ने जीता लोगों का दिल, छात्र-छात्राओं में दिखा गजब का उत्साह












पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज रायपुर में प्रथम अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन युवक समारोह का शनिवार को समापन हो गया। शनिवार को स्कीट, सोलो, ग्रुप डांस में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार आयोजन में स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी ने हिस्सा लिया। समापन समारोह मुख्य रूप से डॉ. नीरजा अग्रवाल, डॉ. उमेश तिवारी, डॉ. तेजस नायक का विशेष योगदान सराहनीय रहा। समापन समारोह में एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर डॉ. बीरेन्द्र पटेल, इंस्टिट्यूट के डीन डॉ. विष्णु दत्त और एकेडमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी और डीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ डॉ. विनीत जैन उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय गीत, संगीत, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मल्टीपरपस हायर सेकण्डरी स्कूल पेण्ड्रा के आडिटोरियम में जिला स्तरीय गीत, संगीत, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नारी सशक्ति करण पर केन्द्रित कार्यक्रमों और 'एक नारी सब पर भारी' नारे से सभागार गुंजता रहा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 155 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पूजा-अर्चना और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा रैम्प वॉक कर तख्ती लेकर महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदन, नोनी सुरक्षा, सुकन्या समृद्धि, बेटी बचाओ, मुख्यमंत्री कन्या दान, महतारी वंदन, सक्षम, महिला कोष, लखपति दीदी, स्वच्छाग्राही आदि योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित किया गया।

## विष्णु देव की सरकार में मिला 2 लाख रुपए का ऋण, समूह की प्रगति और सदस्यों की इच्छाशक्ति को मिली मजबूती

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



निरंजना चंद्राकर जागृति महिला स्व-सहायता समूह, महासमुंद की अध्यक्ष हैं। सन 2000 से उनका समूह गठित हुआ है। उनके समूह में ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों की गृहणी महिलाएं हैं। उन्हें जोड़कर यह समूह बनाया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायता एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महिला सशक्तिकरण की नीतियों से जागृति महिला स्व-सहायता समूह समूह आगे बढ़ रहा है। इस समूह की सभी 10 सदस्य को महतारी वंदन योजना में हर माह एक हजार रुपए समय पर मिलता है। समूह की अध्यक्ष निरंजना ने बताया कि उनके समूह को लगभग 20 साल हो गए। समूह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ महिला कोष से उन्हें प्रारंभिक 5 हजार का ऋण प्राप्त हुआ। इसके बाद 10 हजार रुपए फिर एक लाख रुपए का लोन मिला। चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की ओर से उनके समूह को 2 लाख रुपए का ऋण मिला है, जिससे समूह की प्रगति और सदस्यों की इच्छाशक्ति को और अधिक मजबूती मिली है। जागृति महिला स्व-सहायता समूह छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन बनाता है, जिनमें बड़ी, पापड़, आचार, चिप्स, लड्डू, ठेठरी, खुरमी, पपची, अइरसा आदि शामिल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 : अदाणी फाउंडेशन के महिला सम्मान समारोह का विशेष आयोजन और महिलाओं का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < उदयपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने शनिवार को महिला सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम साल्ही में किया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सरगुजाजिले के उदयपुर विकासखण्ड में स्थित परसा ईस्ट केते बासन कोयला खदान के सामाजिक सहभागिता के तहत ग्राम साल्ही के खेल मैदान में वृहद स्तर पर समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सरगुजा, सूरजपुर, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर इत्यादि जिलों की 500 से अधिक महिला शक्तियोंको आमंत्रित किया गया। त्वरित कार्रवाई (Accelerate Action) की थीम पर आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्र केविधायक राजेश अग्रवाल उपस्थित थे।समारोह की शुरुआत में महिलाओं के लिए कई आकर्षक बचपन के खेल का आयोजन किया गया जैसे, गेंद से बाल्टी भरो, किस्मत का खेल, बोतल गिराओ इत्यादि ने सभी को उत्साह से भर दिया। यहां आई महिलाओं ने खेलों में भाग लेकर अपनी बचपन की यादों के ताजा होने की बात कही। इसके साथ साथ विभिन्न जिलों से आमंत्रित स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए उत्पादों के स्टॉल भी समारोह का मुख्य आकर्षण रहे जिनमें कुल आठ स्वसहायता समूहों ने हिस्सा लिया। जिनमें जागृति स्व सहायता समूह-मांढर की कास्ट्यूम ज्वेलरी, आराधना स्व सहायता समूह-उदयपुर की मशरूम उत्पादन, जय माँ महामाया स्व सहायता समूह-उदयपुर की मिक्स नमकीन, सत्य साई महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति-टेकारी की बी वैक्स, फुट क्रीम, फुल पत्ती से बनी माला, कमला स्व सहायता समूह गुमगा की साबुन, प्रकृति स्व सहायता समूह-उदयपुर आचार, पापड़, मिक्स ऑयटम, महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति-परसा मसाला, सैनटरी पैड, दुग्ध डेयरी की स्टॉलों ने भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। इसके साथ ही रायपुर से आई इम्यूनों मिलेट्स की कविता देव की स्टॉल ने लोगों को ध्यान खींचा। आंध्रा विश्वविद्यालय से एमएड गोल्ड मेडलिस्ट कविता देव एक दूरदर्शी उद्यमी, शिक्षिका और स्वास्थ्य अधिवक्ता हैं। जिन्होंने पिछले सात वर्षों से कृषि और बाजरा व्यवसाय में एक प्रेरक उद्यमशीलता की यात्रा शुरू की है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स एक प्रकार के अनाज होते हैं जो कि गेहूं, चावल, और जौ के समान होते हैं, लेकिन इनमें अन्य अनूपचारिक अनाजों के मुकाबले अधिक पोषण और स्वास्थ्य लाभहोते हैं। विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में मिलेट्स की कृषि बड़े पैमाने पर की जाती है। जबकि छत्तीसगढ़ में इसके कई प्रकार होते हैं,जैसे कि ज्वार, बाजरा, रागी, और फूड मिलेट्स इत्यादि। इसके साथ ही राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के चीफ इंजीनियर बाबूलाल वर्मा, अदाणी इंटरप्राइसेस के चीफ ऑफ क्लस्टर मनोज कुमार शाही , क्लस्टर एचआर हेड राम द्विवेदी, व अन्य अधिकारीगण, अदाणी फाउंडेशन की समस्त टीम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403